हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • शनिवार • 13.12.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 138 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## अवैध कफ सीरप मामले में रांची सहित देश में 25 ठिकानों पर ईडी का छापा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** 11000 करोड़ रुपये के अवैध कफ सीरप मामले में पीएमएल अधिनियम के तहत जांच कर रही ईडी की टीम ने रांची के तुपुदाना सहित देश के 25 ठिकानों पर शुक्रवार की सुबह से ही छापेमारी की।

यह छापेमारी ईडी के लखनऊ स्थित जोनल कार्यालय में दर्ज इंफोर्समेंट केस इफार्मेशन रिपोर्ट (ईसीआइआर) के आधार पर हुई है। रांची के तुपुदाना के औद्योगिक क्षेत्र स्थित शैली ट्रेडर्स में ईडी की टीम को बड़ी संख्या में दस्तावेज, डिजिटल उपकरण व दवाएं मिलीं हैं, जिसका ईडी सत्यापन कर रही है। इसके संचालक भोला प्रसाद हैं, जिनके तुपुदाना स्थित एक फ्लैट में भी ईडी की टीम पहुंची थी। भोला प्रसाद उत्तर प्रदेश की बनारस पुलिस में दर्ज प्राथमिकी में भी आरोपित हैं। वे अवैध कफ सीरप मामले के मुख्य आरोपित शुभम जायसवाल के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं।

उन्होंने भिलाई केमिकल के संचालक जगन्नाथ साहू से तुपुदाना औद्योगिक क्षेत्र स्थित उक्त प्रतिष्ठान को किराए पर लिया था। यहां पिछले दिनों बनारस पुलिसने भी छापेमारी की थी, लेकिन कफ सीरप की बरामदगी दूसरे ठिकाने से हुई थी। इस प्रकरण में एक दिन पहले तुपुदाना ओपी में औषधि नियंत्रक शैल अंबष्ट के बयान पर भी भोला प्रसाद के विरुद्ध लिखित शिकायत की गई है। दूसरी ओर से भोला प्रसाद ने भी आनलाइन शिकायत कर औषधि विभाग के विरुद्ध 20 लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है।

अवैध कफ सिरप मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी लखनऊ के नेतृत्व में ईडी के अधिकारियों की टीम तीन राज्यों में छापेमारी कर रही है। जिन 25 ठिकानों पर छापेमारी चल रही है, उनमें उत्तर प्रदेश के लखनऊ, बनारस, जौनपुर, सहारनपुर, झारखंड के रांची व गुजरात के अहमदाबाद स्थित ठिकाने शामिल हैं।

ये ठिकाने अवैध कफ सीरप मामले के मुख्य आरोपित शुभम जायसवाल, उनके सहयोगी आलोक सिंह, अमित सिंह व अन्य आरोपित, कफ सीरप निमार्ता जिन्होंने जालसाजी कर कफ सीरप का अवैध कारोबार किया और आपूर्ति की, चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु अग्रवाल से संबंधित हैं। ईडी ने दो माह के भीतर दर्ज 30 से अधिक प्राथमिकियों के आधार पर ईसीआइआर किया है।

ये प्राथमिकियां उत्तर प्रदेश के लखनऊ, बनारस, सोनभद्र, सहारनपुर, गाजियाबाद में दर्ज हैं। ये प्राथमिकियां कफ सीरप के अवैध भंडारण, परिवहन, सीमा पार व्यवसाय, कोडिन आधारित कफ सीरप के मामले में दर्ज हैं।

### धनबाद में ईडी ने कोयला कारोबारियों के कई ठिकानों पर की छापेमारी

**धनबाद :** ईडी की टीम धनबाद में कोयला कारोबार से जुड़े कई प्रमुख कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। ईडी ने धनसार स्थित कोयला आउटसोर्सिंग कंपनी डेको के संचालक मनोज अग्रवाल और कंपनी के निदेशक ए.एन. झा के आवास सहित कई ठिकानों पर दस्तावेजों और रिकॉर्ड की विस्तृत जांच शुरू की है। ईडी की टीम ने सुधीर चौटाला और इंद्रराज भदौरिया के ठिकानों पर भी तलाशी अभियान तेज कर दिया है। मनोज अग्रवाल न केवल डेको आउटसोर्सिंग कंपनी के संचालक हैं, बल्कि कोयला परिवहन कार्य से भी जुड़े हुए हैं। ईडी की यह कार्रवाई कोयला के अवैध कारोबार और उससे जुड़े मनी लांड्रिंग मामले की जांच का हिस्सा मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि 21 नवंबर को ईडी ने कोयला कारोबारी दीपक पोद्दार सहित कई अन्य कारोबारियों के आवास और कार्यालयों पर भी छापेमारी की थी। उस दौरान कोलकाता ईडी की टीम भी शामिल थी, जो पश्चिम बंगाल के ठिकानों पर कार्रवाई कर रही थी। उस छापेमारी में ईडी को कई करोड़ रुपये, महत्वपूर्ण दस्तावेज और चल-अचल संपत्तियों के अहम सबूत मिले थे।

## झारखंड में मड़ुआ क्रांति शुरू, 32,911 किसानों के खातों में पहुंचा ₹15.63 करोड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में मोटे अनाज को प्रोत्साहन के लिए झारखंड मिलेट मिशन का नया नाम झारखंड मड़ुआ क्रांति रखने की घोषणा कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची स्थित पशुपालन निदेशालय के सभागार में आयोजित लाभुक प्रोत्साहन राशि हस्तांतरण कार्यक्रम के दौरान की। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में मड़ुआ के प्रति बढ़ती रुचि और किसानों की स्वीकार्यता को देखते हुए यह बदलाव किसान हित में किया गया है।

कार्यक्रम में मंत्री ने राज्य के 32,911 किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 15 करोड 63 लाख 24 हजार 900 रुपये की प्रोत्साहन राशि ऑनलाइन हस्तांतरित की। विभागीय आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024-25 में 18 हजार किसानों को मोटे अनाज की खेती पर प्रोत्साहन राशि का लाभ मिला था। मंत्री ने कहा कि अब लक्ष्य 60 हजार किसानों तक इस लाभ को पहुंचाने का लक्ष्य है। पहले जहां 20 हजार हेक्टेयर में मड़ुआ की खेती होती थी, वहीं आज यह बढ़कर एक लाख हेक्टेयर को पार कर चुका है। उन्होंने कहा कि मड़ुआ की खेती में दूसरे फसलों की तुलना में मुनाफा अधिक है।

मंत्री ने बताया कि धान अधिप्राप्ति केंद्र की तर्ज पर अब मड़ुआ अधिप्राप्ति केंद्र भी स्थापित किए जा रहे हैं। पहले चरण में गुमला, सिमडेगा और खूंटी जिलों को चिन्हित किया गया है। इन जिलों के 17 लैंप्स-पैक्स केंद्रों के माध्यम से किसानों से मड़ुआ की खरीद की जाएगी। आगामी एक सप्ताह में इस सुविधा के शुरू होने की उम्मीद जताई गई। मंत्री ने बताया कि मड़ुआ का दर बाजार मूल्य के आधार पर तय किया जाएगा। विभाग मड़ुआ की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर तैयार उत्पादों को अस्पताल, स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचाने की योजना पर भी काम कर रहा है। मंत्री ने कहा कि बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गलत आंकड़ा देने की शिकायतें मिली हैं। इसकी जांच कराई जा रही है और पुष्टि होने पर संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम में कृषि निदेशक भोर सिंह यादव, समिति के निदेशक विकास कुमार, उद्यान विभाग संयुक्त निदेशक शशि भूषण अग्रवाल, विभागीय अधिकारी तथा दुमका, रांची, खूंटी सहित अन्य जिलों के किसान मौजूद थे।

## एक नजर

### इंडिगो संकट : डीजीसीए ने 4 उड़ान संचालन निरीक्षकों को किया पदमुक्त

**नयी दिल्ली :** देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के संकट के 11 वें दिन नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को चार उड़ान संचालन निरीक्षकों (एफओआई) को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया। इसके बाद ये सभी अधिकारी अपने मूल कंपनियों में वापस लौट जाएंगे। डीजीसीए द्वारा हटाए गए एफओआई में ऋषभ राज चटर्जी (संविदा सहायक मुख्य उड़ान संचालन निरीक्षक), सीमा झामनानी (वरिष्ठ उड़ान संचालन निरीक्षक), अनिल कुमार पोखरियाल और प्रियम कौशिक शामिल हैं। आदेश में इन निरीक्षकों के सरकारी ई-मेल और ई-ऑफिस खातों को तत्काल निष्क्रिय करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सुकमा में 33 लाख के 10 इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा :** छत्तीसगढ़ के सुकमा में पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज के समक्ष शुक्रवार को 33 लाख के इनामी 10 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इस अवसा पर डीआईजी सीआरपीएफ आनंद सिंह कलेक्टर देवेश ध्रुव, एसपी किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक सुकमा, सर्व आदिवासी पदाधिकारी सहित समाज-प्रमुखों, पुलिस अधिकारियों और बड़ी संख्या में जवान उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ शासन एवं भारत सरकार की मंशा के अनुरूप स्थानीय समाज, पुलिस, स्थानीय प्रशासन तथा सुरक्षा बल-क्षेत्र में शांति स्थापित करने, पुनर्वास सुनिश्चित करने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने की दिशा में शुक्रवार को जिला सुकमा में एक महत्त्वपूर्ण सफलता मिली। पुनर्वास से पुनर्जीवन पहल के अंतर्गत सुकमा में कुल 10 माओवादी कैडर, जिनमें 06 महिला माओवादी भी शामिल हैं।

## पूर्व गृहमंत्री और कांग्रेस नेता शिवराज पाटिल नहीं रहे, राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने जताया शोक



### तमाम नेताओं ने शोक व्यक्त किया

**नयी दिल्ली :** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीयमंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और प्रियंका गांधी वाड्रा सहित तमाम नेताओं शोक व्यक्त किया। इन नेताओं ने एक्स पर पाटिल के लंबी अवधि के सार्वजनिक जीवन को, लोकसभा अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल और सांसद के रूप में उनके योगदान को याद किया और उनके परिवार, शुभचिंतकों एवं अनुयायियों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

एजेंसी

**लातूर :** पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री और कांग्रेस नेता शिवराज पाटिल का शुक्रवार सुबह लातूर में उनके आवास पर निधन हो गया। 90 वर्षीय पाटिल ने अपने घर पर आखिरी सांस ली। वह कुछ समय से अवस्थ थे। उनके परिवार के एक सदस्य ने यह जानकारी दी। उनका जन्म 12 अक्टूबर, 1935 को महाराष्ट्र के लातूर जिले के चाकुर गांव में हुआ था। भारतीय राजनीति में एक हस्ती के रूप में उन्हें संसद, केंद्र सरकार और राज्य विधानसभाओं में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों वाले अपने लंबे और प्रतिष्ठित करियर के लिए याद किया जाता है। पाटिल ने लोकसभा के 10वें अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और सार्वजनिक जीवन में चार दशकों से अधिक समय तक कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे।

राष्ट्रपति मुर्मूने कहा कि पाटिल एक प्रमुख सार्वजनिक हस्ती थे, जिन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में लोकसभा अध्यक्ष, केंद्रीयमंत्री, राज्यपाल और सांसद जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। उन्होंने उनके परिवार, शुभचिंतकों और अनुयायियों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की।

प्रधानमंत्री ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवराज पाटिल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पाटिल ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में समाज और राष्ट्र सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि शिवराज पाटिल का जाना राजनीति और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने पाटिल के साथ अपने वर्षों पुराने अनेक संवादों को याद किया और बताया कि कुछ महीने पहले पाटिल ने उनके आवास पर मुलाकात भी की थी।

## आंध्र प्रदेश में बस घाटी में गिरी, नौ यात्रियों की मौत



एजेंसी

**आंध्र प्रदेश :** आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिला में शुक्रवार सुबह मारेडुमिली घाट रोड पर बस हादसे में बड़ी जनहानि होने का अंदेशा है। घटनास्थल पर नौ लोगों की मृत्यु और अन्य दस के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि हुई है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

बताया गया है कि हादसाग्रस्त चित्तूर जिले के विग्नेश्वरा ट्रैवल्स की बस (एपी 39 यूएम 6543) में 37 यात्री और दो चालक थे। यह बस भद्राचलम से अराकू जा रही थी। मारेडुमिली घाटु रोड पर राजू गारी मेट्टू मोड़ के पास यह बस बेकाबू होकर घाटी में गिर गई। सूचना मिलते ही आसपास के लोग पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। घायलों को बेहतर इलाज के लिए भद्राचलम एरिया हॉस्पिटल ले जाया गया।

लोगों का कहना है कि यह बस छह दिसंबर की रात नौ बजे तीर्थयात्रा के लिए निकली थी। तीर्थयात्रा का आयोजन चित्तूर शहर के राममूर्ति नाम के एक एजेंट ने किया था। भद्राचलम के दर्शन पूर्ण करने के बाद बस अन्नावरम जा रही थी। यात्रियों की पहचान चित्तूर जिले के निवासियों के तौर पर हुई है।

यह हादसा जहां हुआ, वह पहाड़ी इलाका है। कहा जा रहा है कि घाट रोड पर बर्फ जमा होने के कारण बस फिसल कर घाटी में गिर गई। हादसे में मरने वाले सभी लोग 50 वर्ष की आयु से अधिक बताए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने बस हादसे पर दुख जताया है। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि घायलों को चिंतूर हॉस्पिटल स्थानांतरित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने जिले के वरिष्ठ राजस्व अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर अभियान को तेज करने का आदेश दिया है। मंत्री नारा लोकेश और गृहमंत्री अनीता ने हादसे पर गहरा दुख जताया है।

अधिकारियों ने कहा कि अब तक दो मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। मृतकों में श्रीकला, सुनंदा ,शिव शंकर रेड्डी, उमा रेड्डी ,कृष्णा कुमारी रघुरा मधु और पुंगुला प्रसाद शामिल हैं। इनमें पांच महिलाएं हैं।

### प्रधानमंत्री ने जताया शोक, आर्थिक सहायता देने की घोषणा की



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में हुए बस हादसे में नौ लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों को 50,000 रुपये देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स हैंडल पोस्ट में कहा कि प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में हुए बस हादसे में जान गंवाने वालों से बेहद दुखी हूं। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। प्रत्येक मृतक के परिजन को पीएमएनआरएफ से दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। राज्य प्रशासन राहत एवं बचाव कार्यों में जुटा हुआ है।

## 2027 में होने वाली जनगणना के लिए कैबिनेट ने दी 11718 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कैबिनेट ने शुक्रवार को तीन महत्वपूर्ण फैसलों का मंजूरी दी। कैबिनेट ने जनगणना के लिए 11,718 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कोयला लिंकेज नीति में सुधार के लिए कोलसेटू नीति को भी मंजूरी दी है। सरकार ने खोपरा 2025 सीजन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को भी नीतिगत मंजूरी दे दी है।

कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जनगणना 2027 की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि विश्व का सबसे बड़ा प्रशासनिक और सांख्यिकीय अभ्यास होगा। जनगणना 2027 अब तक की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी। जनगणना केंद्र का विषय है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश में जनगणना अधिनियम, 1948 और जनगणना नियम, 1990 के तहत इसे किया जाता है। पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। कोविड महामारी के कारण जनगणना 2021 आयोजित नहीं की जा सकी। इससे पहले 16 जून 2025 को जनगणना 2027 की राजपत्र अधिसूचना जारी की गई। जनगणना 2027 की अनुमानित लागत 11,718 करोड़ रुपये होगी।

### दो चरणों में होगी जनगणना

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि जनगणना की संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 को 00:00 बजे होगी। बर्फ से ढके क्षेत्रों के लिए यह तिथि 1 अक्तूबर 2026 को 00:00 बजे होगी। वैष्णव ने कहा, जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण और आवास जनगणना होगी। इसे अप्रैल से सितंबर 2026 तक अंजाम दिया जाएगा। दूसरे चरण में जनसंख्या की गिनती होगी। यह फरवरी 2027 से शुरू होगी। बर्फ से ढके क्षेत्रों में सितंबर 2026 से शुरू होगी।

### 30 लाख लोग जनगणना को देंगे अंजाम

उन्होंने बताया कि इस बार स्व-गणना का भी विकल्प प्रदान किया जाएगा। जनगणना-एक-सेवा विभिन्न मंत्रालयों/राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों को उपयोगकर्ता के अनुकूल, मशीन-पठनीय और कार्रवाई योग्य प्रारूप में डैशबोर्ड जैसी सुविधाओं के साथ डेटा उपलब्ध कराएगी। जनगणना के दौरान राष्ट्रव्यापी जागरूकता, समावेशी भागीदारी, अंतिम छोर तक जुड़ाव और जमीनी कार्यों के समर्थन के लिए लक्षित और व्यापक प्रचार अभियान चलाया जाएगा। इस कार्य में लगभग 30 लाख जमीनी कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### कोयले से जुड़ी सुधार नीति को कैबिनेट की मंजूरी

केंद्रीय कैबिनेट ने 'कोयला लिंकेज नीति में सुधारः कोलएसईटीयू' को भी नीतिगत मंजूरी दी है। वैष्णव ने कहा, भारत कोयले के मामले में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। 2020 में कोयले का वाणिज्यिक खनन शुरू हुआ, जिससे घरेलू कोयले की उपलब्धता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। भारत ने 2024-25 में पहली बार एक वर्ष में 1 अरब टन कोयले के उत्पादन का आंकड़ा पार किया।

## सावरकर की प्रतिमा का अमित शाह और मोहन भागवत ने किया अनावरण



एजेंसी

**अंडमान :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व मोहन भागवत ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में विनायक दामोदर सावरकर की प्रतिमा का अनावरण किया। मूर्ति को दक्षिण अंडमान जिले के एक पार्क में स्थापित किया गया है। विनायक दामोदर सावरकर की कविता 'सागर प्राण तलमलाला' के 115 साल पूरे होने पर शाह ने कहा, 'अंडमान और निकोबार सिर्फ आइलैंड्स की एक चेन नहीं है। यह कई स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, समर्पण और देशभक्ति से बनी एक तपोभूमि है। यहां कई लोगों ने अपनी जान दी।' अमित शाह ने कहा कि मैंने सेलुलर जेल का रिकॉर्ड बहुत डिटेल में पढ़ा है, सिर्फ 2 प्रांत ऐसे हैं जिनके स्वतंत्रता सेनानियों को यहां फांसी नहीं दी गई।' उन्होंने कहा कि यह एक बहुत बड़ा मौका है, इस तपोभूमि पर वीर सावरकर की इंसानी कद की मूर्ति का अनावरण किया गया। इसका अनावरण उस संगठन के सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया जो एक तरह से सावरकर की विचारधारा को सही मायने में आगे बढ़ा रहा है।

## एक नजर

### होमगार्ड के बेटे ने रचा कीर्तिमान, बना प्रखंड कल्याण पदाधिकारी

**बरही :** हजारीबाग जिला के कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत खपरियावां गांव के रहने वाले होमगार्ड जवान (सेवानिवृत्त) अजीत कुमार मिश्र के पुत्र अंकित कुमार मिश्र ने कड़ी मेहनत और निरंतर संघर्ष के बल पर बड़ी सफलता हासिल की है। उनका चयन JSSC CGL 2023 परीक्षा में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के पद पर हुआ है। परिवार और पूरे इलाके में इस खबर से खुशी की लहर दौड़ गई है। अंकित की सफलता की यात्रा भी प्रेरणादायक रही है। बताया जाता है कि वर्ष 2023 के मई महीने में उन्होंने अपनी पहली नौकरी भारतीय रेलवे में ज्वाइन की थी। करीब छह महीने रेलवे में सेवा देने के बाद उनका चयन SSC CGL के माध्यम से सेंट्रल सर्विस -पोस्टल असिस्टेंट (भारतीय डाक सेवा) में हुआ, जहां उन्होंने क्लर्क के रूप में ज्वाइन किया। नौकरी में रहते हुए भी उन्होंने लगातार पढ़ाई जारी रखी और अंततः JSSC CGL में शानदार सफलता हासिल की। अंकित के पिता अजीत कुमार मिश्र 31 दिसंबर 2024 को होमगार्ड सेवा से सेवानिवृत्त हुए हैं।

### अंचल की ओर से अलाव व्यवस्था कराई गई



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड में कड़ाके की ठंड पड़ रही है । इन दिनों प्रखंड में न्यूनतम तापमान अहले सुबह 7 -8 डिग्री सेल्सियस तापमान देखी जा रही है। सुबह-सुबह ठंड के कारण लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। कई लोग तो ठंड से बचने के लिए मॉर्निंग वॉक भी करना बंद कर दिए हैं। सूर्य ढलते ही कनकनी के साथ ठंड बढ़ जाती है। हालात को देखते हुए बड़का गांव अंचलाधिकारी मनोज कुमार के निदेर्शानुसार अंचल कार्यालय की ओर से प्रखंड के तीन प्रमुख स्थानों में अलाव की व्यवस्था कराई गई है। ताकि राहगीरों को ठंड से बचाया जा सके। बड़कागांव अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बड़कागांव थाना परिसर, एवं बड़कागांव मुख्य चौक पर अलाव की व्यवस्था कराई गई है। बड़कागांव बैंक ऑफ इंडिया के पास अलाव की व्यवस्था कराई जाएगी।

### दनुआ घाटी में रिफाइन तेल से भरी पिकअप पलटी



**चौपारण :** दनुआ घाटी में शुक्रवार को हथिया बाबा मंदिर के पास रिफाइन तेल से भरी एक पिकअप अनियंत्रित होकर अचानक पलट गई। बताया जाता है कि पिकअप बरही से रफीगंज (बिहार) की ओर जा रही थी, तभी मोड़ पर चालक का नियंत्रण टूट गया और वाहन सड़क किनारे पलट गया। जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। इसी बीच चौपारण पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने पिकअप वाहन एवं उसमें लदे रिफाइन तेल को कब्जे में ले लिया। वाहन पलटने के कारण घाटी में कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई थी, लेकिन प्रशासन की तत्परता से यातायात को सुचारू कर दिया गया। पुलिस की सक्रियता से बड़ी अव्यवस्था और संभावित अफरा-तफरी की स्थिति पर विराम लग गया।

# अनाज घोटाला, जॉब कार्ड वसूली और दीदी बाड़ी में घूसखोरी पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** चुरचू प्रखंड मुख्यालय में सुबह से ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी रही। ग्रामीण प्रशासन के पास जमा किए गए अनाज के वितरण की उम्मीद में पहुंचे थे, जबकि कई लोग अपनी विभिन्न शिकायतों को लेकर भी एकजुट हुए। प्रखंड मुख्यालय के निकट ग्रामीणों ने पहले जमकर नारेबाजी की और अनाज की कथित कालाबाजारी में आरोपित कृषि पदाधिकारी काशीनाथ गुप्ता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।ग्रामीणों ने बताया कि जॉब कार्ड निर्गत करने के नाम पर रोजगार सेवक द्वारा पूरे क्षेत्र में अवैध रूप से 400 से 500 रुपये तक की वसूली की गई है। इस तरह की कई घटनाएं सामने आने पर ग्रामीणों ने कृषि पदाधिकारी और रोजगार सेवक दोनों के विरुद्ध प्रखंड मुख्यालय परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। नारेबाजी के बाद ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम के चेंबर में पहुंचा। जहां उन्होंने एक-एक कर अपनी समस्याओं को सामने रखा। ग्रामीणों ने बताया कि जिस अनाज को ग्रामीणों ने पकड़ा था और जो फिलहाल थाने में रखा गया है, उसका वितरण जल्द से जल्द किया जाए और कृषि पदाधिकारी पर विभागीय कार्रवाई की जाए।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दीदी बाड़ी योजना, जिसकी स्वीकृति राशि 28,000 रुपये है, उसे स्वीकृत कराने के एवज में रोजगार सेवक द्वारा 8,000 रुपये की मांग की जा रही है। इतना ही नहीं, योजना के जिओ टैगिंग के नाम पर भी 500 रुपये तक वसूली की गई है। इन सभी गंभीर आरोपों को ग्रामीणों ने बीडीओ के समक्ष रखा।प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम ने ग्रामीणों को बताया कि कृषि पदाधिकारी काशीनाथ गुप्ता को विभाग द्वारा शो-कॉज नोटिस जारी किया जा चुका है।और आगे की कार्रवाई विभागीय जांच के आधार पर की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जॉब कार्ड पूरी तरह निःशुल्क है और इसके लिए किसी भी ग्रामीण को कोई पैसा नहीं देना चाहिए। साथ ही, दीदी बाड़ी योजना में 8,000 रुपये की कथित मांग और जिओ टैगिंग शुल्क की शिकायत को भी गंभीरता से लेते हुए उन्होंने सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।बीडीओ ने कहा कि रोजगार सेवक द्वारा की गई अवैध वसूली की उन्हें जानकारी नहीं थी, लेकिन अब इस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशासन के कब्जे में रखा गया गेहूं और अन्य सामग्री सोमवार तक उनकी निगरानी में ग्रामीणों के बीच वितरित कर दिया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और हर शिकायत पर नियमानुसार कार्रवाई अवश्य की जाएगी।ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश के बीच अब देखने वाली बात यह होगी कि भ्रष्टाचार के इन मामलों पर प्रशासन कितनी तेजी से कार्रवाई करता है और ग्रामीणों को न्याय कब तक मिलता है।

## करियातपुर पंचायत में बीडीओ ने पीएम आवास सर्वे का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने शुक्रवार को करियातपुर पंचायत का क्षेत्रीय भ्रमण कर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2.0 के सर्वे कार्य का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वे की प्रगति, लाभुकों के चयन तथा आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता की जानकारी ली। बीडीओ ने संबंधित पदाधिकारियों को पारदर्शिता एवं सटीकता के साथ सर्वे कार्य पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि वास्तविक लाभुकों को योजना का लाभ मिल सके। इस मौके पर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, पंचायत सचिव राजेंद्र मिश्र, आवास प्रभारी कमलेश भारती सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। इस दौरान ग्रामीणों ने भी सर्वे से संबंधित अपनी बातों और समस्याओं को बीडीओ के सामने रखा, जिस पर उन्होंने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## निजी लाभ लेकर रौशन लाल से स्थानीय लोगों का करवा रहे हैं दमन : अंबा प्रसाद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बडकागांव :** बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी के पतरातू स्थित आवास के लिए एनटीपीसी द्वारा जारी किए गए 12 लाख रुपये के टेंडर निकाला गया है। मामले को लेकर बड़कागांव की पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद ने हजारीबाग के हुडहुडू स्थित अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर वर्तमान विधायक रौशन लाल चौधरी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़कागांव की क्षेत्र के लोग खनन कम्पनियों द्वारा बेघर किए जा रहे हैं, नौकरी से वंचित किए जा रहे हैं, कटऑफ डेट की समस्या का समाधान निकल नहीं रहा है, आए दिन सड़क हादसे में लोग अपनी जान दे रहे हैं एवं कई गंभीर समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन स्थानीय विधायक इन मुद्दों को लेकर क्षेत्र के लोगों को सहयोग न करके कंपनी को सहयोग दे रहे हैं और उनसे सहयोग ले रहे हैं। अंबा प्रसाद ने कहा कि विधायक बनने के एक वर्ष बाद भी रौशन लाल चौधरी कोई नई विकास योजनाएं क्षेत्र में नहीं ला सके हैं। उन्होंने बताया कि जिन कार्यों की चर्चा वह आज कर रहे हैं, वे सभी पुराने प्रोजेक्ट हैं, जिन्हें नए काम के रूप में पेश किया जा रहा है। उन्होंने इसे जनता के साथ छल बताते हुए कहा कि विकास के नाम पर बड़कागांव आज शून्य पर पहुंच गया है। पूर्व विधायक ने एनटीपीसी की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कंपनी केवल कोयला ढुलाई पर फोकस कर रही है और स्थानीय हितों की अनदेखी की जा रही है। विस्थापित परिवार अपनी बुनियादी समस्याओं को लेकर परेशान हैं, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि बड़कागांव को जिस स्तर पर उन्होंने छोड़ा था, आज भी स्थिति वही है और एक भी महत्वपूर्ण विकास कार्य आगे नहीं बढ़ा है। अंबा प्रसाद ने आरोप लगाया कि वर्तमान विधायक जनता के बीच रहकर समस्याओं को समझने और हल निकालने के बजाय सिर्फ कंपनी के हित संरक्षण में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि की प्राथमिकता जनता होनी चाहिए, न कि निजी लाभ। पूर्व विधायक ने इस मुद्दे को लेकर जनता से जागरूक होने की अपील की और कहा कि क्षेत्र के विकास, विस्थापितों के अधिकार और युवाओं के भविष्य के लिए जनआंदोलन आवश्यक हो गया है।

## 11 जनवरी आयोजित होगा राष्ट्रीय मानवाधिकार सेमिनार, तैयारी को लेकर हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की ओर से आगामी 11 जनवरी दिन रविवार को कोडरमा के उरवा स्थित सिल्वर लेक व्यू रिसॉर्ट में राष्ट्रीय मानवाधिकार सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से आयोजन कमेटी की बैठक तिलैया रोड स्थित उजैना होटल में प्रदेश प्रभारी मुकुंद साव की अध्यक्षता में हुई। संचालन कोडरमा जिला अध्यक्ष धीरज कुमार ने किया। प्रदेश संयोजक भरत यादव एवं प्रदेश संगठन सचिव बिपिन बिहारी पांडेय मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में राष्ट्रीय सेमिनार की स्वरूप, कार्यक्रम में भोजन की व्यस्था, कोष को व्यवस्था, अतिथियों के आमंत्रण तथा उनका स्वागत के साथ साथ कार्यक्रम की समय सारिणी पर गहन चर्चा की गई। बैठक में बरही, कोडरमा एवं कार्यक्रम स्थल पर होर्डिंग बैनर लगाने का निर्णय लिया गया। प्रदेश प्रभारी मुकुंद साव ने कहा कि संगठन को ऐतिहासिक बनाना है। इसके लिए हजारीबाग एवं कोडरमा के कार्यकताओं की भूमिका अहम होगी। प्रदेश संयोजक भरत यादव ने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार सेमिनार में झारखंड से बाहर राज्यों से आने वाले मानवाधिकार कार्यकताओं पदाधिकारियों को रात्रि विश्राम एवं भोजन की व्यस्था की जिम्मेवारी भी स्थानीय कार्यकताओं को लेनी होगी। प्रदेश संगठन सचिव बिपिन बिहारी पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय सेमिनार में बेहतर कार्य करने वाले मानवाधिकार साथियों को सम्मानित किया जाना चाहिए ।ताकि उनका हौसला वर्धन हो। मौके पर अनुमंडल सचिव शरीफूल हक शरीफुल हक को मानवाधिकार पट्टा को अंतिम रूप देने की जिम्मेवारी दी गई। जिला अध्यक्ष कोडरमा धीरज कुमार को कार्यक्रम का स्वरूप तथा स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम को अंतिम रूप देने की जिम्मेवारी दी गई। मौके पर मुकुंद साव, भरत यादव, बिपिन बिहारी पांडेय, धीरज कुमार, जिला सचिव मिथुन दांगी, जिला सचिव कोडरमा बिकास कुमार, अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित, सचिव शरीफुल हक, प्रखंड अध्यक्ष मो तैयब अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

## बड़कागांव में स्टंट दिखाती बीएमडब्ल्यू दुर्घटनाग्रस्त टाइल्स दुकान को दो लाख का नुकसान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव में चौक चौराहे पर अपनी बीएमडब्ल्यू कार को लोगों को दिखाने आकर्षित करना महंगा पड़ गया। हाई स्पीड में चल रहा बीएमडब्ल्यू की कार का छत खोलकर हाथ से हिला हिला कर बीएमडब्ल्यू को लोगों को दिखाने का प्रयास किया जा रहा था। इसी दरमियान बीएमडब्ल्यू कार ने गुरु चट्टी स्थित कृष्णा महतो के टाइल्स दुकान के बाहर रखी मार्बल टाइल्स में जाकर धक्का मार दिया जिसके कारण बीएमडब्ल्यू क्षतिग्रस्त तो हुआ ही, परंतु भारी मात्रा में टाइल्स और मार्बल को भी नुकसान कर गया। टाइल्स दुकानदार कृष्णा महतो के भाई बैद्यनाथ महतो ने बताया कि लगभग 200000 का टाइल्स मार्बल टूट कर क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस बीएमडब्ल्यू कार को थाना ले गई है। मामले में ड्राइवर को भी हिरासत में लिया गया है। बताते हैं चले की कार दुर्घटना होने के पूर्व बड़कागांव प्लस टू उच्च विद्यालय में भी जमकर धूल उड़ाया। यह कार बड़का गांव मुस्लिम मोहल्ला निवासी चूहा मार के यहां आने की बात बताई जा रही है। कार में DL1 CT3634 नंबर लिखी हुई है।

**हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 'डिस्चार्ज शुल्क' के नाम पर अवैध वसूली, सांसद मीडिया प्रतिनिधि ने सुप्रिटेंडेंट से की शिकायत**

# आईपीडी स्लिप में भी लिया जाता है ज्यादा शुल्क मनमानी पर लगे तत्काल रोक : रंजन चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



हजारीबाग : हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रबंधकीय लापरवाही चरम पर है। अस्पताल के अधिकांश वार्डों में मरीजों को डिस्चार्ज किए जाने पर उनसे मनमाने ढंग से 100 रुपये की अवैध वसूली की जा रही है, जिससे गरीब और सामान्य मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस अवैध वसूली का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह प्रक्रिया इतनी खुली है कि बीती रात दारू (हजारीबाग) प्रखंड क्षेत्र के एक पत्रकार के पिता को डिस्चार्ज किए जाने पर उनकी पत्नी से 'फोन पे' के माध्यम से भी 100 रुपये की वसूली की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक-दो वार्डों को छोड़कर इस अस्पताल के लगभग सभी वार्डों में यह अवैध कृत्य धड़ल्ले से चल रहा है। इतना ही नहीं अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए निर्धारित आईपीडी स्लिप का शुल्क भी मनमानी का शिकार है। नियमानुसार इस स्लिप का शुल्क 15 रुपये निर्धारित है, लेकिन कथित तौर पर मरीजों से 20 रुपये लिए जा रहे हैं, जो सीधे तौर पर सरकारी नियमों का उल्लंघन है। इस मामले में लगातार मिल रही शिकायतों के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने इसे गंभीरता से लिया है। सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ. राजकिशोर को पूरे मामले की जानकारी दी। सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने उनसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रही अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाने, इस पूरे कृत्य की गहन जांच कराने और जांच में संलिप्त पाए जाने वाले सभी दोषी कर्मियों पर कठोर और नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी के शिकायत के बाद अस्पताल प्रबंधन ने मामले को गंभीरता से लिया है और यथोचित कार्रवाई का उन्हें भरोसा भी दिलाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### केरेडारी में शीतलहरी से जनजीवन प्रभावित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जलाया अलाव



**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड में पिछले एक सप्ताह से शीत लहर चलने से ठंड बढ़ गई है। ठंड बढ़ने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। प्रखंड प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा अब तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। जिसे देखते हुए बड़का का मुख्य चौक पर ठंड से कांप कपते लोगों को देखते हुवे सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष मनोज गुप्ता एवं समाजसेवी सोनू इराकी द्वारा बड़कागांव मुख्य चौक में अलाव की व्यवस्था की गई। जिससे लोगों को राहत मिली। मौके पर उपस्थित अंचल अधिकारी रामरतन कुमार वर्णवाल कर्मचारी जितेन्द्र कुमार दास, शशि पांडेय, पत्रकार पवन कुमार दास, संजय कुमार,नवीन ठाकुर, सरोज कुमार, सोहेल मौजूद थे। कई अंचल अधिकारी रामरतन वर्णवाल ने बताइए कि अलाव की व्यवस्था दिसंबर तक जगह-जगह पर किया जाएगा। इन दोनों सामाजिक कार्यकताओं ने प्रखंड प्रशासन से मांग किया है कि केरेडारी प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहों में अलाव की व्यवस्था किया जाए। दोनों सामाजिकों का बात सुन कर अंचलाधिकारी रामरतन कुमार वर्णवाल ने सहमति जताए की अलाव का व्यवस्था केरेडारी प्रखंड की जगह-जगह पर करवाऊंगा और राहगिरो एवं दुकानदारों को ठंड और सर्दी से बचने का उपाय करूंगा केरेडारी मैन चौक में अलाव की व्यवस्था लेने के लिए सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### नर्स ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी जांच में जुटी पुलिस

**रामगढ़ :** शहर के साहू कॉलोनी स्थित राम लौलीन साव के मकान में रह रही एक नर्स लवली कुमारी ने शुक्रवार को फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना पाकर रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने सीढ़ी में फंदे से लटकी नर्स के शव को उतरवाया और पोस्टपार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही मृतका के परिजनों को इसकी जानकारी दी। जानकारी के अनुसार ओरमांझी थाना क्षेत्र के पिपरबंडा निवासी लवली कुमारी (23) शहर के चट्टी बाजार स्थित बरेलिया नर्सिंग होम में नर्स के रूप में कार्यरत थी। यहां वह फरवरी माह से रह रही थी? उसके साथ रह रही अन्य नर्सों ने बताया कि गुरुवार की रात हम सभी नर्सिंग होम से आकर खाना खाकर सोने चले गए। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को देखा की सीढ़ी में बंधे एक फंदे से लवली का शव लटका हुआ है। अपनी बेटी की निधन की सूचना पाकर रामगढ़ पहुंचे लवली के राजन मुंडा ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। इधर, पुलिस ने नर्स का मोबाइल जब्त कर छानबीन में जुट गई है।

### पेटो पंचायत के पूर्व शिक्षाका देवी जी निधन

**केरेडारी :** पेटो पंचायत के चट्टी पेटो निवासी प्रसिद्ध उपनाम नाम देवी जी उर्फ हेमवंती देवी का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया। वे राजकीय मध्य विद्यालय, पेटो की पूर्व शिक्षिका थीं। उनके निधन के समाचार से पूरे पेटो क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। शुभचिंतक, ग्रामीण और उनके पूर्व विद्यार्थी अंतिम दर्शन एवं श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उनके निवास पर पहुँचा और। माया नगरी से आत्मा की विदाई के बाद शिक्षा जगत ने एक समर्पित शिक्षिका को खो दिया है। लगभग दो दशक पूर्व उन्होंने पेटो विद्यालय में ज्ञान का दीप प्रज्वलित किया था। उनकी शिक्षा से जुड़े विद्यार्थी, सहकर्मी और स्थानीय लोग इस खोने को गहरा आघात मान रहे हैं। उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करने वालों में मुखिया कौशल्या देवी, पंचायत समिति सदस्य अरविंद साहू, भाजपा नेता प्रीतम साहू, समाज सेवी आशेश्वर यादव दिनेश मिश्रा,जगदीश सिंह, शिक्षक महेश राम, शिक्षक मुकेश राम, रामेश्वर साहू, कांग्रेस नेता रविन्द्र गुप्ता, पूर्व मुखिया रेशमा पूर्व मुखिया राजकिशोर यादव मुखिया प्रतिनिधि गुरुदयाल साहू, भाजपा नेता नारायण यादव, शिक्षक रामवतार रजक, रिटायर्ड शिक्षक महावीर साहू, शिक्षक शिवचरण साहू, चितरंजन कुमार, पूरण साहू, पचू राम, बलदेव राम, प्रमोद गुप्ता, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रविन्द्र साव, शिवनाथ चौधरी, सकूल साहू, दशरथ साहू, राजकुमार साहू, उप मुखिया लक्ष्मण साहू, बसंत कुमार, अवधेश यादव प्रदीप राम रवि मिश्रा, राजेश ठाकुर, रामचंद्र साहू, शंकर शाहा, अनुज सिंह, डॉ. रविन्द्र कुमार, सुनील हार्डवेयर, दीपक कुमार, सुनील साव उर्फ द्वारिका साहू, रमेश साव सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हैं। सभी ने दिवंगत आत्मा पूजनीय देवी स्वरूपा हेमवंती देवी जी को श्रद्धा-सुमन अर्पित किया है और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

### सोनू राम को सिर के पीछे मारी गई थी गोली

**रामगढ़ :** रामगढ़ छावनी परिषद स्टाफ क्वार्टर का रहने वाला सोनू कुमार राम हत्याकांड में लगातार नया खुलासा हो रहा है। शुक्रवार की शाम को सोनू की खोपड़ी धंधार पोखर के समीप जलकुंभी के बीच में फेंकी हुई मिली। पुलिस ने जब खोपड़ी को देखा तो उसके सिर पर पीछे से गोली मारे जाने का निशान था। इससे स्पष्ट है कि हत्यारे ने अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी थी। उसे घुटनों के बल बिठाकर गोली सिर के ठीक पीछे मारी गई। ताकि उसके बचने का कोई चांस ही ना रहे। हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए उसे कई छोटे-छोटे टुकड़ों में काट दिया गया था। सोनू के हाथ एक कुएं से मिले। इसके अलावा अलग-अलग जगह से पूरे शरीर के अंग के कंकाल मिले हैं। कंकाल देख स्पष्ट हुआ महीनों पहले हुई थी सोनू की हत्या शिबू कॉलोनी, नेहरू रोड के धंधार पोखर के पास दलदल में फेंकी गई सोनू कुमार राम की खोपड़ी यह स्पष्ट करता है कि सोनू की हत्या महीनों पहले कर दी गई थी। उसकी लाश को ठिकाने लगाने के लिए बड़ी ही सफाई से शातिर दिमाग हत्यारे ने लगाया था। जिस मोहल्ले में सोनू रहता था, वहीं रंजीत सिंह उर्फ.नाना भाई नामक व्यक्ति के संपर्क में वह काफी लंबे वक्त से था। उसकी हत्या के मामले में जब रंजीत को पुलिस ने पकड़ा तो पूरी गुत्थी सुलझ गई।

### राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा में 25 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

**झुमरी तिलैया :** राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा में प्राचार्य डॉ. अयोध्या कुमार के कुशल नेतृत्व में विगत 25 दिनों से चल रहे इंटर-डिपार्टमेंटल क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन संपन्न हुआ। टूर्नामेंट का संचालन संस्थान के खेल प्रभारी व्याख्याता संतोष कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। खेल प्रभारी के दिशा-निर्देश पर छात्रों की एक संगठित ऑर्गेनाइजिंग कमिटी बनाई गई, जिसमें ओमप्रकाश साव सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय रूप से पूरे 42 मैचों को यादगार बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। खेल प्रभारी संतोष कुमार ने पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों की समस्याओं को जानने, उन्हें समाधान देने और खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 'लीजेंड-11' और फीयरलेस फाइटर के बीच खेला गया। फाइनल मैच का टॉस संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. उमेश कुमार ने किया, जिन्होंने खिलाड़ियों को उत्साहपूर्वक खेल भावना के साथ खेलने का संदेश दिया। इस रोमांचक मुकाबले में फीयरलेस फाइटर ने लीजेंड-11 को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम के कप्तान अमित कुमार यादव को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी गई। वहीं, लीजेंड-11 के कप्तान व्याख्याता मनोज यादव ने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया। फाइनल मैच हारने के बावजूद उनकी शालीनता, संयम और टीम प्रबंधन की सभी ने प्रशंसा की।

## एक नजर

### चिराग पासवान से मिले सुदेश महतो कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**रांची :** नई दिल्ली में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान से शिष्टाचार मुलाकात की। चिराग पासवान के कार्यालय में हुई इस मुलाकात में बिहार विधानसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत को लेकर एक-दूसरे को बधाई दी गई। बैठक के दौरान झारखंड से जुड़े विभिन्न राजनीतिक मुद्दों, क्षेत्रीय विकास और केंद्रझराज्य सहयोग को मजबूत करने पर भी विस्तृत चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने राज्य के ग्रामीण एवं कृषि क्षेत्रों के विकास को लेकर संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी भी उपस्थित रहे। चिराग पासवान ने चौधरी को आश्वस्त किया कि उनके संसदीय क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, किसानों को उचित मूल्य उपलब्ध कराने और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने के लिए मंत्रालय के माध्यम से विशेष योजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा।

### चुटिया में CCL का मुफ्त एनीमिया जांच कैंप, 181 लोगों की हुई जांच

**रांची :** रांची के चुटिया स्थित कमलू तालाब परिसर में आज सीसीएल जन आरोग्य केंद्र, गांधीनगर की ओर से मुफ्त एनीमिया जांच शिविर लगाया गया. शिविर में कुल 181 लोगों की जांच की गई, जिसमें 35 लोग एनीमिया से पीड़ित पाए गए। सभी मरीजों को डॉक्टरों ने जरूरी इलाज और परामर्श दिया। शिविर में हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर और बीपी की भी मुफ्त जांच की गई। साथ ही लाभार्थियों को मुफ्त दवाइयां भी दी गईं। इस कैंप को सफल बनाने में डॉ। प्रीति तिग्गा, डॉ। अनिता होरो, डॉ। दीपाली, डॉ। आशिमा, डॉ। शिल्पी झा, डॉ। मेघा सहित पूरी पारा मेडिकल टीम का अहम योगदान रहा। सीसीएल जन आरोग्य केंद्र समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर समाज के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराता रहा है।

### डीसी ने दिया अरगोड़ा के लिकर बार का लाइसेंस निलंबित करने का आदेश

**रांची :** शहर के व्यस्ततम अरगोड़ा चौक पर स्थित लिकर बार एंड रेस्टोरेंट का संचालन अब खतरे में पड़ गया है। रांची डीसी ने एसएसपी की अनुशंसा पर तत्काल प्रभाव से बार की अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) को निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया है। यह कार्रवाई बार में लगातार होने वाले लड़ाई-झगड़ों और इससे उत्पन्न होने वाली विधि-व्यवस्था की संभावित समस्या को देखते हुए की गई है। रिपोर्ट कहा गया है कि अरगोड़ा चौक का मार्ग अत्यधिक व्यस्त रहता है। साथ ही यह मार्ग विशिष्ट, अतिविशिष्ट एवं व्यक्तियों के आवागमन का एक मुख्य रास्ता भी है। प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया कि अरगोड़ा चौक पर अवस्थित लिकर बार एंड रेस्टोरेन्ट के संचालक द्वारा नियमित रूप से ट्रांसजेंडरों को बुलाकर डांस करवाया जाता है और डांस क्लबों का आयोजन किया जाता है। लगातार लड़ाई-झगड़े से विधि-व्यवस्था का खतरा एसएसपी ने अपनी अनुशंसा में बताया कि इन आयोजनों के दौरान बार-बार लड़ाई-झगड़े की घटनाएं होती हैं। इन लगातार होने वाली हिंसक झड़पों के कारण किसी भी समय बड़ी विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने और कोई अप्रिय घटना होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान एक भी योग्य मतदाता नहीं छूटे : के. रवि कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि अन्य राज्यों के वे मतदाता जिनका नाम पिछले गहन पुनरीक्षण में झारखंड की मतदाता सूची में शामिल नहीं था, वे अपना नाम संबंधित राज्य की सूची से ढूंढकर अपने बीएलओ (ब्लॉक लेवल अधिकारी) से संपर्क कर सकते हैं। सहायता के लिए मतदाता 1950 पर कॉल भी कर सकते हैं। रांची स्थित निर्वाचन सदन से शुक्रवार को राज्य के सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ आयोजित वर्चुअल बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पिछले गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर सर्चेबल फॉर्मेट में उपलब्ध है। वर्तमान सूची बनाने के लिए बीएलओ ऐप में पिछली सूची की मैपिंग की जा रही है। अन्य राज्यों से आए मतदाताओं की जानकारी मैनुअल रजिस्टर में दर्ज की जा रही है, ताकि गहन पुनरीक्षण के दौरान कोई भी योग्य मतदाता छूट न जाए। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पैरेंटल मैपिंग और ए.एस.डी सूची बनाते समय सभी नियमों का पूर्ण पालन करें। हर स्तर पर निरीक्षण की प्रक्रिया लागू है और इसका पालन करना आवश्यक है। गहन पुनरीक्षण के दौरान एक भी योग्य मतदाता छूटे नहीं इस बात को ध्यान में रखकर कार्य करना है। कुमार ने पीपीटी के माध्यम से अधिकारियों को पिछले एसआईआर से वर्तमान मतदाता सूची की मैपिंग और निरीक्षण के प्रमुख बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर, प्रियंका सिंह, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार और सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी, एचडीएम, कंप्यूटर ऑपरेटर ऑनलाइन उपस्थित थे।

## रामलीला मैदान की रैली लोकतंत्र बचाने का आगाज : राकेश सिन्हा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा रविवार को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित की जाने वाली रैली लोकतंत्र बचाने के अभियान का आगाज है। शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में सिन्हा ने कहा कि देश के लोकतंत्र पर मंडरा रहे खतरे से जनता को आगाह करने और उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से यह रैली आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि रैली के माध्यम से निर्वाचन आयोग की भूमिका पर उठ रहे सवालों को लेकर देशभर में संदेश जाएगा। राकेश सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर मतदाताओं के साथ अन्याय कर रही है और चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित किया जा रहा है। बावजूद इसके, चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठ रहे सवालों को दरकिनार कर भाजपा निष्पक्ष जांच के प्रति गंभीरता नहीं दिखा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन किया जा रहा है, ऐसे में यह रैली ऐतिहासिक साबित होगी और पूरे देश में संदेश देगी कि लोकतंत्र को किस प्रकार कमजोर किया जा रहा है। राकेश सिन्हा ने बताया कि रैली में शामिल होने के लिए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता शुक्रवार को दिल्ली रवाना हो चुके हैं। दिल्ली जाने वालों में रविंद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, कुमार राजा, उज्ज्वल प्रकाश तिवारी, राजेश चंद राजू समेत कांग्रेस के कई कार्यकर्ता शामिल हैं।

## केंद्रीय सरना समिति का प्रदर्शन,धर्मांतरित आदिवासियों को 'दोहरे लाभ' से डिलिस्ट करने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की के नेतृत्व में शुक्रवार को लोकभवन के समक्ष धर्मांतरित आदिवासियों द्वारा आरक्षण और सरकारी योजनाओं में मिल रहे दोहरे लाभ के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पाहन द्वारा पारंपरिक पूजा से हुई। इसी दौरान विरोध स्वरूप समिति की महिला अध्यक्ष निशा भगत ने अपना मुंडन कराया। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि झारखंड एक आदिवासी बहुल राज्य है, लेकिन धर्मांतरण के बाद आदिवासी पहचान से दूर हो चुके लोग अभी भी आरक्षण और विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज की अपनी परंपराएं और प्रथाएं हैं, जिन्हें त्यागने वाले लोगों को आदिवासी सूची से डिलिस्ट किया जाना आवश्यक है। सामाजिक कार्यकर्ता जय मंगल उरांव ने आरोप लगाया कि कुछ मुस्लिम परिवार आदिवासी बेटियों से विवाह कर मायके से जाति और आवासीय प्रमाण पत्र बनवा लेते हैं और आदिवासी समुदाय के लिए बनी योजनाओं का अनुचित लाभ उठा रहे हैं। महिला अध्यक्ष निशा भगत ने कहा कि झारखंड पांचवीं अनुसूची का राज्य है, फिर भी पेसा कानून अब तक लागू नहीं हो सका है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईसाई समुदाय के धर्मांतरित लोग आदिवासी आरक्षण का लाभ लेकर मंत्री, सांसद और विधायक तक बन रहे हैं, जिससे मूल आदिवासी समाज के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। प्रदर्शन में संजय तिर्की, एंजेल लकड़ा, निरा टोप्पो, प्रमोद एक्का, विनय उरांव, पंचम तिर्की, सोहन कच्छप, हंदु भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

## ई-कल्याण पोर्टल की तकनीकी गड़बड़ियों से छात्र परेशान, सर्वोपरी मंच ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में शुक्रवार को छात्रहित सर्वोपरी मंच के प्रतिनिधिमंडल ने कल्याण सचिव एवं कल्याण आयुक्त से मुलाकात कर ई-कल्याण पोर्टल की तकनीकी समस्याओं से जुड़ा ज्ञापन सौंपा और छात्रों की परेशानियों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल छात्रों ने आयुक्त को बताया कि आवेदन भरते समय पोर्टल पर बार-बार Email ID already exists और UID already exists जैसे त्रुटि संदेश दिखाई देते हैं। इन तकनीकी गड़बड़ियों के कारण हजारों छात्र आवेदन प्रक्रिया से वंचित रह गए हैं, जबकि कई छात्रों के आवेदन बिना किसी कारण स्वतः अस्वीकृत हो गए।सर्वोपरी मंच के प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार राणा ने बताया कि मंच तकनीकी गड़बड़ी से प्रभावित छात्रों के डेटा की बहाली को लेकर लगातार प्रयासरत रहा है। उन्होंने कहा कि 18 और 19 अगस्त 2025 को पोर्टल की गंभीर तकनीकी त्रुटियों के कारण जिन छात्रों के आवेदन डिलीट हो गए थे, उनका डेटा विभाग द्वारा पुनः बहाल कर दिया गया है। राणा ने बताया कि आज फिर से आयुक्त से मुलाकात कर छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से रखा गया। विभाग ने इस पर तत्काल तकनीकी समीक्षा कर समाधान करने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष आमिर हमजा, संगठन प्रभारी कुणाल पोद्दार, प्रदेश सचिव रईस अंसारी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## झारखंड में लूट और भ्रष्टाचार चरम पर : बाबूलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर लूट और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने विशेष रूप से सूचना जनसंपर्क विभाग और झारखंड प्रदूषण नियंत्रण परिषद में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर सरकार पर निशाना साधा। मरांडी ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि इन दोनों विभागों के निदेशक और प्रदूषण नियंत्रण परिषद के सदस्य सचिव राजीव लोचन बक्शी (आईएफएस) के पिछले 5 वर्षों के कार्यकाल की उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। मरांडी ने आरोप लगाया कि दोनों विभागों में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार व्याप्त है। प्रदूषण नियंत्रण परिषद में लंबे समय से अध्यक्ष नहीं है और सूचना जनसंपर्क विभाग में सचिव नहीं है। राजीव लोचन बक्शी के कार्यकाल में भ्रष्टाचार की कमान कांटाटोली के एक कथित दलाल ठेकेदार को दे दी गई है। उन्होंने कहा कि हर जिले में दलाल सक्रिय हैं, जो सरकारी विज्ञापनों, होर्डिंग और अखबारों में करोड़ों रुपये के कमीशन का खेल करते हैं। बाबूलाल मरांडी ने यह भी दावा किया कि राजीव लोचन बक्शी ने वन विभाग में भी बड़ा घोटाला किया था, जिसे जांच के नाम पर दबा दिया गया। वन विभाग का एक चर्चित रेंजर प्रिंस उनके लिए ट्रांसफर-पोस्टिंग में पैसे की वसूली करता था। कुछ दिनों पहले एक वेब पोर्टल पर पैसे के लेन-देन का वीडियो वायरल हुआ था, जिसे राज्य सरकार के दबाव में हटाया गया। मरांडी ने कहा कि राजीव लोचन बक्शी सीसीएफ रैंक के अधिकारी हैं और यदि संभव होता तो मुख्यमंत्री उन्हें प्रधान सचिव भी बना देते।

# रांची में हुई 50 लाख के गहने की छिनतई का हुआ खुलासा, पुलिस ने बरामद किए सभी गहने

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची जिले के सदर थाना क्षेत्र में हुए 50 लाख रुपये के गहने की छिनतई मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने खुलासा किया है कि इस वारदात को कुख्यात कोढ़ा गैंग ने अंजाम दिया था। पुलिस ने छापेमारी कर छिने गए सभी गहने बरामद कर लिए हैं। हालांकि अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। रांची पुलिस ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि बरामद किए गए सामान में सोने के 2 पीस बिस्कुट (लगभग 200 ग्राम), सोने के 7 पीस सिक्के (लगभग 50 ग्राम), सोने की 15 पीस अंगूठी (लगभग 40 ग्राम), 16 जोड़ी सोने की बालियां (लगभग 30 ग्राम), 9 सोने की चेन (लगभग 60 ग्राम), 2 सोने के हार (लगभग 20 ग्राम), एक सोने की गिन्नी समेत अन्य दूसरी चीजें (लगभग 25 ग्राम) शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि बरामद सामान में 9 जोड़ी चांदी की पायल (लगभग 350 ग्राम), एक चांदी की चेन और लॉकेट (लगभग 25 ग्राम), 3 चांदी के सिक्के (लगभग 25 ग्राम) और एक जोड़ी चांदी की चूड़ियां (लगभग 50 ग्राम) शामिल हैं। कुल बरामद गहने सोना 425 ग्राम व चांदी 450 ग्राम है, जिनकी कीमत 55 से 60 लाख रुपये बताई जा रही है। रांची नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) पारस राणा ने बताया कि 8 दिसंबर को सदर थाना क्षेत्र के निवासी निलय प्रकाश अपनी पत्नी के साथ डीएवी बरियातु के पास स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा से लॉकर में रखे गहने निकालकर घर लौट रहे थे। घर पहुंचते ही उनकी पत्नी गेट खोलने लगी, तभी बाइक सवार दो अपराधियों ने उनके कंधे पर लटका बैग झपट लिया और फरार हो गए। एसपी सिटी ने बताया कि वारदात के बाद निलय प्रकाश ने सदर थाना में दो अज्ञात आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसके बाद घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने सिटी एसपी पारस राणा और सदर पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। तकनीकी अनुसंधान के दौरान मामले में कोढ़ा गैंग की भूमिका सामने आई। जानकारी की पुष्टि के आधार पर सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार के नेतृत्व में एक टीम को बिहार के कटिहार जिले भेजा गया। स्थानीय पुलिस की मदद से थाना कोढ़ा क्षेत्र स्थित ग्राम जुराबगंज में छापेमारी की गई और रामकुमार यादव के घर से सभी गहने बरामद किए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### बेड़ो में इंटर फॉर्म से वंचित छात्रों का प्रदर्शन, डीईओ ने दिए सुधार के आश्वासन




**रांची :** राजधानी रांची के बेड़ो स्थित एसएस प्लस-टू उच्च विद्यालय में वर्ष 2026 की इंटर परीक्षा का फॉर्म भरने से 600 से अधिक छात्रों को वंचित किए जाने के खिलाफ शुक्रवार को छात्रों और अभिभावकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने विद्यालय का घेराव कर फॉर्म भरने की अनुमति देने और विद्यालय की जर्जर व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की। विद्यालय प्रशासन के अनुसार कई छात्रों की उपस्थिति (अटेंडेंस) कम होने के कारण उन्हें फॉर्म भरने से रोका गया है। दूसरी ओर, छात्रों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में नियमित कक्षाएं संचालित नहीं होतीं, शिक्षकों की भारी कमी है और भवन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, विज्ञान प्रयोगशाला और पुस्तकालय जैसी बुनियादी सुविधाएं वर्षों से बदहाल हैं। छात्रों का कहना है कि विद्यालय की अव्यवस्था की जिम्मेदारी उन पर डालना अनुचित है। आदिवासी छात्र संघ (डीएसपीएमयू) के अध्यक्ष विवेक तिर्की ने कहा कि खराब व्यवस्था की सजा बच्चों को देना अमानवीय है और अटेंडेंस के नाम पर दंड उचित नहीं है। प्रदर्शन के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) विद्यालय पहुंचे और छात्रों व अभिभावकों से संवाद किया। लगभग दो घंटे चली वार्ता के बाद डीईओ ने आश्वासन दिया कि इंटर परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाई जाएगी, किसी भी छात्र को परीक्षा से वंचित नहीं किया जाएगा, विद्यालय भवन की मरम्मत जल्द शुरू की जाएगी और पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को शीघ्र बहाल किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान पंकज उरांव, वीएचपी बेड़ो प्रखंड अध्यक्ष शासी टाइगर, और झामुमो कार्यकर्ता मुन्ना बड़ाईक भी मौजूद थे।

### रांची समेत कई जिलों में आंशिक बादल, कनकनी बढ़ी, गुमला में न्यूनतम तापमान 4.7 डिग्री



रांची : रांची सहित झारखंड के कई जिलों में शुक्रवार को आंशिक बादल छाये रहे, जिसके कारण राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में दिनभर ठंड और कनकनी का असर महसूस किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि यह स्थिति झारखंड के निचले क्षोभ मंडल में उत्तर-पश्चिम से उत्तर-पूर्व दिशा में बहने वाली हवाओं के कारण बनी है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान दो से तीन डिग्री तक बढ़ सकता है, जबकि उसके बाद दो दिनों तक तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। पिछले 24 घंटों में राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा मे 28.8 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान गुमला में 4.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को रांची में सुबह हल्के कुहासे के साथ दिन की शुरूआत हुई, हालांकि सूर्योदय के बाद मौसम साफ रहा। दोपहर के बाद आसमान में फिर से आंशिक बादल छाये, जिससे ठंड और अधिक महसूस की गई। राज्य के प्रमुख शहरों में शुक्रवार को दर्ज तापमान की बात करें, तो शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 23.3 डिग्री और न्यूतनतम तापमान 8.3 डिग्री, जमशेदपुर में 26.5 और 10.8 डिग्री, डालटेनगंज में 27.4 और 7.1 डिग्री, बोकारो में 22.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री, जबकि चाईबासा में अधिकतम तापमान 28.8 और न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### फिरायालाल पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस की धूम, तैयारियों में जुटे छात्र



**रांची :** राजधानी रांची के फिरायालाल पब्लिक स्कूल का परिसर इन दिनों उत्साह और गतिविधियों से सराबोर है, क्योंकि वार्षिक खेल दिवस की तैयारियाँ जोरों पर चल रही हैं। कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राएं खेल भावना और टीमवर्क के साथ सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। खेल मैदानों में विभिन्न कार्यक्रमों और खेल प्रतियोगिताओं के अभ्यास सत्र शुरू हो चुके हैं। ट्रैक एवं फील्ड इवेंट्स से लेकर टीम इवेंट्स और सामूहिक प्रदर्शनों तक, हर प्रतिभागी अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पूरी मेहनत कर रहा है, ताकि यह आयोजन भव्य और सफल हो सके। अध्यापक, प्रशिक्षक और सहायक कर्मचारी पर्दे के पीछे लगातार प्रयास कर रहे हैं, जिससे आयोजन की सभी तैयारियाँ सुचारू रूप से पूरी हों। दिसंबर के चौथे सप्ताह की शुरूआत में निर्धारित वार्षिक खेल दिवस को लेकर पूरे विद्यालय में उत्साह लगातार बढ़ रहा है। पूरा विद्यालय समुदाय ऊर्जा, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से भरपूर इस खेल महोत्सव का बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

### खेलगांव की देखभाल को लेकर डीसी ने की बैठक



**रांची :** खेलगांव परिसर की सफाई, सुरक्षा और सुविधाओं की हालत जानने के लिए आज समाहरणालय में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने की। बैठक में अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वरनाथ आलोक, जेएसएसपीएस के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी एनके झा, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। उपायुक्त ने कहा कि खेलगांव राज्य का बड़ा खेल परिसर है, इसलिए इसकी सही तरीके से देखभाल जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को कई निर्देश जारी किये। उपायुक्त ने यह भी कहा कि खेलगांव खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए बनाया गया है, इसलिए काम में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखें। उपायुक्त के निर्देश : स्टेडियम की नियमित सफाई हो, बिजली और पानी की व्यवस्था ठीक रहे, खेल के मैदान और उपकरण अच्छी स्थिति में रहें, खराब उपकरणों को तुरंत ठीक या बदल दिया जाये, खिलाड़ियों को सुरक्षित और साफ वातावरण मिले, सुरक्षा व्यवस्था और प्रवेश नियंत्रण मजबूत हो।

एक नजर

## बोकारो कोर्ट ने धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में तीन आरोपियों को किया बरी

**बोकारो** : झारखंड मे बोकारो की प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सृष्टि कुमारी की अदालत ने धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में तीन आरोपियों को बरी कर दिया है। न्यायालय सूत्रों ने आज यहां बताया कि यह मामला हरला थाना कांड संख्या 21/2020 से संबंधित है, जिसमें धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र के आरोप लगाए गए थे। आरोपियों के पास से दर्जनों मोबाइल और लैपटॉप बरामद किया गया था, जिसके मध्यम से ये लोग आम लोगो का पैसा धोखाधड़ी कर साइबर अपराध करते थे। आरोपियों के नाम नीरज शर्मा, खुबलाल मंडल और पिंटू कुमार राणा हैं। उनपर भारतीय दंड संहिता की धारा 419 , 420 , 467 , 468 , 471 और 120बी के तहत मुकदमा चल रहा था। आरोपी नीरज शर्मा की ओर से अधिवक्ता रणजीत गिरि ने पैरवी की। अदालत ने सुनवाई के बाद सभी आरोपियों को सबूतों के अभाव में या अन्य आधार पर रिहा करने का फैसला सुनाया।

## मिथिला महिला समिति ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



**बोकारो**: प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद्, बोकारो की इकाई मिथिला महिला समिति द्वारा गुरुवार अपराह्न जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा, सचिव आभा झा सहित समिति की सदस्याओं डॉ मंजू झा, शीला मिश्रा, इंदिरा झा, सीमा झा, आशा झा, बीनू चौधरी, बीणा झा, रुबी ठाकुर, पूनम झा, प्रेरणा ओझा, बंदना झा, अपर्णा झा, बबीता झा, रितु मिश्रा, किरण झा, कुमकुम झा किरण झा, अलका झा, लीला झा आदि ने सेक्टर 4 साईं मंदिर, सेक्टर 4 सिटी सेंटर व जगन्नाथ मंदिर परिसर में घूम-घूमकर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया।

## पिलपिलो कोयला फैक्ट्री में भारी अनियमितताएं, जहरीले धुएं से ग्रामीण परेशान



**बोकारो** : पेक थाना क्षेत्र के पिलपिलो स्थित कोयला फैक्ट्री में जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी और सदस्य खुशबू कुमारी के निरीक्षण में कई गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं। फैक्ट्री से निकलने वाले जहरीले धुएं से आसपास के ग्रामीण लगातार बीमारियों से जूझ रहे हैं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कोयले को पोड़ा करने की प्रक्रिया से बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैल रहा है। पूरा इलाका जहरीली धुएं की चपेट में है, जिससे सांस की बीमारियाँ और त्वचा रोग आम हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि फैक्ट्री के संचालन से उनकी फसलें भी प्रभावित हो रही हैं।जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी ने कहा, ₹फैक्ट्री संचालक नियम-कानून की पूरी तरह अनदेखी कर रहे हैं। हमने वैध कागजात और नदी के पानी के उपयोग की अनुमति माँगी, लेकिन कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया।₹ सदस्य खुशबू कुमारी ने चेतावनी दी कि ऐसी मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।निरीक्षण टीम ने फैक्ट्री को तत्काल सील करने और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को शिकायत भेजने का निर्णय लिया है। स्थानीय प्रशासन से कार्रवाई की माँग तेज हो गई है।

# मॉडर्न विद्यालय में आयोजित हुआ एजुकेशनल मेला का भव्य आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय मॉडर्न पब्लिक स्कूल में जिले के विद्यार्थियों को भविष्य में मार्गदर्शन हेतु भव्य एजुकेशन मेला का आयोजित कियागया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा जिले की विधायिका डॉ0 नीरज यादव उपस्थित होकर इस मेले का उद्घाटन की। इनके अलावा इस मेले मे जी0 आर0 जी0 आई0 हरियाणा के चेयरमैन एस के जिंदल, कोडरमा जिला खेल अधिकारी तुषार रॉय भी मौके पर उपस्थित थे। इस मेले का उद्घाटन इस प्रकार हुआ सर्वप्रथम कोडरमा जिले की विधायिका डॉ0 नीरा यादव सह मॉडर्न विद्यालय के निर्देशिका संगीता शर्मा एवं प्राचार्य गुरु चरण वर्मा को विद्यालय बैंड ग्रुप के द्वारा स्काउट कर विद्यालय गेट से विद्यालय मैदान तक लाया गया। वहां विधायिका द्वारा फीता काटकर मेले का उद्घाटन कार्यक्रम किया गया। एजुकेशनल मेले में पूरे देश भर के लगभग 25 महाविद्यालय एवं संस्थानो ने अपनी उपस्थिति दिखाकर छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए उनका परामर्श भी किए। इस मेले में लगभग 1500 छात्र विभिन्न विद्यालय से शामिल हुए। मेले में शामिल होने वाले विश्वविद्यालय हैं ग्लोबल रिसर्च ऑफ इंस्टिट्यूशन यमुनानगर हरियाणा, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड, इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कोलकाता, जैन यूनिवर्सिटी बैंगलोर, आईआईएलएम यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा, मारवाड़ी यूनिवर्सिटी राजकोट गुजरात, डीबीएस ग्लोबल यूनिवर्सिटी देहरादून, चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेस पंजाब, रूरकी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रूरकी, आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी इन इंस्टीट्यूट झारखंड, आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी झारखंड, सेज यूनिवर्सिटी इंदौर भोपाल, रीवा यूनिवर्सिटी बैंगलोर, पिंपरी चिंचवड यूनिवर्सिटी पुणे, कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर, ईस्ट प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन बैंगलोर, इन विश्वविद्यालय के अलावा भी कई और विश्वविद्यालय शामिल थे। छात्रों के लिए यह मेला निश्चय ही बहुत ही लाभकारी सिद्ध हुआ। छात्रों ने घूम घूम कर सभी विश्वविद्यालय के स्टाल में जाकर 12वीं के बाद की पढ़ाई एवं अपने कौशल के अनुरूप कौन से विषय क्षेत्र में आगे की पढ़ाई कर अपना भविष्य निर्धारित कर सकते हैं और रोजगार को प्राप्त कर सकते हैं, इन सब के बारे में बातचीत की।। छात्रों ने अपने मन में उठे सभी सवालों को पूछ कर अपनी दुविधा दूर की। जिले में आयोजित एजुकेशनल मेले के बारे में मुख्य अतिथि नीरा यादव ने कहा कि इस प्रकार के मेले का आयोजन छात्रों के लिए बराबर होना चाहिए ताकि छात्र हमेशा अपने करियर के प्रति सही निर्णय ले सके। उनकी क्षमताओं और कौशल के अनुरूप जो स्ट्रीम सही है उन्हें चुनकर ही वह आगे बढ़ाने की कोशिश कर सकते हैं। इससे छात्रों को मार्गदर्शन के पर्याप्त अवसर प्राप्त होते हैं। और खतरनाक जिला इस बात से कभी झुकता नहीं है वह जिले के हर विद्यार्थियों के सफल भविष्य के लिए निरंतर इस प्रकार के मेले का आयोजन करता रहता है और आने वाले भविष्य में भी करता रहेगा। मॉडर्न विद्यालय के प्राचार्य गुरुचरण वर्मा ने भी कहा कि छात्र उच्च शिक्षा से संबंधित मन में उठे सभी सवाल का संतुष्ट जवाब पाकर काफी खुश थे।

## बोकारो में सीएट टायर का झारखंड का सबसे बड़ा शोरूम उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : सेक्टर-4 में रेनॉल्ट शोरूम के सामने प्लॉट नंबर केडी-24 पर मालती मोटर्स के मालिक यशवंत सिंह द्वारा शुक्रवार को सीएट टायर के झारखंड के सबसे बड़े शोरूम का भव्य उद्घाटन किया गया। यह भारत का दूसरा सबसे विशाल शोरूम बताया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में सीएट कंपनी के रीजनल मैनेजर अर्पित ग्रोवर, आरसीएम सजल अग्रवाल और टेरिटरी मैनेजर चंदन कुमार झा सहित अन्य अतिथि मौजूद थे। सभी ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर शोरूम का शुभारंभ किया। अर्पित ग्रोवर ने बताया कि इटली से शुरूआत करने वाली सीएट कंपनी ने जर्मनी में अपना आरएंडडी स्थापित किया है और आज इसके टायर लगभग सभी देशों में पहुंच चुके हैं। यूरोप के बड़े बाजार में भी कंपनी का 2.5 से 3 प्रतिशत तक शेयर है। शोरूम मालिक यशवंत सिंह ने कहा कि यहां दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों के सभी प्रकार के टायर व एक्सेसरीज एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे। शोरूम की सबसे बड़ी विशेषता क्लेम टायर टेक्नोलॉजी है, जिसके चलते हाई स्पीड पर भी टायर से आवाज नहीं आती। साथ ही वाहन सर्विसिंग के लिए एलाइनमेंट, बैलेंसिंग, नाइट्रोजन फिलिंग, वॉशिंग और सिरेमिक कोटिंग जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

## योगीडीह में शिव मंदिर प्रतिष्ठा व शिव मूर्ति स्थापना संपन्न, 105 कुंवारी कन्याओं की कलश यात्रा बना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : चंदनकियारी प्रखंड के देवग्राम पंचायत अंतर्गत योगीडीह गाँव में शुक्रवार को नव-निर्मित शिव मंदिर की प्रतिष्ठा एवं शिव मूर्ति स्थापना बड़े ही धार्मिक उत्साह के साथ संपन्न हुई। स्वर्गीय गुणेन्द्रनाथ मुखर्जी एवं उनकी पत्नी बेला मुखर्जी द्वारा स्थापित इस मंदिर में सुबह से ही भक्तिमय माहौल बना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसमें 105 कुंवारी कन्याओं ने भाग लिया। मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई यह कलश यात्रा चारकोणिया बांध तक पहुँची। वहाँ पंडित आचार्य आनंद प्रसाद तिवारी, गौतम मुखर्जी, पं. बबलू बनर्जी, शिवप्रसाद झा सहित मुख्य व्रती रणजीत मुखर्जी व रीना मुखर्जी द्वारा वेदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश का संकल्प कराया गया। कन्याओं ने पूजा-विधि के अनुसार कलश में जल भरकर बाजा-गाजा के साथ पुनः मंदिर पहुँचा, जहाँ कलश पूजन के बाद उन्हें विधिवत स्थापित किया गया। प्रतिष्ठा प्रारंभ होते ही योगीडीह सहित आसपास के कई गाँवों में भक्ति माहौल चरम पर पहुँच गया। शिव मूर्ति स्थापना एवं पूणार्हुति के उपरांत हजारों श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद एवं खिचड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्व. मुखर्जी परिवार के वंशज–चित्रा चटर्जी, सुव्रत मुखर्जी, चैताली मुखर्जी, देवव्रत मुखर्जी, रणजीत मुखर्जी, सुजाता मुखर्जी, अचिंत्य चक्रवर्ती, प्रतिक मुखर्जी, दीपक मुखर्जी, मिहिर मुखर्जी, अशोक बनर्जी– सहित आस-पास क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया में भारतीय भाषा उत्सव का भव्य आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा** : डीएवी पब्लिक स्कूल, झुमरी तिलैया, कोडरमा में 4 दिसंबर से 11 दिसंबर 2025 तक भारतीय भाषा उत्सव हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विविध आकर्षक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को अत्यंत सफल बनाया। यह उत्सव महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है। भारत की हर भाषा अपनी विशिष्टता समेटे हुए है, लेकिन सभी भाषाएँ समान भावनात्मक और सांस्कृतिक धारा से जुड़कर विविधता में एकता का अद्भुत संदेश देती हैं। यह उत्सव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप बहुभाषावाद और राष्ट्रीय एकता के सिद्धांत को सशक्त बनाता है । कक्षा 3 एवं 4 के बच्चों ने रंग-बिरंगे लैंगुएज ट्री बनाकर भारत की भाषाई एकता को रचनात्मक रूप में पेश किया।
कक्षा 5 एवं 6 के विद्यार्थियों ने तीन भिन्न भाषाओं में कविता व गीत प्रस्तुत कर बहुभाषिक क्षमता का सुंदर प्रदर्शन किया। दयानंद, विवेकानंद, रामकृष्ण और राजा राममोहन राय सदन के बच्चों ने देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति, कला, वेशभूषा, खान-पान, रीति-रिवाज आदि का प्रदर्शनी-मेले के रूप में मनोहारी प्रस्तुतीकरण किया तथा अनेकता में एकता की भावना को सजीव किया। नारे, पोस्टर निर्माण, रैली, नाट्य मंचन, कहानी-कविता, लोकगीत-लोकनृत्य, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उत्सव में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। प्राचार्य महोदय कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि यह उत्सव बच्चों की रचनात्मक, कलात्मक और भावात्मक प्रतिभा को सामने लाने का सशक्त अवसर है। विद्यार्थियों ने पूरे मनोयोग एवं उत्साह के साथ अपने-अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जो सराहनीय रही।

## सीआरपीएफ जवान सुजीत कुमार सिंह का पार्थिक शरीर को दी गई अंतिम बिदाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मरकच्चो** : श्री नगर के निशात करपुरा में नाका ड्यूटी पर तैनात सुजीत को बुधवार देर रात गोली लगने से मृत सीआर पी एफ जवान सुजीत सिंह का पार्थिक शरीर शुक्रवार की शुबह ताबूत में बंद व तिरंगे से लिपटा गांव देवीपुर पहुंचा। पार्थिक शरीर पहुंचते ही मरकच्चो प्रखण्ड के देवीपुर का माहौल दर्द और गम से भर गया। जैसे ही वाहन गांव के प्रमुख द्वार पर रुका चारों ओर से जन सैलाब उमड़ पाड़ा। महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं सहित हजारों की संख्या में लोग वीर सपूत के अंतिम दर्शन को पहुंचने लगे। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। गांव के लोगों ने बताया कि सुजीत बचपन से ही शांत स्वभाव के थे और देश सेवा का जज्बा उन में कूट-कूट कर भरा हुआ था। उनके ताबूत को देखकर हर किसी की आंखें नम हो गई। गांव के मुख्य मार्ग से अंतिम यात्रा निकाली गई ,जिसमें जन समुदाय कंधा से कंधा मिलाकर चल रहे थे। सुजीत अमर रहे,भारत माता की जय, वीर सपूत को सलाम के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। अंतिम संस्कार स्थल धोबिया डीह स्थित नदी के मुक्तिधाम पर सुरक्षा बलों की टुकड़ी ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए सलामी दी। सलामी के दौरान मौजूद लोग खुद को भावुक होने से नहीं रोक सके। श्मशान घाट पर उमड़ी भीड़ ने यह साबित कर दिया की सुजीत सिर्फ एक जवान नहीं थे बल्कि क्षेत्र का गौरव थे। उनके बड़े भाई विकास कुमार सिंह भी सीआर पी एफ के जवान हैं।उनके समय निधन से गांव ही नहीं पूरा मरकच्चो प्रखंड शोक में डूब गया है। लोग सुजीत की वीरता सादगी और देश सेवा की भावना को हमेशा याद रखेंगे।

# बोकारो में सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए 31 बैरिकेड्स वितरित, ओएनजीसी और जिला प्रशासन की संयुक्त पहल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : जिला प्रशासन बोकारो की पहल पर ओएनजीसी द्वारा सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु बोकारो यातायात पुलिस को शुक्रवार को 31 बैरिकेड प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम हस्तशिल्प विकास संस्थान, हजारीबाग के द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा थे।
विशिष्ट अतिथियों में ओएनजीसी सीबीएम परिसम्पत्ति प्रबंधक टी आर उन्नीकृष्णन नायर, जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज तथा यातायात डीएसपी विद्याशंकर थे। अन्य अतिथियों में परिसम्पत्ति आलम्बन प्रबंधक बिपिन कुमार, सब सर्फेस प्रबंधक आलोक दास, भूतल प्रबंधक बिपिन प्रसाद, मानव संसाधन प्रमुख दयानंद कालुंदिया, हेड ड्रिलिंग सर्विसेस अपूर्वा ज्योति बोरा, उप महाप्रबंधक डॉली कुमारी, प्रभारी सुरक्षा विष्णु पाण्डेय, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन इंचार्ज अजय कुमार दास, रामबहाल सिंह राजभाषा पदाधिकारी शशि कुमार एवं अन्य वरिष्ठ शामिल थे। उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने में ओएनजीसी के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और जन-जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर, ओएनजीसी सीबीएम एसेट, बोकारो के एसेट मैनेजर टी.आर. उन्नीकृष्णन नायर ने अपने संबोधन में सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि एक गंभीर मुद्दा है और इसे रोकना समाज में हर किसी की सामूहिक जिम्मेदारी है। श्री नायर ने यह भी बताया कि ओएनजीसी, एक ऊर्जा उत्पादक होने के साथ-साथ, अपने परिचालन क्षेत्र के समुदायों के प्रति पूरी तरह से समर्पित है, और ये बैरिकेड्स बोकारो में यातायात व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में उनका एक छोटा सा प्रयास है। उन्होंने जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई ताकि सड़क दुर्घटनाओं की दर को न्यूनतम किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन नरेश ठाकुर, सचिव, हस्तशिल्प विकास संस्थान, हजारीबाग द्वारा किया गया। मौके पर संस्था के कोषाध्यक्ष संजय गोप, निशिकांत सिंह, सुरेन्द्र कुमार, तथा यातायात पुलिस के कई पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

## जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर डीडीसी ने की सुनवाई



**बोकारो** : 21 मामलों पर उप विकास आयुक्त श्रीमती शताब्दी मजूमदार ने की सुनवाई, ऑन स्पॉट कई मामलों का किया निष्पादन समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 21 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, राजस्व संबंधित विवाद, अनुमंडल कार्यालय चास/बेरमो, अंचल कार्यालय , जिला समाज कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियुष आदि उपस्थित थे।

## रॉयल पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह संपन्न, प्रीतम और पूजा बने सबसे तेज धावक




बोकारो : रॉयल पब्लिक स्कूल सेक्टर 4 में शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन किया गया। रॉयल पब्लिक स्कूल की प्राचार्य रूपम गुप्ता व डॉ राजेंद्र प्रसाद पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मुकेश कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विपिन कुमार सिंह, पूर्व अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी कोच एंजेला सिंह, बोकारो जिला ओलंपिक संघ के सचिव गोपाल ठाकुर ,अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सागर कुमार ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बच्चों के लिए थ्री लेग रेस, व्हील बेरो रेस ,क्रोकोडाइल रेस, सीनयर विंग बच्चों के लिए 100 मी, 200 मीटर दौड़ समेत रिले रेस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विपिन कुमार ने कहा खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेनी चाहिए। एंजेला सिंह ने कहा खिलाड़ियों को मोबाइल से दूर रहकर खेलकूद पर विशेष ध्यान देना चाहिए। गोपाल ठाकुर ने कहा खेल के माध्यम से खिलाड़ियों को रोजगार भी मिलना शुरू हो गया है। इसलिए खेलकूद पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। 100 मीटर दौड़ में प्रीतम साहू व बालिका वर्ग में पूजा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सबसे तेज धावक बने। 100 मीटर दौड़ में प्रीतम साहू प्रथम, राहुल कुमार द्वितीय ,ज्योति आदित्य कर्मकार, तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में पूजा कुमारी प्रथम तान्या कुमारी द्वितीय व सोनम कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में प्रीतम साहू प्रथम मनीष कुमार द्वितीय सूरज चक्रवर्ती तृतीय बालिका 200 मीटर में सानिया कुमारी प्रथम ,खुशी कुमारी द्वितीय स्थान व पूजा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर उप प्राचार्य आलोक चतुर्वेदी , विभा रानी, ज्योति कुमारी, शकुंतला कुमारी, सुधा सिंह, पार्वती कुमारी, राखी कुमारी ,शकुंतला कुमारी, अरुण कुमार, ऋषभ कुमार, संगीता कुमारी, मो. आरिफ समेत अन्य शिक्षक शामिल रहे।

## पदाधिकारी अर्चना ज्वाला ने महिलाओं के साथ मिलकर बाल विवाह मुक्त अभियान को दिया बल



**मरकच्चो** : बाल विवाह मुक्त झारखंड योजना के अंतर्गत 12दिसम्बर को सखी वन स्टॉप सेंटर कोडरमा की नोडल जेंडर रिसोर्स सेंटर मरकच्चो और परियोजना बालिका उच्च विद्यालय मरकच्चो में जिला समाज कल्याण कोडरमा के आदेश अनुसार शुक्रवार को पदाधिकारी अर्चना ज्वाला के द्वारा महिलाएं और ग्रामीण महिलाओं के साथ मिलकर बाल विवाह मुक्त के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि बाल विवाह करना कानूनी अपराध है। बालिकाओं की विवाह की आयु 18 वर्ष तथा बालकों के विवाह की आयु 21 वर्ष है बाल विवाह करने वालों को कानूनी सजा मिलेगी। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर के कार्य के संबंध में भी सभी को जानकारी दी तथा सहायता लेने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में जेंडर सीआरपी की महिलाएं ललिता देवी, मनोरमा कुमारी, आरती देवी, ट्यूनी देवी, निखत परवीन, रोजी खातून, डी पी सी ,पी आई सी ,यूनिसेफ के जतिन कुमार माथुर समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## स्वदेशी आंदोलन के प्रथम बलिदानी बाबू गेणू सैद का बलिदान दिवस मनाया गया

**बोकारो** : बीसवीं सदी के प्रारंभिक वर्षों में, जब भारत अंग्रेजों की औपनिवेशिक हुकूमत के दमन से जूझ रहा था, तब मुंबई में एक सामान्य मजदूर ने अपनी वीरता, देशभक्ति और बलिदान से इतिहास को प्रेरित कर दिया। उनका नाम था बाबू गेनू, जिन्होंने स्वदेशी आंदोलन के तहत विदेशी वस्त्रों के आयात के खिलाफ आवाज उठाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। उपरोक्त कहना है मंच के क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र कुमार सिंह का । वे यहां के नया मोड़ स्थित बिरसा चौक में स्वदेशी जागरण मंच, बोकारो आयोजित स्वदेशी आंदोलन के प्रथम बलिदानी बाबू गेणू सैद के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बाबू गेनू का व्यक्तित्व भले ही चाटुकार इतिहासकारो के कारण इतिहास में विस्तृत रूप से दर्ज न हो, परन्तु उनका बलिदान उन्हें स्वदेशी आंदोलन का अमर प्रतीक बनाता है। उन्होंने न केवल ब्रिटिश आर्थिक उत्पीड़न के खिलाफ विरोध किया, बल्कि आम जनता को अपने देश के बने स्वदेशी वस्त्रों और स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बाबू गेनू का योगदान मुख्य रूप से विदेशी वस्त्रों के आयात विरोधी आंदोलनों में रहा। वहीं मंच के सह प्रांत मेला सह प्रमुख अजय सिंह ने कहा कि ब्रिटिश शासन भारतीय उद्योगों को कमजोर करने के लिए विदेशी कपड़े भारत में लाता था। इसी आर्थिक शोषण के खिलाफ बाबू गेनू ने सक्रिय विरोध किया। 12 दिसंबर 1930 को मुंबई में एक ऐतिहासिक घटना घटी। बाबू गेनू ने एक ऐसे लोरी को रोकने का प्रयास किया, जो विदेशी कपड़े बॉम्बे के बंदरगाह से भारतीय बाजार में बिक्री के लिए जा रहे थे।

# समाज कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में समाज कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित सभी प्रमुख योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें अध्यक्षता उपायुक्त नितिश कुमार सिंह ने की। बैठक में बाल विकास परियोजनाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों में सेवाओं के संचालन, पोषण कार्यक्रमों, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, कन्यादान योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्पॉन्सरशिप योजना तथा कंबल वितरण कार्यक्रम सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। विभागीय प्रस्तुतियों के आधार पर लक्ष्य-प्राप्ति, सेवा गुणवत्ता, फील्ड मॉनिटरिंग तथा तकनीकी अद्यतन की स्थिति पर विस्तृत चर्चा हुई। उपायुक्त नितिश कुमार सिंह ने निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका के रिक्त पदों पर विभागीय अधिसूचना के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पोषण क्षेत्र से वंचित परिवारों की सटीक पहचान कर उन्हें त्वरित रूप से विभागीय योजनाओं से जोड़ा जाए। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से वंचित किशोरियों के आवेदन एकत्र कर उनका सत्यापन एवं समयबद्ध स्वीकृति सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार कन्यादान योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप पर्याप्त आवेदन प्राप्त कर सभी पात्र लाभुकों को समय पर लाभ उपलब्ध कराया जाए। विभागीय योजनाओं से जुड़े सभी लंबित आवेदनों की प्राथमिकता के आधार पर जाँच एवं त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र लाभुक किसी भी योजना से वंचित न रहे। उपायुक्त ने CDPO तथा महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्देश दिया कि वे रोस्टर के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें और गतिविधियों की वस्तुनिष्ठ मॉनिटरिंग कर प्रतिवेदन जिला मुख्यालय को नियत समय पर उपलब्ध कराएं। आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं कार्यशीलता सुनिश्चित की जाए तथा जहाँ सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं, वहाँ के केंद्रों की अद्यतन सूची जिला मुख्यालय को भेजी जाए। पोषण ट्रैकर ऐप पर अवसंरचना एवं लाभुक डेटा का नियमित अद्यतन भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने केंद्रों के निर्धारित समयानुसार संचालन, बच्चों की अधिकतम उपस्थिति, जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार से वंचित बच्चों के दस्तावेज निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही पोषण वाटिका निर्माण में सतत एवं गुणात्मक प्रगति तथा टळव में भर्ती योग्य बच्चों की पहचान, रेफरल एवं अनुवर्ती निगरानी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया।




## एक नजर

### ठंड की सर्द रातों में गरीबों की ठिठुरन, समाज के 'अगुआ' क्यों चुप

**सरिया :** सर्दी का कहर चरम पर है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड में सड़कों पर, झुग्गी-झोपड़ियों में ठिठुरते गरीबों की कराहें सुनाई दे रही हैं। लेकिन समाज के तथाकथित 'अगुआ' समाजसेवी, राजनेता और सरकारी अधिकारी सब खामोश हैं। सालों से चली आ रही परंपरा इस बार टूट गई है। कंबल वितरण का कोई कार्यक्रम दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा। क्या यह लापरवाही है या सिस्टम की विफलता हमारे रिपोर्टर ने ग्राउंड जीरो से सच्चाई खंगाली। ठंड ऐसी कि हड्डियां तक जमा रही हैं। सरिया के ग्रामीणों जैसे हजारों लोग हर साल ठंड के मौसम में कंबल वितरण कार्यक्रमों पर निर्भर रहते हैं,जो एनजीओ, स्थानीय प्रशासन और राजनीतिक दलों की ओर से चलाए जाते रहे हैं। लेकिन इस बार, सब कुछ ठप। प्रखंड विकास पदाधिकारी से लेकर अंचल अधिकारी तक, सभी के ऑफिसों में सन्नाटा पसरा है।

## सीसीएल जन आरोग्य केंद्र द्वारा चुटिया में निःशुल्क एनीमिया स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के जन आरोग्य केंद्र, गांधीनगर द्वारा आज चुटिया स्थित कमलू तालाब परिसर में निःशुल्क एनीमिया स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा कुल 181 लोगों की स्वास्थ्य जाँच की गई, जिनमें 35 लोग एनीमिया से ग्रसित पाए गए। सभी मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा आवश्यक परामर्श और उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की गई। शिविर में विशेष रूप से हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर एवं हाइपरटेंशन की निःशुल्क जाँच की गई। साथ ही उपस्थित सभी लाभार्थियों को निःशुल्क दवाइयाँ भी उपलब्ध कराई गईं। इस स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में डॉ. प्रीति तिग्गा सहित डॉ. अनिता होरो, डॉ. दीपाली, डॉ. आशिमा, डॉ. शिल्पी झा, डॉ. मेघा, मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित तथा पारा- मेडिकल टीम के सभी सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ज्ञात हो कि सीसीएल जन आरोग्य केंद्र लगातार समुदाय के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए ऐसे जनसेवी कार्यों के प्रति प्रतिबद्ध है।

## समाजसेवी सुदीप महतो के माता के श्राद्धकर्म में शामिल हुई गणमान्य



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के बांगुड़दा गांव के समाजसेवी सुदीप कुमार महतो के माताजी के श्राद्धकर्म में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। समाजसेवी सुदीप कुमार महतो ने बताया कि गांव के हर समाजिक अनुष्ठान में मेरे पिताजी के बाद मेरी माताजी गांव के हर तबके के लोगों के हर सुख दुख में सहयोग किया था। इनके निधन से गांव के ग्रामीणों में शोक व्यक्त किया। श्राद्ध कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## लोक समर्पण संस्था द्वारा 14 दिसंबर को महारक्तदान शिविर




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** लौहनगरी जमशेदपुर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था लोक समर्पण द्वारा आगामी 14 दिसंबर को सिदगोड़ा स्थित सोन मंडप परिसर में एक दिवसीय महारक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए संस्था व्यापक स्तर पर तैयारियाँ कर रही है। संस्था के संरक्षक एवं युवा समाजसेवी ललित दास के नेतृत्व में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं की उपस्थिति में लगातार बैठकें आयोजित कर लोगों को शिविर में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। साथ ही, शिविर की बेहतर रूपरेखा तय करने के लिए सुझाव भी लिए जा रहे हैं। बैठक में रक्तदान शिविर के प्रचार-प्रसार एवं जनभागीदारी के लिए पोस्टरों का वितरण भी किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्था के संरक्षक ललित दास ने बताया कि लोक समर्पण संस्था बीते कई वर्षों से समाज सेवा के विविध कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाती रही है। इस बार संस्था ने रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष पहल की है। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवन बचाने का सर्वोत्तम कार्य है और शिविर में अधिक से अधिक युवाओं एवं मातृशक्ति को शामिल करना हमारी संस्था का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले रक्तदाताओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने एवं रक्तदान हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भेंट स्वरूप हेलमेट दिया जाएगा। साथ ही, प्रत्येक रक्तदाता को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जाएगा। ललित दास ने बताया कि सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाले इस शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं के भागीदारी की उम्मीद है। संस्था के सभी सदस्य पूरे समर्पण और तन्मयता से आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं। संस्था इस नेक मानवीय कार्य में योगदान देने वाले प्रत्येक रक्तदाताओं के सुविधा और सहूलियत का पूरा ध्यान रखेगी। वहीं, उन्होंने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें

### 4 हाथियों ने सरिया में मचाया उत्पात,दीवार तोड फसलों को रौंदा, 12 क्विंटल धान व 5 क्विंटल चावल खाये



**सरिया :** बीते गुरुवार/शुक्रवार की रात लगभग दो बजे 4 हाथी ने सरिया के चौधरीडीह गांव के श्यामनगर टोला में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने किसानों के बाड के दीवार तोडकर उसमें लगे गन्ना, आलू,मटर व गेहूँ के फसल को रौंद दिया, इसके बाद खलिहान में रखे लगभग 12 क्विंटल धान को चट कर गये। इसके बाद पीछे की खिडकी तोडकर उसमें रखे लगभग 5 क्विंटल चावल भी खा गया। इसे लेकर ग्रामीणों ने बताया कि 4 हाथियों का झुण्ड गुरुवार/शुक्रवार की रात लगभग 2 बजे जंगल के रास्ते श्यामनगर पहुंचा। हाथियों के चिंघाडने व दीवार तोड? की आवाज सुनकर लोग जगे और हो हल्ला किया। हल्ला सुनकर ग्रामीण जुटे और वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर वन विभाग की टीम पहुंची और उसे खदेड़ने में जुट गई। इसे लेकर भुक्तभोगी किसान किशुन महतो,बिनोद महतो,निर्मल महतो आदि ने बताया कि रात में हाथियों के झुंड ने बाउंड्री को तोड़ते हुए लगभग 1 लाख का फसल और 50 फीट बाउंड्री का नुकसान पहुंचाया है। और यह पहली बार नहीं हुआ है प्रत्येक वर्ष इन जंगली हाथियों के द्वारा साल में दो बार लाखों का नुकसान पहुंचाया जाता है। लेकिन वन विभाग के द्वारा एक बार भी मुआवजा नहीं दी जाती है। जिससे हम जैसे छोटे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। वहीं भाजपा नेता निर्मल भारती ने वन विभाग से अबिलम्ब भुक्तभोगी किसानों को मुआवजा देने की माँग की है। वन परिसर पदाधिकारी अंशु कुमार पांडेय ने बताया कि गुरुवार की देर रात 4 हाथियों का झुंड सरिया क्षेत्र में प्रवेश किया है।

### मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने काम बंद करवाया



**सरिया :** विगत 7 दिसंबर को सरिया स्थित रांची दुमका मुख्य मार्ग कोवड़िया टोला के पास पीएचडी विभाग के ठेकेदार के द्वारा पाइप डालने के लिए दिन में रास्ते खोदकर पूरी तरह से आवागमन बाधित कर दिया गया था। जिससे आम जनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसकी चपेट में राहुल महतो-पिता भीम महतो के पुत्र नावाडीह बी सी से पैसा निकाल कर टू वीलर वाहन से आ रहे थे। उसी वक्त सरिया से राजधनवार की ओर जा रही एक चार पहिया वाहन से जोरदार एक्सीडेंट हो गया। जिससे बाइक चालक राहुल महतो गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही परिजनों के द्वारा सत्य प्रभा हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया। वहां से उन्हें रेफर धनबाद अशरफी हॉस्पिटल में कर दिया गया। इलाज के 18 घंटे के बाद उनके होश आया और वर्तमान में उनका इलाज जारी है। आक्रोशित परिवार ने शुक्रवार को सरिया पीएचडी विभाग के ठेकेदार से टेलीफोन के माध्यम मुआवजे की मांग किया। ठेकेदार द्वारा नहीं मानने पर आक्रोषित लोगों ने तत्काल काम बंद करवा दिया है। एवं पीडित परिवार के संग बैठकर बातें करने काम चालू करने की बात कही। जिसकी अगुवाई जे एल के एम नेता धर्मपाल महतो ने किया। मौके पर सिकंदर कुमार, अमित वर्मा, विजय वर्मा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## महुलबना पंचायत में 15वें वित्त आयोग मद से होगा उप स्वास्थ्य के केंद्र का निर्माण कार्य



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** झारखंड सरकार के जिला परिषद के 15वें वित्त आयोग मद से स्वीकृत स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण कार्य का शुक्रवार को महुलबना पंचायत के महुलबना गाँव में विधिवत शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू और सासंद प्रतिनिधि महावीर महतो सहित कई ने किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिलान्यास समारोह के दौरान विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू ने कहा कि उपकेंद्र भवन बनने से गाँव और आसपास के क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ सुलभ होंगी तथा गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को समय पर उपचार मिल सकेगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से बताया कि यह भवन आधुनिक मानकों के अनुसार बनाया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। साथ ही समयबद्ध तरीके से निर्माण कार्य पूरा करने का आश्वासन भी दिया गया।कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, जिला परिषद प्रदीप बेसरा, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष अश्वनी महतो, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, ग्राम प्रधान रजनी कांत महतो, वार्ड सदस्य भीम चंद्र महतो, धीरेन महतो, समिति प्रतिनिधि मनोज कु० महतो, भूषण मांडी, बंकविहारी मांडी, कानाई हांसदा, चंदो माँझी, सदानन्द महतो, समाई, हाड़ीराम महतो, परीक्षत महतो, मणिक महतो, स्वपन महतो, ललित मोहन महतो, विश्वनाथ महतो, छूटुलाल, रामपदो महतो एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। शिलान्यास के साथ ही क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के मजबूतीकरण की उम्मीदें और बढ़ गई हैं।

## प्लैनेट पायोनियर्स क्लब का भव्य शुभारंभ नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर :** नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी के प्लैनेट पायोनियर्स नामक नवगठित क्लब का शुभारंभ 11 दिसंबर 2025 को विश्वविद्यालय सभागार में बेहद गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि अमिताव घोष , माननीय कुलपति डॉ. प्रभात कुमार पाणि, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण तथा उत्साहित विद्यार्थियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं कुलपति द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन से हुआ। यह दीप प्रज्वलन ज्ञान, प्रगति और एक नई यात्रा के आरंभ का प्रतीक रहा। इसके बाद मंच से प्लैनेट पायोनियर्स क्लब के उद्देश्यों, विजन और कार्ययोजना पर प्रकाश डाला गया। क्लब का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता, वैज्ञानिक जिज्ञासा, नवाचार, नेतृत्व क्षमताओं को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों को सस्टेनेबिलिटी तथा वैज्ञानिक अन्वेषण से जुड़े कार्यों के लिए प्रेरित करना है। यह क्लब विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान करेगा जहां वे नवाचार परियोजनाओं, समूह सीखने और सामुदायिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले सकेंगे। माननीय कुलपति डॉ. प्रभात कुमार पाणि ने अपने संबोधन में इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना करते हुए कहा कि छात्र-नेतृत्व वाली गतिविधियाँ उनकी रचनात्मकता, आत्मविश्वास और समग्र विकास को नई दिशा देती हैं।

## महिला कॉलेज के भूगोल विभाग में मना फ्रेशर्स डे श्रुति बनीं मिस फ्रेशर्स

**पश्चिमी सिंहभूम :** महिला कॉलेज के भूगोल विभाग में शुक्रवार को बीए प्रथम वर्ष की नई छात्राओं के स्वागत के लिए फ्रेशर्स डे कार्यक्रम उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सेमेस्टर की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुती दी और फ्रेशर्स के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर श्रुति कुमारी को मिस फ्रेशर्स-2025 चुना गया। कार्यक्रम में भूगोल विभाग की सहायक प्राध्यापक मनीषा बिरुवा, नम्रता खलखो, राजनीतिक विज्ञान विभाग की सोना माई सुंडी, डॉ अंजना सिंह, बीएड विभाग की एमके हाशमी, डॉ बबिता कुमारी, एमएम मिश्रा और इंटर विभाग की शताब्दी दत्ता उपस्थित थीं।

## सरायकेला में मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत तीन समितियों को ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्र वितरित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला :** शुक्रवार को जिला समाहरणालय परिसर सरायकेला में भूमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के अंतर्गत चयनित महिला तथा छअटढर समितियों – शिवानी आजीविका सखी मंडल, मां संतोषी महिला समिति तथा लाकाडी LAMPS – के बीच तीन ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्र का वितरण उपायुक्त नितिश कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर ट्रैक्टर की चाबी सौंपते हुए उपायुक्त ने योजना के उद्देश्यों, कृषि में आधुनिक उपकरणों की भूमिका तथा किसानों की आय वृद्धि से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध कराकर कृषि कार्यों को तकनीकी, समय-कुशल एवं लागत-प्रभावी बनाना है। उन्होंने निर्देश दिया कि ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रों का उपयोग भूमि सुधार, फसल विविधीकरण, सिंचाई क्षमता सुदृढ़ीकरण तथा मिट्टी संरक्षण कार्यों में किया जाए, ताकि अधिकाधिक किसान इस योजना से लाभान्वित हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त ऐसे सहायक उपकरणों से न केवल कृषि कार्यों में सुगमता आती है, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि होती है और वे सशक्त एवं स्वावलंबी बनने की दिशा में अग्रसर होते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मशीनरी का नियमित रखरखाव, योजनानुसार उपयोग तथा संचालन में पारदर्शिता बनाए रखना समिति की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने महिला एवं छअटढर समिति सदस्यों तथा किसानों से संवाद स्थापित करते हुए उनके कृषि कार्यों, तकनीकी खेती की आवश्यकता, उत्पादन क्षमता तथा मौसमी चुनौतियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने समिति सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्रों के अन्य किसानों को सरकार की विभिन्न किसान-हितकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रेरित करें, ताकि ग्रामीण स्तर पर अधिक से अधिक किसान आधुनिक कृषि तकनीकों, सामूहिक कृषि मॉडल एवं उत्पादन-वृद्धि से संबंधित उपायों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य किए जाने से योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होता है। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, DPM, JSLPS, तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा द्वारा प्रकाशित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 07/2025–26 (प्रथम आमंत्रण) PR. No. 367786 में परिमाण विपत्र का मूल्य एवं कार्य अवधि में भुल सुधार कर निम्नांकित संशोधन किया जाता है, जिसमें निविदा ग्रुप संख्यावार संशोधित परिमाण विपत्र की राशि तथा कार्य अवधि निम्नांकित तालिका में अंकित किया गया है –

| क्र० | ग्रुप सं० | संशोधित परिमाण वि० का मूल्य (रू० में) | संशोधित कार्य अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | 2 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | 3 | 5000.00 | 03 माह |
| 4 | 4 | 5000.00 | 03 माह |
| 5 | 5 | 5000.00 | 03 माह |
| 6 | 6 | 5000.00 | 03 माह |
| 7 | 7 | 5000.00 | 03 माह |
| 8 | 8 | 5000.00 | 03 माह |
| 9 | 9 | 5000.00 | 03 माह |
| 10 | 10 | 5000.00 | 03 माह |

शेष कंडिकाएं यथावत रहेंगी।
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा
PR 368400 (Simdega)25-26*D



**कार्यालय, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ................/ दिनांक ................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 30.10.2025 को गुप्त सूचना के आधार पर गुमला बाईपास रोड में ग्राम अरमई के पास से 06 पीस आम बोटा सहित एक स्वराज ट्रेक्टर सं0–अज्ञात एवं ट्रोली सं0–JH07C8124 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर गुमला वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 07.01.2026 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।
PR.NO.368391 Forest, Environment and Climate Changes(25-26):D



**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग**

**–: आम सूचना :–**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 मो0 सफी खाँ
- स्व0 जकी खाँ
  - कमाल वारिस खाँ
- स्व0 अली हसन खाँ
  - मो0 जावेद खाँ
  - मो0 जमाल खाँ

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग।
PR.NO.368367 District(25-26):D

## स्वास्थ्य के अधिकार की लड़ाई

भारत में स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा और उसकी दिशा तेजी से बदल रही है। चिकित्सा, जो कभी सार्वजनिक दायित्व और कल्याणकारी राज्य की बुनियादी जिम्मेदारी माना जाता था, अब अधिकाधिक निजी क्षेत्र के हाथों में जाता दिख रहा है। एक ओर, सरकारी स्वास्थ्य ढांचा सीमित बजट, कम मानव संसाधन और कमजोर बुनियादी ढांचे से जूझ रहा है; दूसरी ओर, निजी अस्पतालों और कॉरपोरेट मेडिकल चेन की पहुंच और उसका प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। दोनों के बीच आम नागरिक, विशेषकर गरीब-ग्रामीण और हाशिए पर रहने वाले समुदाय, स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती लागत और असमान पहुंच के बोझ तले दब रहे हैं। इसी बदलते परिदृश्य में, यह बहस तेज हो गई है कि क्या स्वास्थ्य को न्यायसंगत और लागू करने योग्य मौलिक अधिकार बनाया जा सकेगा। यह कानूनी के साथ-साथ राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रश्न भी है। भारत में स्वास्थ्य का अधिकार अप्रत्यक्ष रूप से अनुच्छेद 21 के अंतर्गत न्यायालयों द्वारा मान्यता प्राप्त है, पर इसे अभी तक स्पष्ट रूप से स्वतंत्र मौलिक अधिकार नहीं बनाया गया है। इसका बड़ा कारण यह है कि राज्य अभी तक ऐसी बाध्यकारी जिम्मेदारी स्वीकार करने की स्थिति में नहीं है जिसमें हर नागरिक को समान, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके। भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि देश विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है, परंतु स्वास्थ्य पर होने वाला सार्वजनिक व्यय आज भी दुनिया के सबसे कम आंकड़ों में शामिल है। जब राज्य स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पर्याप्त बजट नहीं देता, तब स्वाभाविक रूप से रिक्त स्थान निजी क्षेत्र भरता है और यहीं से उत्पन्न होती है अनियंत्रित शुल्क, अनावश्यक चिकित्सा प्रक्रियाएँ और आम व्यक्ति की आर्थिक तबाही। निजीकरण के विस्तार का दूसरा पहलू यह है कि यह केवल स्वास्थ्य सुविधाओं के संचालन तक सीमित नहीं है; यह स्वास्थ्य नीति, दवाओं की कीमतों, बीमा योजनाओं और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) की दिशा को भी प्रभावित कर रहा है। जब स्वास्थ्य एक लाभ आधारित उद्योग में बदल जाता है तब उपचार की प्रकृति, लागत, पहुंच और गुणवत्ता सभी बाजार के नियमों के अधीन हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य का अधिकार कागज पर तो हो सकता है पर धरातल पर वह व्यापक रूप से लागू नहीं हो पाता। एक और गंभीर समस्या है क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट, 2010 का कमजोर क्रियान्वयन। जिन राज्यों में यह लागू भी है, वहाँ भी नियमन और पारदर्शिता कमजोर हैं। मरीजों से मनमाना शुल्क, अनावश्यक जाँच की सलाह, महंगे पैकेज और अत्यधिक दरों पर सर्जरी जैसी शिकायतें आम हैं। यह स्थिति तब और जटिल हो जाती है जब मरीज की ओर से शिकायत या न्याय पाने की व्यवस्था कमजोर और अप्रभावी हो। इसके साथ ही, भारत में आउट-ऑफ-पॉकेट एक्सपेंडिचर अभी भी कुल स्वास्थ्य व्यय का 40% के आसपास है। यानी मरीजों को अपनी जेब से भारी राशि खर्च करनी पड़ती है। आयुष्मान भारत जैसी सरकारी बीमा योजनाओं का उद्देश्य भले आर्थिक सुरक्षा देना हो, पर इनके दायरे में आने वाली प्रक्रियाएँ सीमित हैं और निजी अस्पतालों द्वारा इनका उपयोग कई बार मनमाने ढंग से किया जाता है। बीमा आधारित मॉडल ने स्वास्थ्य खर्च की समस्या को हल नहीं किया है बल्कि कई बार यह निजी क्षेत्र के लिए नया ग्राहक-स्रोत बन गया है। स्वास्थ्य अधिकार को न्यायिक रूप से लागू करना तभी संभव है जब स्वास्थ्य क्षेत्र का ढांचा मजबूत हो। इसके लिए सबसे पहले जरूरी है कि सरकार सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय को बढ़ाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्वास्थ्य पर जीडीपी का कम-से-कम 5% खर्च होना चाहिए; जबकि भारत अभी 2% से भी कम खर्च करता है। प्राथमिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत किए बिना, विशेषज्ञ डॉक्टरों, नर्सों और सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकताओं की संख्या बढ़ाए बिना, दवाओं और जांचों को सस्ता किए बिना और स्वास्थ्य संस्थानों में जवाबदेही मजबूत किए बिना, इस अधिकार को प्रभावी ढंग से लागू किए जाने की कोशिशें बेमानी होंगी।

# ऊर्जा-संकट से बचने लिए जरूरी है ऊर्जा संरक्षण

**गिरीश्वर मिश्र**

ऊर्जा के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। भौतिक नियम बताता है कि ऊर्जा न पैदा की सकती है न समाप्त; उसका सिर्फ रूपांतरण ही होता है। मानव जीवन की सारी गतिविधियाँ इस मायावी ऊर्जा पर ही टिकी हुई हैं। ऊर्जा ही अपना रूप बदल-बदल कर हमारी कल्पनाओं को साकार करती है। सामान्यतः अदृश्य-सी रहने वाली ऊर्जा हमारे दृश्य जगत को रचते हुए हर जगह हावी है। ऊर्जा के नए-नए स्रोत खोजे जाते रहे हैं जो आणविक ऊर्जा तक पहुँचे हैं। ईंधन से भोजन बनाने में ही नहीं उसके लिए प्रयोग में आने वाली सामग्री हम तक पहुचे इसके लिए हर कदम पर जरूरी मशीन, उर्वरक, पानी सबके लिए अलग-अलग तरह से ऊर्जा की जरूरत पड़ती है। ऐसे ही परिवहन, मौसम से सुरक्षा और वस्तुओं के निर्माण के लिए भी ऊर्जा आवश्यक है।

दरअसल, आधुनिक जीवन शैली, पारिस्थितिकी, प्रदूषण और ऊर्जा के उपयोग के प्रश्न आपस में बुरी तरह से गुँथे हुए हैं। विकास के साथ प्रति व्यक्ति ऊर्जा की माँग बढ़ रही है। समृद्ध देशों में जीवन स्तर को उन्नत रखने के लिए अधिकाधिक ऊर्जा चाहिए, उभरते देशों में कृषि अर्थ व्यवस्था से औद्योगिक व्यवस्था की तरफ आगे बढ़ने में भी ऊर्जा चाहिए। परंतु यह भी जरूरी है कि उन 80 प्रतिशत लोगों के साथ मिल कर काम किया जाय जिनके पास केवल एक चौथाई संपत्ति है। ऊर्जा की समस्या वैज्ञानिक, तकनीकी, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कई जटिल समस्याओं का परस्पर गुँथा समूह है।

भारतवर्ष की विशालकाय जनसंख्या और आर्थिक गतिविधि में तेजी के कारण यहाँ ऊर्जा की माँग निरंतर बढ़ती जा रही है। आज भारत विश्व में ऊर्जा की खपत की दृष्टि से तीसरे स्थान पर है। परंतु हमारा बुनियादी ढांचा कमजोर पड़ रहा है जिसके चलते बिजली आपूर्ति में बड़ी बाधा पहुँचती है और उसका दुरुपयोग भी होता है। साथ ही देश में ऊर्जा की गरीबी भी बनी हुई है। दुर्बल वर्ग के लोगों को बिजली और अन्य आधुनिक ऊर्जा के संसाधन अभी भी उपलब्ध नहीं हो सके हैं। यह भी गौरतलब है कि जीवाश्म ऊर्जा (फॉसिल फ्यूल) के अत्यधिक उपयोग से कार्बन उत्सर्जन की मात्रा भी तेजी से बढ़ रही है। इसका पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव है और वह खतरनाक साबित हो रहा है।

भारत की ऊर्जा मुख्यतया जीवाश्म ईंधन यानी कोयला, तेल तथा गैस आदि से उपलब्ध होती है। आज देश में बिजली उत्पादन का 70 प्रतिशत कोयले पर टिका है। आयात और घरेलू आपूर्ति में कमी के चलते यह अब बड़ा मंहगा पड़ रहा है। इस पर निर्भरता, ऊर्जा की बढ़ती मांग, अन्य देशों पर निर्भरता, पुराने किस्म का ढाँचा और नवीकरण की संभावना वाले ऊर्जा स्रोतों को अपनाने में धीमी गति ने देश के सामने मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। इनसे ऊर्जा-सुरक्षा, विकास के टिकाऊपन और पर्यावरण प्रदूषण से जुड़ी समस्याएं जन्म ले रही हैं। सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा में निवेश तो बढ़ा है फिर भी कच्चे तेल और कोयले के आयात के कारण आर्थिक दबाव बहुत ज्यादा बना हुआ है। आज आवश्यकता है कि नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार हो और ऊर्जा का कुशलतापूर्वक उपयोग किया जाय। देश को अपने संसाधनों की खोज बढ़ानी होगी ताकि ऊर्जा की दृष्टि से आत्मनिर्भरता का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। बिजली के ट्रांसमिशन और वितरण के नेटवर्क को अविलंब सुधारना होगा ताकि ऊर्जा चोरी और दुरुपयोग की रोकथाम हो सके।

विशेषज्ञों के अनुसार वैश्विक स्तर पर ऊर्जा समस्या अगले सौ वर्षों में मानवता की शीर्ष दस समस्याओं में से एक गंभीर समस्या बनेगी। वह मानवता के सम्मुख खड़ी समस्याओं में विकटतम हो रही है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि पिछले खाड़ी युद्धों और सद्यः चल रहे युद्ध की पृष्ठभूमि में ऊर्जा का प्रश्न भी मौजूद है। बढ़ती जनसंख्या से ऊर्जा की जरूरतें निरंतर बढ़ रही है। नवीकरणीय ऊर्जा समस्या से निपटने की एक अच्छी युक्ति है। सौर ऊर्जा मानव जाति की सभी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त भी है। इस विशाल ऊर्जा स्रोत का दोहन एक समाधान है। ऊर्जा संरक्षण के प्रश्न पर विचार करते हुए कम खचीर्ले और प्रदूषणमुक्त ऊर्जा स्रोतों की खोज जारी है। हाइड्रोजन आधारित ऊर्जा के उपयोग की दिशा में प्रगति हुई है। ऊर्जा संकट का एक व्यवहारिक पक्ष भी है। इस संकट का समाधान ऊर्जा-संरक्षण के लिए जरूरी अभ्यास की अपेक्षा करता है। आदतों में बदलाव द्वारा ऊर्जा के उपभोग में कमी लाकर ऊर्जा के दुरुपयोग को नियंत्रित और कम किया जा सकता है। इस दृष्टि से विभिन्न कार्यों के लिए कम ऊर्जा की खपत वाली ऊर्जा-सक्षम तकनीकों का अवलंबन भी कारगार साबित होगा। ऐसे कदम उठाने का पर्यावरणीय लाभ भी मिलेगा। ग्रीन हाउस गैस के उत्पादन पर नियंत्रण होगा और दूसरे प्रदूषकों, जो जलवायु-परिवर्तन को तीव्र करते हैं और प्राकृतिक आवास का क्षरण करते हैं उनसे रक्षा भी होगी। इससे घर या व्यापार हर क्षेत्र में खर्चे में कमी आएगी। ऊर्जा संरक्षण के लिए संसाधन-प्रबंधन की सख्त जरूरत है। हमें वर्तमान ऊर्जा-संसाधनों का विस्तार करना होगा और ऊर्जा-सुरक्षा को सुनिश्चित करना होगा। इन सब उपायों से आयातित ऊर्जा पर हमारी निर्भरता घट सकेगी।

वस्तुतः ऊर्जा-संरक्षण का लक्ष्य अपने व्यवहार-बर्ताव में बदलाव तथा विभिन्न क्षेत्रों में तकनीकी के विकास द्वारा पाया जा सकता है। उदाहरण के लिए घर में बिजली का उपयोग अपनी आवश्यकता के अनुसार किया जाना चाहिए। कमरे से बाहर जाते समय ध्यान से स्विच ऑफ कर देने की आदत बिजली बिल में बड़ी बचत ला सकता है। प्राकृतिक प्रकाश का अधिकाधिक उपयोग करना भी प्रभावी उपाय है। ऊर्जा की किफायत वाले एलएडी बल्व लगाने से लगभग 75 प्रतिशत ऊर्जा की बचत होती है। इसी तरह विभिन्न उपकरणों के उपयोग के तरीकों को भी सुधारना होगा। जब उपकरण को उपयोग में न ला रहे हों तो अनप्लग कर देना, स्वचालित ऑफ होने की व्यवस्था रखना बहुत लाभकर होता है। हीटिंग और कूलिंग के लिए प्रोग्राम वाली थर्मोस्टेट की व्यवस्था महत्वपूर्ण होती है। आज यातायात में भी ऊर्जा की बड़ी खपत होती है। इसलिए कोशिश की जानी चाहिए कि कम से कम ड्राइव करें। इसकी जगह पैदल चलना, साइकिल का उपयोग, परिवहन के जन-माध्यम (जैसे-बस, ट्रेन, मेट्रो आदि) का उपयोग बड़ी कारगार पहल हो सकती है। निजी वाहनों का कम से कम उपयोग किया जाना चाहिए। इससे सड़कों पर वाहनों की अतिरिक्त भीड़ जिससे जाम लगता है और प्रदूषण होता है घटेगी। वाहन को अनावश्यक तेज या कम गति से नहीं चलाना चाहिए। इसी दृष्टि से हाइब्रिड, बिजली का वाहन या वह जो कम ईंधन की खपत करता हो आ रहे हैं और लोकप्रिय भी हो रहे हैं।

व्यापार-व्यवसाय का नियमित ऊर्जा आडिट किया जाना चाहिए ताकि ऊर्जा के दुरुपयोग का ठीक से पता चल सके और ऊर्जा-सक्षम उपकरणों का उपयोग सुझाया जा सके। उपकरणों को अपग्रेड करना तथा ऐसी प्रणाली लागू करना जो अपशिष्ट औद्योगिक ऊर्जा का उपयोग कर सके लाभकर सिद्ध होगा। आज जान बूझकर ऊर्जा का कम-से-कम उपयोग करने को प्रोत्साहित करने की जरूरत है ताकि खर्च में कमी हो, अपशिष्ट कम पैदा हो, पर्यावरण की रक्षा हो और भविष्य के लिए ऊर्जा-सुरक्षा भी हो सके। कम-से-कम ऊर्जा सेवाओं का लाभ लेना और ऊर्जा का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए हरित अभियांत्रिकी के तौर-तरीके अपनाने होंगे।

ऊर्जा का उत्पादन और उपयोग एक बहुआयामी प्रश्न है जिसके साथ राजनैतिक मुद्दे, तकनीकी विकास, आर्थिक प्रगति, पर्यावरण के सरोकार महत्वपूर्ण रूप से जुड़े हुए हैं। साथ ही उपभोक्ता व्यवहार जटिल होता है और व्यक्तित्व, सामाजिक मानक, ऊर्जा-संरक्षण के प्रति अभिवृत्ति, आरामदायक जीवन शैली की पसंद, ऊर्जा-सुरक्षा की चेतना, पर्यावरण के प्रति मैत्री आदि पर निर्भर करता है। ऊर्जाक्षम प्रणालियों को अपनाने और विवेकपूर्ण ऊर्जा का उपयोग द्वारा ही ऊर्जा संरक्षण संभव है। उपभोक्ता व्यवहार को बदल कर ही दीर्घकालिक और स्थायी समाधान मिल सकेगा। विवाह समारोह, संगीत, नृत्य, रैली और अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम बताते हैं कि हमारी बिगड़ी आदतें ऊर्जा की माँग को बढ़ाती जा रही हैं। अनावश्यक ऊर्जा उपयोग किसी के हित में नहीं है। ऊर्जा की समस्या सार्वभौमिक है और जैसा स्टॉकहोम घोषणा में कहा गया था पृथ्वी एक है, इस बात को साबित कर रही है। ऊर्जा के मुद्दे आधुनिक समाज में ऊर्जा के वितरण, उपलब्धता और आपूर्ति के साथ उसके टिकाऊपन और स्वच्छ यानी प्रदूषणमुक्त ऊर्जा स्रोत की तलाश तकनीकी उन्नति के साथ ही हमारे संस्कार और व्यवहार पर भी निर्भर करेगा।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

# सोशल मीडिया का बढ़ता वर्चस्व और खोता हुआ बचपन

**ललित गर्ग**

पिछले एक दशक में जिस सोशल मीडिया को आधुनिकता की उपलब्धि, अभिव्यक्ति की आजादी और वैश्विक संपर्क का सबसे बड़ा माध्यम माना गया था, उसी सोशल मीडिया ने अब अपने छिपे डरावने एवं वीभत्स चेहरे दिखाने शुरू कर दिए हैं। पश्चिमी देश, जो कल तक इसके गुणगान करते नहीं थकते थे, अब उसके दुष्परिणामों से भयभीत होने लगे हैं। यह भय यूं ही नहीं है-अनेक देशों में बच्चों की आत्महत्याओं, हिंसक व्यवहार, मानसिक विकारों, नशे जैसे डिजिटल व्यसनों और सामाजिक विकृतियों के बढ़ते आंकड़ों ने सोशल मीडिया की वास्तविकता का पदार्फाश किया है। इसी पृष्ठभूमि में आस्ट्रेलिया की सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाकर विश्व-समुदाय को चेताया भी है और झकझोर भी दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया कंपनियों से वह अधिकार वापस ले लिए हैं, जिनके दुरुपयोग ने बच्चों के जीवन और अभिभावकों की मानसिक शांति को संकट में डाल दिया था। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह सुधार बच्चों को 'बचपन जीने का अधिकार' लौटाने के लिए है-उन जिंदगियों को नया मोड़ देने के लिए है जो सोशल मीडिया ने समय से पहले वयस्कता, अस्वस्थता, तनाव और विकृतियों में धकेल दी थीं। इतना ही नहीं, 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के अकाउंट नहीं हटाने पर लगभग पाँच करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुमार्ना लगाने का प्रावधान देश का रुख साफ करता है कि अब बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस पहल के बाद पश्चिमी जगत में सुगबुगाहट बढ़ी है। ब्रिटेन से लेकर अमेरिका तक सवाल उठ रहे हैं कि यदि ऑस्ट्रेलिया यह साहस दिखा सकता है तो वे क्यों नहीं? यह सुगबुगाहट केवल सरकारों में ही नहीं है-उन अभिभावकों में भी है जिन्होंने सोशल मीडिया को अपने बच्चों की आत्महत्या, अवसाद और चरित्र-भंग का मूल कारण मानना शुरू कर दिया है। वास्तव में, इस संकट की शुरूआत तब हुई जब सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्मों ने बच्चों को आकर्षित करने के लिए ऐसे एल्गोरिद्म बनाए, जो उनका अधिकतम समय खाएं, उनकी जिज्ञासाओं को उकसाएं और उनके भीतर छिपी संवेदनशीलता का दोहन करके उन्हें सोशल मीडिया निर्भरता की स्थिति तक ले जाएं। इन प्लेटफॉर्मों पर वयस्क सामग्री, द्विअर्थी वीडियोज, हिंसक गेम्स, 'लाइक-फॉलोअर' जैसे डिजिटल भ्रमों का ऐसा सैलाब है जिसने बच्चों की मनोवैज्ञानिक संरचना को गहरी चोट पहुंचाई है। नतीजा यह है कि आज बच्चे समय से पहले वयस्क हो रहे हैं-शरीर से नहीं, मानसिकता से।

भारतीय परिवार-व्यवस्था, संस्कार और मूल्य-व्यवस्था इस संकट की चपेट में और तेजी से आए हैं। पहले जहां बच्चे माता-पिता, शिक्षक और संस्कारों से सीखते थे, आज वे 'रील्स' और 'शॉर्ट वीडियोज' एवं अश्लील सामग्री से सीख रहे हैं। जो सामग्री उनके सामने आ रही है, वह न भारतीय चरित्र से मेल खाती है न जीवन-मूल्यों से। निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा तैयार ये सामग्री बच्चों के मन में गलत आदर्श, गलत नायक और गलत आकांक्षाएं भर रही है। सवाल यह है कि क्या बच्चे स्वयं सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर रहे हैं, या सोशल मीडिया उन्हें एक सुनियोजित तरीके से अपनी गिरफ्त में ले रहा है? सच्चाई का उत्तर दूसरा है। इन प्लेटफॉर्मों पर अमर्यादित सामग्री की भरमार है-जिसे देखकर किशोरों में अपराधी प्रवृत्तियों की ओर उन्मुखता बढ़ रही है। ब्रह्मचर्य, संयम, अनुशासन और चरित्र जैसे भारतीय मूल्य हाशिये पर जा रहे हैं। इसके साथ-साथ एक गंभीर स्वास्थ्य-संकट जन्म ले रहा है। घंटों मोबाइल पकड़े बैठने से बच्चे शारीरिक सक्रियता से दूर हो रहे हैं। मोटापा, नींद की कमी, सिरदर्द, रीढ़ संबंधी विकार और यहां तक कि किशोरावस्था में मधुमेह जैसे रोगों के मामले बढ़ रहे हैं।

मानसिक रूप से स्थिति और भी भयावह है। लगातार स्क्रॉल करने की आदत बच्चों की एकाग्रता को चकनाचूर कर रही है। शिक्षा पर इसका सीधा दुष्प्रभाव दिखाई दे रहा है। जो बच्चे घंटों कल्पना-लोक में विचरण करते हैं, वे वास्तविकताओं से जूझते समय टूटने-बिखरने लगते हैं। उनकी सहनशक्ति कम हो रही है, आत्मविश्वास टूट रहा है, और असफलताओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ रही है-जो कई बार आत्महत्या जैसी भयावह प्रवृत्तियों को जन्म देती है। भारत भी इस संकट से अछूता नहीं है। ऑनलाइन बुलिंग, ऑनलाइन ठगी, व्यभिचार से जुड़ी सामग्री, गुमराह करने वाले 'इन्फ्लुएंसर', फर्जी पहचान, ऑनलाइन हिंसा और डिजिटल व्यसन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कई बार बच्चे अपराधों में नहीं, बल्कि अपराधों के शिकार के रूप में फंसते हैं-लेकिन उन्हें बचाने वाला कोई नहीं दिखता। सोशल मीडिया कंपनियों का रवैया लापरवाह रहा है, क्योंकि उनका लक्ष्य बच्चों की सुरक्षा नहीं, बच्चों का उपयोग करके मुनाफा कमाना है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत में भी ऑस्ट्रेलिया जैसे कठोर कदम उठाए जाने चाहिए? उत्तर है-बिल्कुल होना चाहिए। और वह भी तुरंत।

भारत की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा किशोरों और युवाओं का है। यदि यह पीढ़ी सोशल मीडिया के अंधाधुंध प्रभाव में ढल गई, तो भविष्य में हमें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत की वह पहचान, जहां दुनिया भर में भारतीय प्रतिभा, अनुशासन और बुद्धिमत्ता की मिसाल दी जाती थी, वह धूमिल पड़ने लगेगी। यह संकट केवल सरकार का नहीं है-यह समाज, विद्यालयों, अभिभावकों और मीडिया-संस्थानों का संयुक्त संकट है। अभिभावकों को बच्चों को मोबाइल देना उनकी 'मांग' समझ में आता है, लेकिन उनको दिशा देना उनका कर्तव्य है। विद्यालयों को बच्चों को डिजिटल शिष्टाचार, डिजिटल योग्यता और डिजिटल अनुशासन के बारे में शिक्षित करना चाहिए। सरकार को सामाजिक जिम्मेदारी के साथ ऐसे नियम बनाने चाहिए, जिनमें सोशल मीडिया कंपनियों को बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाना पड़े। ऑस्ट्रेलिया ने यह कर दिखाया। और दुनिया सहम गई। अब बारी भारत और अन्य देशों की है। क्योंकि बच्चों का बचपन सिर्फ उनका अधिकार नहीं-पूरे समाज का भविष्य है। यदि यह बचपन सोशल मीडिया के हाथों बर्बाद होता रहा, तो आने वाले दौर में जो विकृतियां जन्म लेंगी, वे केवल सामाजिक नहीं, राष्ट्रीय संकट बन जाएंगी।

यह समय निर्णायक है। थोड़ी-सी भी देर-और समाज को इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। ऑस्ट्रेलियाई पहल ने दुनिया को एक संदेश दे दिया है कि बच्चों को बचाने का समय अब आ गया है। भारत को भी साहसिक कदम उठाकर यह साबित करना होगा कि वह डिजिटल युग के दुष्परिणामों को समझता है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित, स्वस्थ और संस्कारित वातावरण तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। बचपन को बचाइए-क्योंकि यही वह आधार है जिस पर समाज, संस्कृति और सभ्यता खड़ी होती है। और यदि यह आधार कमजोर पड़ गया, तो भविष्य की कोई भी इमारत स्थायी नहीं रह सकती।

### सूडोकु नवताल- 7642

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7641 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

# बाबरी मस्जिद के नाम पर मिलते करोड़ों के चंदे का नैरेटिव

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बाबर के नाम पर बन रही मस्जिद के लिए अब तक 2.4 करोड़ रुपए जुटाए जा चुके हैं। यह रकम केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं बल्कि देश-विदेश से भी आ रही है। यह तथ्य केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं बल्कि सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से भी गंभीर सवाल खड़े करता है। बाबरी मस्जिद का मामला हमेशा संवेदनशील रहा है। अब उसी नाम और प्रतीक के माध्यम से फिर से व्यापक समर्थन जुटाया जा रहा है, यह संकेत देता है कि राजनीतिक इस्लाम अपने उद्देश्य में लगातार सक्रिय है।

जिहाद, राजनीतिक इस्लाम की नींव है। यह सिद्धांत दुनिया को दो हिस्सों में बांटता है- मुस्लिम और गैर-मुस्लिम। इसी आधार पर दारुल-इस्लाम और दारुल-हरब की अवधारणाएँ बनीं, जहाँ मुस्लिमों और गैर-मुस्लिमों के लिए अलग शासन और नियम तय होते हैं। यही दोहरी नैतिकता राजनीतिक इस्लाम की पहचान है।

कुरान, हदीस और सीरा- तीनों में इस दोहरी नैतिकता की बार-बार पुष्टि होती है। मुहम्मद ने कहा था कि 'सारी दुनिया केवल मुसलमानों के लिए है; तुम सुरक्षित रहोगे, अगर इस्लाम स्वीकार कर लो' (सहीह बुखारी, 4:53:392)। इसका मतलब यह नहीं कि केवल आस्था का प्रश्न है बल्कि यह राजनीतिक और वैचारिक नियंत्रण का संदेश है। गैर-मुस्लिम समुदाय की परंपराओं को शिर्क और बुतपरस्ती के रूप में देखा गया और उसे समाप्त करने के लिए जिहाद को आवश्यक बताया गया।

जिहाद केवल हिंसा का नाम नहीं है। यह संघर्ष का व्यापक स्वरूप है। इसका उद्देश्य केवल हथियार उठाना नहीं बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और कानूनी ढांचे पर धीरे-धीरे नियंत्रण स्थापित करना भी है। उदाहरण के तौर पर- सड़क या सार्वजनिक स्थानों में नमाज, मंदिरों और धार्मिक आयोजनों पर आपत्ति, हलाल भोजन की मांग, शादी और पारिवारिक मामलों में धार्मिक दबाव, शरिया आधारित विवाद निपटान की मांग- ये सभी अहिंसक जिहाद के स्वरूप हैं। हिंसक और अहिंसक, सीधे और छल-कपट के माध्यम से जिहाद चलता रहता है।

सहीह बुखारी और कुरान के आंकड़े बताते हैं कि जिहाद का अधिकांश उल्लेख हथियारबंद संघर्ष से जुड़ा है। कुरान का नौवां अध्याय (अल-बारा) और आयतें 9:5, 9:29, 9:41, 9:73, 9:123- सभी स्पष्ट रूप से युद्ध के निर्देश देती हैं। यहां स्पष्ट रूप से दिखता है कि राजनीतिक इस्लाम का लक्ष्य केवल धर्मांतरण नहीं बल्कि नियंत्रण और सत्ता स्थापित करना है। इतिहास भी इस तथ्य की पुष्टि करता है। सिंध पर मुहम्मद बिन कासिम के आक्रमण से लेकर दिल्ली सल्तनत और मुगल साम्राज्य तक, भारत में जिहाद लगातार दिखाई देता है। बीसवीं सदी में मुस्लिम लीग के डायरेक्ट एक्शन और विभाजन की राजनीति में भी यही प्रवृत्ति रही। हिंसा, धमकी और दबाव- सभी जिहाद के औजार रहे हैं।

आज भारत में राजनीतिक इस्लाम केवल हिंसा या आतंकी गतिविधियों तक सीमित नहीं है। यह न्यायालयों पर दबाव, सार्वजनिक प्रदर्शन, धार्मिक मांगें, हलाल और शरीयत आधारित कानूनों की मांग, राष्ट्रीय प्रतीकों की अवमानना, शिक्षा और सामाजिक व्यवहार पर प्रभाव- सभी के माध्यम से भी सक्रिय है। यह एक दीर्घकालिक और सतत प्रक्रिया है जिसे केवल 'धार्मिक आस्था' कहकर हल्के में नहीं लिया जा सकता। इतिहास और ग्रंथ-साक्ष्य से स्पष्ट है कि जिहाद की सफलता तीन स्तंभों पर आधारित रही- दोहरी नैतिकता, समर्पण की मांग और हिंसा या दबाव का निरंतर प्रयोग। मुहम्मद के समय व्यापारी कारवां पर हमले और लूटे गए माल का वितरण, अनुयायियों की संख्या बढ़ाने के लिए रणनीतिक उपाय थे। यह प्रक्रिया समय के साथ विकसित हुई और राजनीतिक इस्लाम की सफलता का आधार बनी।

वर्तमान में भारत में इस मुद्दे पर अकादमिक और सार्वजनिक विमर्श की कमी है। पाठ्यक्रमों में इस्लामी आक्रमणों, जनसंख्या परिवर्तन और सांस्कृतिक ध्वंस का कोई विस्तृत उल्लेख नहीं होता। इसका परिणाम यह है कि समाज असावधान रहता है और राजनीतिक इस्लाम की प्रक्रिया को समझने में असमर्थ रहता है। इसके अलावा, जब गैर-मुस्लिम समुदाय जिहाद पर चर्चा करने या उसका विश्लेषण करने से डरता है, तब राजनीतिक इस्लाम और अधिक सशक्त होता है। यह 'गलत व्याख्या' या 'अत्यधिक प्रचार' के बहाने इतिहास और सिद्धांत की वास्तविकताओं से आँखें मोड़ने जैसा है।

भारत के संदर्भ में जिहाद केवल धार्मिक गतिविधि नहीं बल्कि व्यापक राजनीतिक और सामाजिक प्रक्रिया का हिस्सा है। बाबरी मस्जिद के नाम पर करोड़ों का चंदा, चाहे स्थानीय हो या अंतरराष्ट्रीय, इसका प्रतीक है। यह दशार्ता है कि धार्मिक प्रतीकों के माध्यम से राजनीतिक संदेश फैलाने की प्रक्रिया अब भी सक्रिय है। समाधान केवल सुरक्षा या कानूनी उपायों में नहीं है। समाज और नीति-निमार्ताओं को राजनीतिक इस्लाम, जिहाद के सिद्धांत, इतिहास और आधुनिक प्रक्रियाओं को समझना होगा। शिक्षण संस्थाओं में इतिहास और समाजशास्त्र के पाठ्यक्रम में इनका समावेश आवश्यक है। वास्तविकता को समझे बिना सुरक्षा और सामाजिक सामंजस्य बनाए रखना मुश्किल होगा।

अंततः राजनीतिक इस्लाम और जिहाद को हल्के में लेना भारत के सामाजिक-राजनीतिक ताने-बाने के लिए खतरनाक हो सकता है। यह केवल धार्मिक भावनाओं का प्रश्न नहीं है बल्कि वैचारिक, राजनीतिक और वैश्विक रणनीति का हिस्सा है।

## दैनिक पंचांग

**13 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 06.49 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मकर | 08.55 बजे से |
| मंगल | धनु में | कुंभ | 10.41 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 12.14 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मेष | 13.44 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | वृष | 15.24 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 17.23 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 19.36 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 21.52 बजे से |
| | | कन्या | 00.04 बजे से |
| | | तुला | 02.15 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.29 ब.से |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

**शनिवार** 2025 वर्ष का 347 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** नवमी 16.39 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त अहोरात्र।
**योग** आयुष्मान 11.16 बजे को समाप्त।
**करण** गर 16.39 बजे तदनन्तर वणिज 05.41 बजे प्रातः को समाप्त।
**चन्द्रायु** 22.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23°09'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872557
**जूलियन दिन** 2461022.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उस्सानी
**तारीख** 21

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### खड़ी पिकअप वैन से टेंपो की टक्कर, सात घायल



**सिल्ली-मुरी :** धोवरटिकरा से सिल्ली आने के दौरान एक टेंपो ने सड़क किनारे खड़ी पिकअप वैन को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में टेंपो सवार सात लोग घायल हो गए। टेंपो संख्या (JH01 BA 8124) सिल्ली पहुंचने ही वाला था कि सिल्ली ग्राम विकास स्कूल के पास सड़क किनारे खड़ी पिकअप वैन (संख्या JH01 FL 5992) से सीधी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिल्ली पहुंचाया। अधिकतर यात्रियों को हल्की चोटें आईं, लेकिन 11 वर्षीय बच्ची खुशी कुमारी को सिर में गंभीर चोटें लगीं। परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए सिंगपुर नर्सिंग होम ले गए, जहां डॉक्टर रमेश प्रसाद द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है। बच्ची की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। बताया गया कि खुशी कुमारी अपनी मां के साथ सिल्ली बाजार में खरीदारी करने जा रही थी तभी हादसा हो गया। सूचना पर सिल्ली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और टेंपो व पिकअप वैन को जब्त कर थाना ले गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सिल्ली में एंटी-क्राइम चेकिंग अभियान, अधूरे कागजात पर दी चेतावनी

**सिल्ली-मुरी :** वरिय पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देशानुसार सिल्ली थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम रांची-पुरुलिया मुख्य मार्ग पर सिल्ली थाना गेट के सामने एंटी-क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व सिल्ली थाना के अवर निरीक्षक विकास रजक कर रहे थे।अभियान के दौरान गुजरने वाले दोपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। पुलिस टीम ने हेलमेट, वाहन दस्तावेज, वाहन संख्या, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, ऑनर बुक सहित सभी आवश्यक कागजात की जांच की। कई वाहन मालिक अधूरे दस्तावेज लेकर चलते पाए गए, जिन्हें पुलिस द्वारा आवश्यक कागजात हमेशा साथ रखने और हेलमेट पहनकर चलने की सख्त हिदायत दी गई। पुलिस अधिकारियों ने चेतावनी दी कि नियमों का पालन नहीं करने वालों पर आगे कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चेकिंग अभियान के दौरान सशस्त्र बल के जवान भी मौके पर मौजूद रहे।

### लाला खान हत्याकांड मामले में साक्ष्य के अभाव में सभी आरोपित बरी

**धनबाद :** वासेपुर के जमीन कारोबारी लाला खान हत्याकांड मामले में जिला जज दुर्गेश चन्द्र अवस्थी की अदालत ने शुक्रवार को साक्ष्य के अभाव में शेष सभी सात आरोपितों को रिहा कर दिया। उल्लेखनीय है कि लाला खान हत्याकांड मामले में कुल 13 लोगों को आरोपित बनाया गया था, जिसमें से 6 आरोपितों को पहले ही अदालत से रिहाई मिल चुकी है। वहीं, शेष 7 लोगों को न्यायालय ने रिहा कर दिया। वहीं मामले में बचाव पक्ष के वकील शैयद अत्ताउल्ला ने बताया कि लाला खान हत्या मामले के सूचक अदालत में मुकर गये थे, इसके बाद बचाव पक्ष लगातार न्यायालय में यह दावा करता रहा कि आरोपितों के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है, जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए साक्ष्य के अभाव में इस मामले के सभी आरोपितों को रिहा कर दिया। इस मामले में अमन सिंह और आशीष रंजन भी नामजद थे, जिनकी पहले ही मौत हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि जमीन कारोबारी मो असरफ अल हसन उर्फ लाला खान को 12 मई 2021 को दिनदहाड़े जब्बार मस्जिद के सामने अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# रामगढ़ में हत्या के विरोध में उग्र प्रदर्शन हत्यारों की गिरफ्तारी व फांसी देने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**रामगढ़ :** रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र के स्टाफ क्वार्टर में रहने वाले सोनू कुमार राम की हत्या के विरोध में शुक्रवार को परिजनों और स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में लोग सुभाष चौक पर एकत्र हुए और हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की। प्रदर्शन में मृतक के परिवार के साथ कई स्थानीय नेता भी शामिल हुए। इसमें पूर्व छावनी परिषद उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह और कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान प्रमुख रूप से मौजूद थे। अनमोल सिंह ने इस मौके पर कहा कि यह हत्या बेहद जघन्य अपराध है और इसमें एक व्यक्ति का हाथ होना संभव नहीं लगता। उन्होंने मांग की कि सभी आरोपितों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर कड़ी सजा दिलाई जाए। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने बताया कि दलित युवक की हत्या कर उसकी लाश को कई टुकड़ों में बांट दिया गया। आरोपित ने करीब 80 दिनों तक शव को घर में रखकर टुकड़े-टुकड़े कर अलग-अलग स्थानों पर फेंका। उन्होंने इसे अमानवीय और क्रूर अपराध बताया। प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन के समक्ष कई मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि रामगढ़ अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) और अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक (एसडीपीओ) हस्तक्षेप करें और मृतक के परिवार को आवास के लिए भूमि आवंटन कराएं। साथ ही सरकारी प्रावधानों के अनुसार मुआवजा राशि, परिवार को पारिवारिक लाभ योजना और नगर परिषद में अनुबंध आधारित रोजगार उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा, सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी पीड़ित परिवार को प्रदान करने की मांग उठाई गई।

## सोन-कनहर पाइपलाइन सिंचाई परियोजना का मामला उठा लोकसभा में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** गढ़वा जिले में सोन-कनहर पाइपलाइन सिंचाई परियोजना को पूरा कराने का मामला सांसद विष्णु दयाल राम ने शुक्रवार को लोकसभा में उठाया। मामले को उठाते हुए सांसद ने कहा कि कहा कि केंद्र सरकार की ओर से वर्ष 2017 में 1276 करोड़ रुपये की लागत से गढ़वा जिले की भूमि को सिंचित करने के लिये सोन-कनहर पाइपलाइन सिंचाई परियोजना की स्वीकृति दी गयी थी। लेकिन राज्य सरकार की उदासीनता के कारण इस परियोजना का निर्माण कार्य विलम्ब से वर्ष 2019 में एलएंडटी कंपनी ने शुरू किया। उन्?होंने कहा कि योजना को मार्च 2022 तक कार्य को पूरा करना था, जो समय पर नहीं होने से कंपनी के कार्य का विस्तार करते हुए 30 जून 2026 पूरा करने का समय दिया है। लेकिन कुछ स्थानों पर पम्प हाउस बनाने के लिए वन विभाग से अनापति प्रमाण पत्र जारी नहीं होने के कारण उक्त कम्पनी अब तक कार्य को पूरा नहीं किया है। सांसद ने बताया कि कम्पनी का लगभग 400 करोड़ रुपए का बिल भुगतान लंबित है। स्वभाविक रूप से उक?त कंपनी ने कार्य की गति को धीमी कर दी है, जिसके कारण सिंचाई परियोजना का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है। उल्लेखनीय है कि उक्त सिंचाई परियोजना से गढ़वा जिले की 22 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी और 20 में से 18 प्रखंडों में स्थित खेतों तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जाएगा। सांसद ने जल शक्ति एवं वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से मांग किया कि सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना को अविलंब पूरा जाए।

## कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने हाथी प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा, बांटी राहत सामग्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** जिला के कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बोलबा प्रखंड के पिड़िया पोंछ पंचायत में बीती देर रात झुंड से बिछड़े एक हाथी ने तलमंगा सेमर बेड़ा निवासी सिलेना बाः पति स्वर्गीय जकारिया बा के घर को क्षतिग्रस्त किया और घर में रखें अनाजों को खा गया, जिसकी सुचना मिलते ही कोलेबिरा विधानसभा के विधायक नमन विक्सल कोंगाडी ने उक्त विधवा औरत को सहायता के लिए अंचल अधिकारी बोलबा प्रखण्ड से फोन पर बात कर कहा,जिस पर त्वरित कारवाई करते हुए अंचल अधिकारी ने 40 किलो चावल, समाज सेवी मुरारी प्रसाद की ओर से 30 किलो एवं कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक की ओर से 25 किलो चावल एवं खाना बनाने और पानी रखने के लिए बर्तन एवं पटाखा, मसाल बनाने की सामग्री खरीदने के लिए सहयोग राशि दिया। उपस्थित कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने बताया कि विधायक हाथी की समस्या के लिए लगातार चिंतित हैं। वे सरकार से लगातार मांग कर रहे हैं कि हाथियों की समस्या का स्थायी समाधान किया जाय ताकि लोगों की जान माल का नुकसान ना हो। अभी बीते विधानसभा सत्र में भी इस समस्या के निदान के लिए उन्होंने जोरदार ढंग से आवाज उठाई है। जिस पर सरकार के तरफ से सकारात्मक जवाब मिला है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुनील टोप्पो, पिड़िया पोंछ पंचायत अध्यक्ष रोशन बरला, पंचायत महासचिव शोएब अंसारी समाजसेवी मुरारी प्रसाद,वैभव प्रसाद एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सिमडेगा प्रशासन ने किया नया ट्रैकिंग रूट विकसित, ग्रामीणों ने किया स्वागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** पर्यटन को सशक्त बनाने और सैलानियों को आकर्षित करने के उद्देश्य से सिमडेगा जिला प्रशासन द्वारा केलाघाघ पर्यटन क्षेत्र में नए ट्रैकिंग रूट की खोज की गई। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए उपायुक्त कंचन सिंह के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम द्वारा आज एक विशेष ट्रैकिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस ट्रैकिंग रुट में सिमड़ेगा के केलाघाघ से बडाबरपानी पंचायत के चिमटीघाट गांव तक पहुंचने पर ग्रामीणों ने सभी पदाधिकारियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया तथा पुष्प गुच्छ भेंट की। इस ट्रैकिंग दल में पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी, वन प्रमंडल पदाधिकारी शशांक शेखर सिंह, परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र,सिविल सर्जन सुंदर मोहन समद, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी नरेश रजक, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनि कुमारी, जिला नजारा उप समाहर्ता-सह-सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रेनियर खालखो, जिला भू अर्जन पदाधिकारी रवि किशोर राम, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ किंकर कुमार महतो, मत्स्य पदाधिकारी सीमा टोप्पो,कृषि पदाधिकारी माधुरी टोप्पो, डी पी एम जे एस एल पी एस शांति मार्डी, कार्यपालक अभियंता पेयजल मुकेश कुमार, कर्मचारी आदि शामिल हुए।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को रामगढ़ के विकास नगर स्थित श्री कृष्ण विद्या मंदिर में बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ रोटरी क्लब के सदस्य एवं मुख्य चिकित्सक शामिल हुए जिनमें विशाल वासुदेवा,आर एन टी रोटरी रामगढ़ सेंट्रल, शमोनिका वासुदेव, डॉक्टर शरद जैन (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर सौम्या जैन (स्त्री रोग विशेषज्ञ), खुशमिता वडेरा,मिसेज उषा, डॉ अनूप सिन्हा (नेत्र रोग विशेषज्ञ), सौम्या सिन्हा (योग) आए हुए थे। विद्यालय के प्राचार्य एम कृष्णा चंद्रा एवं प्रशासक एस पी सिन्हा ने उनका स्वागत किया। डॉ अनूप सिन्हा ने बच्चों को नेत्रों की सुरक्षा हेतु कई उपाय बताया तथा मोबाइल कम चलाने की सीख दी। विशाल वासुदेवा ने छात्र-छात्राओं को स्वस्थ रहने का उपाय बताते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। खुशमिता वडेरा ने 'बैलेंस डायट' पर अपनी सुंदर बातें बच्चों के बीच साझा करते हुए कहा कि हमें अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए क्या-क्या खाना चाहिए, जिससे हम स्वस्थ रह सके, हमारा मन पढ़ाई में लगे तथा हम तरों ताजा महसूस करें।

# ओ.पी. जिंदल स्कूल में वार्षिक खेल-कूद समारोह 2025-26 का हुआ भव्य आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** ओ.पी. जिंदल स्कूल, पतरातू में वार्षिक खेल-कूद समारोह 2025-26 बड़े उत्साह, अनुशासन और ऊर्जा के साथ अत्यंत सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विद्यालय का विशाल खेल मैदान प्रातः काल से ही विद्यार्थियों के रंग-बिरंगे परिधानों, सुव्यवस्थित मार्च-पास्ट और उल्लासपूर्ण माहौल से जीवंत हो उठा। कार्यक्रम में विद्यालय के चारों हाउस—टैगोर, नेहरू, रमन और रामानुजन—के प्रतिभागियों ने अनुशासित ढंग से उपस्थिति दर्ज कराते हुए आयोजन को गरिमामय रूप प्रदान किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिंदल लेडीज क्लब की अध्यक्ष अमृता सिंह थीं। क्लब की अन्य सदस्याएँ भी उनके साथ उपस्थित रहीं। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा खेल मशाल प्रज्ज्वलन के साथ ही खेल भावना, साहस और दृढ़संकल्प का संदेश पूरे मैदान में गूँज उठा। इसके पश्चात डिप्टी हेड बॉय, डिप्टी हेड गर्ल और हाउस कैप्टन के नेतृत्व में मैदान का परिक्रमा-दौरा आयोजित किया गया। विद्यार्थियों की सधी हुई चाल, झंडों का शानपूर्ण प्रदर्शन और नेतृत्व क्षमता ने विद्यालय की समृद्ध अनुशासन-परंपरा को दर्शाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मास ड्रिल रहा, जिसमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने तालमेल, लय और अनुशासन के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी। संगीत की धुन पर आकर्षक आकृतियों का निर्माण दर्शकों के लिए अत्यंत मंत्रमुग्धकारी रहा।

## जिंदल स्टील पतरातु में इंटर-प्लाटून हैंडबॉल टूर्नामेंट संपन्न, टीम वारियर्स 8-4 से विजयी

**रामगढ़ :** जिंदल स्टील पतरातु में सुरक्षाकर्मियों के बीच आपसी समन्वय, भाईचारा और टीम वर्क को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इंटर-प्लाटून हैंडबॉल टूर्नामेंट का रोमांचक फाइनल मुकाबला आज बी-गेट प्लेग्राउंड में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। फाइनल मैच 11/12/2025 को शाम 4 बजे प्लाटून 1 (टीम किंग्स) और प्लाटून 2 (टीम वारियर्स) के बीच खेला गया। शुरूआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, लेकिन प्लाटून 2 (टीम वारियर्स) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 8-4 के अंतर से शानदार जीत हासिल की। खिलाड़ियों की फिटनेस, गति और टीम तालमेल दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। मुख्य अतिथि एवं प्लांट प्रमुख कृष्ण बल्लभ सिंह ने विजेता टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने दोनों टीमों के समर्पण, अनुशासन और स्पोर्ट्समैनशिप की सराहना करते हुए कहा, ऐसे आयोजन सुरक्षाकर्मियों के बीच उत्साह, ऊर्जा और टीम भावना को मजबूत बनाते हैं। कंपनी भविष्य में भी इस प्रकार के खेल आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित करती रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### भुरकुंडा में भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय पासवान और प्रभारी सतीश मोहन मिश्रा का भव्य स्वागत



**भुरकुंडा :** भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल के नव-मनोनित मंडल अध्यक्ष अजय पासवान तथा भुरकुंडा मंडल के प्रभारी सतीश मोहन मिश्रा का भाजपा भुरकुंडा मंडल के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार और भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम बिरसा चौक में आयोजित हुआ, जहाँ कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके उपरांत दोनों नेताओं को फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया और वातावरण तालियों व नारों से गूंज उठा। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से योगेश डांगी, जुगल नायक, लक्ष्मी देवी, महेंद्र सिंह, राजन पांडे, ज्योति सिंह, राकेश जयसवाल, विनोद सिंह, जनार्दन सिंह, रणजीत राम, सूरज शर्मा, देव कुमार सिंह, सुरेंद्र यादव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने माला पहनाकर नव-नियुक्त अध्यक्ष एवं प्रभारी का अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि अजय पासवान के नेतृत्व में भुरकुंडा मंडल में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा नए उत्साह के साथ आगे बढ़ेगा।

### राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में मानवाधिकार दिवस मनाया गया



**रामगढ़ :** मानवाधिकार दिवस के अवसर पर राधा गोविन्द विश्वविद्यालय, इतिहास विभाग में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में कुलाधिपति बी. एन. साह ने अपने वक्तव्य में कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा करना केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। शिक्षण संस्थानों की भूमिका इन मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुँचाने में अहम है। सचिव प्रियंका कुमारी ने मानवाधिकार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और उन्होंने कहा कि जहां मानवाधिकारों का सम्मान नहीं, वहां मानवता का अस्तित्व नहीं। कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, इतिहास हमें सिखाता है कि मानवाधिकारों के लिए संघर्ष लंबा रहा है। हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय के आदर्शों को हमेशा जीवित रखना होगा। कुलसचिव प्रो (डॉ.) निर्मल कुमार मंडल ने मानवाधिकार शिक्षा को पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग बनाने पर बल दिया और विश्वविद्यालय द्वारा इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। इसके पश्चात, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ पुनम कुमारी ने सभी छात्र-छात्राओं को मानवाधिकार संरक्षण, मानवीय गरिमा के सम्मान तथा सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता की शपथ दिलाई। शपथ में सभी ने मानवाधिकार उल्लंघन के विरुद्ध आवाज उठाने तथा एक समावेशी समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग की प्राध्यापिका डा. ममता कुमारी ने किया ओर कहा कि मानवाधिकार मानव के जीवन और अधिकारो की रक्षा करता है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, शिक्षकगण डॉ प्रेम प्रकाश, डॉ कार्लोस, डॉ अंजनी, डॉ. मनमीत, अनाम ओहदार, बुद्धदेव, स्वेता, शंकर सहित शोधार्थी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### सिमडेगा के केतुंगाधाम में नव वर्ष पर लगती है सैलानियों की भीड़

**बानो :** पहाड़ों और जंगलों में बसा सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड को प्रकृति ने भरपूर रमणीय स्थल से आच्छादित किया है। इन्हीं रमणीय स्थलों में से एक है केतुंगा धाम। बानो प्रखंड से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित मालगो व देव नदी संगम स्थल में अवस्थित केतुंगा धाम में बूढ़ा गोरक्षा शिव मंदिर आस्था और आध्यात्म का प्रतीक है। यहां सालों भर श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना के लिए लगी रहती है। खासकर नये साल में लोग पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं। पूजा अर्चना के साथ लोग पिकनिक का आनंद भी उठाते हैं। जिला प्रशासन के प्रयास से मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास किया गया है। इसके तहत मंदिर से नदी तट तक शेड का निर्माण किया गया है। शौचालय सहित गेट का निर्माण कराया गया है। केतुंगा धाम का इतिहास ऐतिहासिक और पौराणिक है। पुरातत्व विभाग द्वारा मंदिर को पंजीकृत किया गया है। मंदिर की स्थापना श्रीगंकेतु राजा के कार्यकाल में किया गया था। इसलिए उक्त मंदिर का नाम केतुंगाधाम रखा गया। बाद में इसे स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा बनवाया गया। बरसलोया, केतुंगा, बानो, जलडेगा और लचरागढ़ के लोगों के प्रयास से भव्य बनाया गया. बताया जाता है। कि राजा अशोक कलिंग युद्ध के दौरान लौटने के क्रम में यहां कुछ देर के लिए विश्राम किये थे। विश्राम के दौरान उन्होंने बौध्द मंदिर की स्थापना की थी। जिसके जीर्ण-शीर्ण मूर्तियां आज भी रानी टांड़ स्थित खेत में हैं।

### शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का भारतीय भाषा दिवस पर एक दिवसीय प्रांतीय आभासी संगोष्ठी संपन्न

**अनगड़ा :** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के तत्वावधान में गुरुवार को भारतीय भाषा दिवस पर एक दिवसीय प्रांतीय आभासी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के चरित्र निर्माण का समग्र विकास के राष्ट्रीय संयोजक सह कुमार गुरू प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, कोयंबटूर के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के डॉ संतोष मुत्थु ने कहा कि सुब्रमण्यम भारती का जन्म 11 दिसंबर, 1882 को हुआ था। आज हम सभी उनकी 143वीं जयंती भारतीय भाषा दिवस के रूप में मना रहे हैं। वे एक भारतीय लेखक, कवि,स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, एवं बहुभाषी थे। बहुभाषी समाज सुधारक होने के कारण उनकी जयंती समारोह को भारतीय भाषा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सभी भाषाओं को सम्मान रूप से दी प्रतिष्ठा दी जाती है। उन्होंने कहा की भाषा की समृद्धि से संस्कृति समृद्ध होती है। भारतीय भाषा दिवस भारत की भाषाओं का संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से मनाया जाता है। सुब्रह्मण्य भारती के अंदर हिंदी के प्रति राष्ट्र प्रेम जागृति थी। उनका बचपन का नाम सुब्बैया था। उन्होंने 7 साल में तमिल भाषा में लिखना शुरू किया उन्हें हिंदी, संस्कृत एवं तमिल भाषा की अच्छी ज्ञान थी। इसके अलावा संस्कृत, मलयालम ,कन्नड़ ,विदेश की फ्रेंच एवं अन्य विदेशी भाषाओं में अच्छी पकड़ थी। भारतवासी की भाषा अनेक होते हुए भी संस्कृति एवं आत्मा एक है। विदेश में चार पांच भाषा ही होते हैं, जबकि भारत में 18 भाषाओं की उत्पत्ति प्राचीन संस्कृत भाषा से उत्पन्न हुई है। रामचरितमानस की मूल भाषा संस्कृत में बाल्मीकि रामायण ही है। तमिलनाडु में हिंदी एवं संस्कृत भाषा की राजनीतिज्ञ राजनीतिक करते हैं फिर भी जिन्हें संस्कृत नहीं की ज्ञान नहीं है उन्हें पंडित नहीं मानते हैं। संस्कृत देवों की भाषा है। हम सभी प्रातः उठकर देवों को भोग लगाने के पश्चात ही अन्न ग्रहण करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में एकता कायम की है। तमिलनाडु में विद्यालयों में 60 फीसदी लोग हिंदी एवं संस्कृत चाहते हैं।

# कांग्रेस पार्टी की 14 दिसंबर की रैली देशव्यापी बदलाव की शुरूआत होगी : केशव महतो कमलेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि 14 दिसंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण और निर्णायक कदम साबित होगी। उन्होंने दावा किया कि यह रैली न केवल जनता की आवाज को मजबूत करेगी, बल्कि चुनाव आयोग और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच कथित मिलीभगत पर भी रोशनी डालेगी। कमलेश ने आरोप लगाया कि वर्तमान परिस्थितियों में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग खुले तौर पर किया जा रहा है, जिससे चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद चुनाव आयोग अपेक्षित संवेदनशीलता नहीं दिखा रहा है, जो लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य जनता को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और वोट चोरी जैसे गंभीर मुद्दों पर देशव्यापी आवाज बुलंद करना है। शुक्रवार सुबह केशव महतो कमलेश पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची से दिल्ली के लिए रवाना हुए। उनके साथ सौरभ अग्रवाल, कुमार राजा, त्रिशानु राय, लाल किशोर नाथ शहदेव, आलोक दुबे, राज बागची, आफताब आलम, डॉ. राजेश गुप्ता, हारुन अंसारी, संजय कुमार, ईश्वर आनंद और रबिन्द्र झा प्रमुख रूप से शामिल थे। सभी नेताओं ने बताया कि रैली को सफल बनाने के लिए पूर्ण तैयारी के साथ वे दिल्ली पहुंच रहे हैं।



## एक नजर

### स्कूटी व टोटो की आमने सामने की भिड़ंत, टोटो चालक गंभीर रूप से घायल



**साहिबगंज:** नगर थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड गुप्ता मार्केट के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार स्कूटी व टोटो के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में टोटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल टोटो चालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सक उनका उपचार कर रहे है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घायल टोटो चालक गोड़ाबाड़ी हाट का रहने वाला अजित कुमार (25) है। वह स्टेशन से चैती दुर्गा की ओर जा रहा था। इसी दौरान कॉलेज रोड गुप्ता मार्केट के पास सामने से आ रही स्कूटी से टकरा गया। दुर्घटना में उसका बांया पैर फ्रेक्चर हो गया। घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। नगर थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सड़क हादसे में शिक्षक घायल, रेफर



**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना के पास गौशाला के नजदीक शुक्रवार को सड़क हादसा में मिजाचौकी निवासी शिक्षक कलीम असलम (30) गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल शिक्षक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उसका प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार घायल मंडरो प्रखंड के किसी स्कूल में शिक्षक है। वे बाइक से साहिबगंज जा रहे थे। इसी दौरान गौशाला के पास वे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में उनके हाथ व पैर समेत शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### जिला वार्षिक अधिवेशन तैयारी को लेकर हुई बैठक

**साहिबगंज:** रेलवे परिसर राजमहल में झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन कुमार सानू की अध्यक्षता में प्रस्तावित आगामी 21 दिसंबर को छाता दंगल रतनपुर बरहरवा में जिला वार्षिक अधिवेशन होने की तैयारी को लेकर बैठक हुई।बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव मुख्य रूप से मौजूद थे। केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा की 18 दिसंबर से लेकर 20 दिसंबर तक अपने प्रखंड अध्यक्ष को अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी, दुर्योधन साह, सुरेन्द्र कुमार, गौतम कुमार साह, मो हामिद शेख, बीरेंद्र कुमार साह, सुबोध मंडल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पाणिनि उत्सव का आयोजन 14 को, विधायक करेंगे उद्घाटन

**पूर्वी सिंहभूम:** संस्कृत व्याकरण के जनक महर्षि पाणिनि के योगदान को नए युग में पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से पाणिनि उत्सव समिति 14 दिसंबर को एक दिवसीय पाणिनि उत्सव का आयोजन करेगी। यह कार्यक्रम पीएम श्री उत्क्रमित पीपुल्स अकादमी प्लस टू विद्यालय, न्यू बाराद्वारी स्थित कालिदास सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सरयू राय उत्सव का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में देश के प्रमुख भाषाविद और व्याकरणाचार्य डॉ मित्रेश्वर अग्निमित्र, बालमुकुंद चौधरी, डॉ शशिभूषण मिश्र और कंप्यूटर विज्ञान और व्याकरण के विशेषज्ञ डॉ कौस्तुभ सान्याल शामिल होंगे।

## "आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार" अभियान में जिला में 92.74% आवेदनों का हुआ त्वरित निस्तारण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिला प्रशासन, पाकुड़ द्वारा आपकी योजना- आपकी सरकार - आपके द्वार 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निस्तारण में उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज की गई है। अभियान के दौरान प्राप्त कुल 32,108 आवेदनों में से 29,777 आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं त्वरित निष्पादन किया गया। यह उपलब्धि 92.74 प्रतिशत निस्तारण दर के साथ पाकुड़ जिला प्रशासन की दक्षता, संवेदनशीलता एवं जनसेवा की प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती है।

सेवा-वार उपलब्धियां:

अभियान के अंतर्गत विभिन्न सेवाओं में उच्च निस्तारण दर दर्ज की गई, जिनमें प्रमुख उपलब्धियां इस प्रकार हैं- विकलांग पेंशन:61 आवेदन प्राप्त, सभी 61 का शत- प्रतिशत निस्तारण, विधवा पेंशन:109 आवेदन प्राप्त, 108 का निस्तारण, आय प्रमाण पत्र:1891 आवेदन प्राप्त, 1862 का निस्तारण, जाति प्रमाण पत्र: 2394 आवेदन प्राप्त, 2342 का निस्तारण, वृद्धा पेंशन: 2453 आवेदन प्राप्त, 2380 का निस्तारण एवं स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र:2122 आवेदन प्राप्त, 2085 का निस्तारण, अन्य कल्याणकारी योजनाएं :19,436 आवेदन प्राप्त, 18,229 का निस्तारण एवं जन्म प्रमाण पत्र: 645 आवेदन प्राप्त, 538 का निस्तारण, मृत्यु प्रमाण पत्र: 626 आवेदन प्राप्त,533 का निस्तारण,राज्य सेवा गारंटी अधिनियम से जुड़ी अन्य सेवाएँ: 273 आवेदन प्राप्त, 269 का निस्तारण, दाखिल-खारिज वादों का निष्पादन: 32 आवेदन प्राप्त, 4 का निस्तारण, नया राशन कार्ड: 2063 आवेदन प्राप्त, 1365 का निस्तारण किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि लंबित आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही हेतु सभी प्रखंडों और संबंधित विभागों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड द्वारा पाकुड़ ओवरऑल द्वितीय स्थान से सम्मानित

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में पाकुड़ जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले जिले ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड द्वारा आयोजित "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान" में ओवरऑल श्रेणी में राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड की ओर से पाकुड़ जिला प्रशासन को Certificate of Achievement प्रदान किया गया। अभियान के दौरान जिले में महिलाओं के स्वास्थ्य संवर्धन, पोषण परामर्श, एनीमिया जांच, आवश्यक स्क्रीनिंग, परिवार कल्याण सेवाओं के विस्तार तथा समुदायिक जागरूकता के क्षेत्र में विशेष रूप से प्रभावी कार्य किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करते हुए गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ सुनिश्चित कीं, जिसके परिणामस्वरूप यह राज्य स्तरीय उपलब्धि हासिल हुई। जिले में अभियान के दौरान महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, प्रसूता एवं किशोरी स्वास्थ्य परामर्श, टीकाकरण, परिवार कल्याण परामर्श तथा ग्राम स्तर तक निगरानी एवं फॉलो-अप जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि यह सम्मान जिले की पूरी स्वास्थ्य टीम के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। गुणवत्तापूर्ण कार्य, समय पर सेवा उपलब्धता और टीमवर्क के कारण पाकुड़ जिले ने यह सफलता अर्जित की है। उपायुक्त ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर सिविल सर्जन तथा स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई एवं धन्यवाद दिया। टीम ने जिस प्रतिबद्धता और परिश्रम से कार्य किया है, वही इस उपलब्धि का आधार है।


NATIONAL HEALTH MISSION, JHARKHAND
HEALTH, MEDICAL EDUCATION & FAMILY WELFARE DEPARTMENT, JHARKHAND
CERTIFICATE OF ACHIEVEMENT
This certificate is proudly presented to
PAKUR (OVERALL) - II
Nodal Officer
Data Cell, NHM Jharkhand
Mission Director
NHM Jharkhand

## 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के जी.एन. उच्च विद्यालय अमानत पियारपुर, उधवा में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार दास के निदेर्शानुसार मंथन संस्था, चाइल्ड हेल्पलाइन, संरक्षण पदाधिकारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंथन संस्था के समन्वयक अमन वर्मा ने किया। उन्होंने छात्राओं को सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता, आत्मरक्षा के कौशल, तथा कठिन परिस्थितियों में साहसपूर्वक खड़े होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह, बाल श्रम और शोषण जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में सामूहिक सामाजिक भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। संस्थागत देखरेख की चंदा कुमारी ने ह्यबेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओह्न योजना के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना लैंगिक समानता, शिक्षा, वित्तीय सुरक्षा एवं लड़कियों के खिलाफ हानिकारक प्रथाओं को समाप्त करने पर केंद्रित है। चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक मो. इकबाल ने वर्ष 2015 में शुरू की गई इस योजना की पृष्ठभूमि बताते हुए छात्राओं को गुड टच-बैड टच, बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण, पोक्सो एक्ट, नशा मुक्ति, स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर, आफ्टर केयर, दत्तक ग्रहण तथा किशोर न्याय अधिनियम से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। वहीं शोभा कुमारी ने बच्चियों को एंटी साइबर क्राइम से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी तथा बताया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत टोल फ्री नंबर 1930 पर संपर्क करें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई ताकि वे स्वच्छ एवं स्वस्थ रह सकें। कार्यक्रम में शबनम प्रवीण, संजीव कुमार, रूपेश्वर कुमार सहित अन्य पीएलवी उपस्थित रहे।

## फसल सुरक्षा हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण का सफल हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के राजमहल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खुटहरी एवं महासिंहपुर पंचायत में कृषकों के लिए दो दिवसीय फसल सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। दोनों पंचायतों में कुल 48-48 किसानों ने भाग लेकर कृषि विज्ञान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त की। यह प्रशिक्षण कृषक उपकार लाइवलीहुड अपलिफ्टमेंट द्वारा संचालित एग्री क्लीनिक सेंटर, राजमहल के सौजन्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि समन्वयक निकेश कुमार एवं प्रशिक्षक दीपक कुमार द्वारा किसानों को फसल सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को विशेष रूप से निम्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई– बीज उपचार की प्रक्रिया एवं लाभ, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का महत्व, फसलों में पाए जाने वाले हानिकारक कीट एवं रोगों की पहचान, एकीकृत कीट एवं रोग प्रबंधन की तकनीकें, सुरक्षित एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के उपाय, इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को फसल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित करना तथा कृषि कार्यों को अधिक वैज्ञानिक एवं टिकाऊ बनाना था।जिला प्रशासन द्वारा ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक से जोड़ने का प्रयास निरंतर जारी है।



## यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार, और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार , साहेबगंज, अखिल कुमार के मार्गदर्शन में शुक्रवार यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे के अवसर पर व्यापक जागरूकता और कानूनी साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण , नई दिल्ली द्वारा जारी निदेर्शों के अनुपालन में आयोजित किया गया था। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर और हाशिए पर रहने वाले वर्गों के बीच स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों और विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करना है। डालसा, तालुका विधिक सेवा समितियों और पारा-लीगल वालंटियर्स ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों और विभिन्न सरकारी योजनाओं, विशेषकर आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र के बारे में जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रमों में जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, मिशन इंद्रधनुष, जननी सुरक्षा योजना, और राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम जैसी कई योजनाओं को शामिल किया गया। प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि जिले भर में विभिन्न स्थानों, विद्यालयों और पंचायतों में भी जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए, जहाँ लीगल एड डिफेन्स कौंसिल-न्याय रक्षक, पारा लीगल वालंटियर्स - न्याय मित्रों द्वारा अस्पतालों, विद्यालयों, वृद्धाश्रम, पंचायतों और अन्य स्थानों पर नागरिकों को उनके स्वास्थ्य अधिकारों और उपलब्ध सरकारी सहायता, स्वास्थ्य योजनाओं कि जानकारी और मुफ्त इलाज के अधिकारों को बताया। पीएलवी ने लाभार्थियों, विशेषकर गरीब परिवारों की पहचान करने और उन्हें ई-कार्ड जनरेट करने में सहायता की, ताकि वे बिना किसी अवैध शुल्क के उपचार का लाभ उठा सकें। भगत ने बताया कि जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के साथ मिलकर उच्च जोखिम वाले औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के स्वास्थ्य अधिकारों और सरकारी सलाहों पर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर, साहेबगंज डालसा ने यह सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाए हैं कि सभी नागरिकों को वित्तीय कठिनाई के बिना आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकें।




## संक्षिप्त खबरें

### 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की समीक्षा बैठक



**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार ने आज जिले के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, छात्रों एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ बोर्ड परीक्षा 2026 की तैयारी को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में विद्यार्थियों की उपस्थिति, अध्ययन की प्रगति, प्री-बोर्ड की तैयारी तथा परीक्षा पूर्व आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी विद्यालयों को निर्देश दिए कि अनुपस्थित विद्यार्थियों को हर हाल में विद्यालय में उपस्थित कराया जाए। विद्यार्थी नियमित रूप से कक्षाओं में भाग लें और किसी भी अन्य गतिविधि के कारण पढ़ाई से वंचित न रहें।विद्यालयों में अध्ययन वातावरण को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। प्री-बोर्ड परीक्षा में सभी छात्रों को बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया जाए। प्री-बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के उपरांत अनिवार्य रूप से पेपर डिस्कशन कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों को अपनी कमजोरियों और सुधार के बिंदुओं का सम्यक ज्ञान हो। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा मैं स्वयं भी कुछ विद्यार्थियों की प्री-बोर्ड उत्तरपुस्तिकाओं की जाँच करूंगा। अत: सभी विद्यालय यह सुनिश्चित करें कि छात्र बेहतर परिणाम देने के लिए सतत प्रयासरत रहें। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन ही हमारा सामूहिक लक्ष्य है। साथ ही, सभी विद्यालयों को यह निर्देश दिया गया कि बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए आवश्यक शैक्षणिक एवं प्रशासनिक तैयारियाँ समय पर पूर्ण कर ली जाएँ, ताकि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त ने छात्रों को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। पर्याप्त नींद लें, संतुलित आहार लें और अनावश्यक तनाव से दूर रहें, ताकि परीक्षा के दौरान पूरी ऊर्जा और एकाग्रता के साथ प्रदर्शन कर सकें।

### रेलवे सुरक्षा बढ़ाने के लिए साहिबगंज स्टेशन पर शंटिंग मेले का हुआ आयोजन



**साहिबगंज:** रेल संचालन में सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने के निरंतर प्रयास के तहत, पूर्वी रेलवे के मालदा डिवीजन ने आज साहिबगंज स्टेशन के कोचिंग यार्ड में एक "शंटिंग मेला" का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य फील्ड स्टाफ के बीच सुरक्षा जागरूकता फैलाना और उचित शंटिंग प्रक्रियाओं का पालन करने के महत्व को दोहराना था। मालदा के संभागीय रेलवे प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता ने शंटमैन, शंटर्स, पॉइंट्समैन और अन्य फ्रंटलाइन कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने स्थापित सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने के महत्व पर प्रकाश डाला और शंटिंग गतिविधियों में शामिल कर्मचारियों की सुरक्षा तैयारियों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा की। मेले का मुख्य उद्देश्य फील्ड स्टाफ को शंटिंग संचालन के दौरान सुरक्षा नियमों के कड़ाई से पालन की और आवश्यकता के प्रति जागरूक करना था। स्टाफ को सुरक्षित और कुशल शंटिंग सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक आवागमन, सिग्नलिंग, समन्वय और संचार संबंधी सही प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। मालदा के वरिष्ठ मंडल संचालन प्रबंधक अमरेंद्र कुमार मौर्य, अन्य वरिष्ठ शाखा अधिकारियों, साहिबगंज के स्टेशन अधीक्षक, पर्यवेक्षकों, यातायात निरीक्षकों और अन्य रेलवे अधिकारियों के साथ मेले में उपस्थित थे।

### अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग में नवोदय विद्यालय ने 66 रन से जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई



**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूनार्मेंट का दूसरा सेमी फाइनल मैच शुक्रवार को संत जेवियर ए बनाम नवोदय विद्यालय के बीच खेला गया। नवोदय विद्यालय की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 9 विकेट पर 176 रन बनाया। सोनू कुमार साह ने 96, प्रीतम रविदास 21 व मो इबकार 13 रन बनाए। संत जेवियर स्कूल ए के गेंदबाज आदित्य यादव ने 4 व देवांशु राज ने 2 विकट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी संत जेवियर स्कूल ए की टीम 21 ओवर में 110 रन बना कर ऑल आउट हो गई। विराट कुमार ने 15, शांतानु कुमार ने 15, सूरज राज ने 15, पुष्कर ने 15, पार्थ सिंह ने 13 रन की पारी खेली। नवोदय विद्यालय के गेंदबाज अभिषेक कुमार ने 5, सोनू साह ने 2 विकेट लिए। नवोदय विद्यालय ने 66 रन से जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। नवोदय विद्यालय के खिलाड़ी सोनू कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ मुकेश ने सोनू कुमार को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग मो अशफाक आलम व श्याम रंजन तिवारी एवं स्कोरिंग अनाउल्लाह अंसारी ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

### झारखंड-बिहार के बीच शुरू हुई जमीन की मापी



**साहिबगंज:** झारखंड-बिहार के बीच सीमा निर्धारण के लिए जमीन मापी के लिए दो दिनों से चला आ रहा पेंच तीसरे दिन शुक्रवार को कुछ सुलझता नजर आया। जब झारखंड के साहिबगंज जिला के सदर अंचल की टीम एवं बिहार के कटिहार जिला के मनिहारी अंचल की टीम पहले सुबह वहां पहुंची। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार गहमागहमी के बीच चेन गिरा कर सीमा निर्धारण के लिए पैमाइश शुरू की है। सब कुछ ठीक रहा तो सीमा निर्धारण के साथ ही लंबे समय से चला आ रहा विवाद समाप्त हो जाएगा। हाईकोर्ट में याचिका दायर करने वाले लालबथानी निवासी मो मुश्ताक ने कहा कि पुश्तों से चली आ रही लड़ाई अब खत्म होनी चाहिए। उनकी नजर में दोनों राज्यों के दोनों जिलों के किसान बराबर हैं। इस मुद्दे से नुकसान सिर्फ और सिर्फ गरीब किसानों को हुआ है। प्रशासन और किसानों के सहयोग से ही इस मुद्दे को हल किया जा सकता है। कौन-कौन थे मौजूद साहिबगंज अंचल से प्रभारी अंचल निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता, राजस्व कर्मचारी अजय मंडल, अमीन बबलू मालतो, भूअर्जन अमीन ओम प्रकाश राय, चेन मैन कपिल देव मंडल, बिहार के मनिहारी अंचल से राजस्व अधिकारी रामसागर पासवान, सुमित कुमार व अन्य सहित दोनों जिलों के किसान मौजूद थे।

# पत्नी ने पति के हाथ पकड़े, प्रेमी ने गर्दन काटी

## 100 मीटर दूर रेलवे ट्रैक पर फेंकी बॉडी

### दोनों को शारीरिक संबंध बनाते देख लिया था




छपरा। बुधवार को एक युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला था। गुरुवार को खुलासा हुआ कि पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति का मर्डर कर दिया। इसे सुसाइड बताने के लिए शव को घटनास्थल से 100 मीटर दूर रेलवे ट्रैक पर लाकर रख दिया। इस मामले में मृतक की पत्नी समेत 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक आरोपी की तलाश जारी है। मृतक की पहचान रोहित यादव( 30) के रूप में हुई है। वहीं, आरोपियों की पहचान रोहित की पत्नी और दोस्त राकेश कुमार के रूप में हुई है। रोहित की हत्या रिविलगंज थाना इलाके के जखुआ गांव के पास के जंगल में की गई। SP डॉ.कुमार आशीष ने बताया कि, महिला का रोहित के दोस्त राकेश से 2 साल से लव अफेयर चल रहा था। मंगलवार की रात महिला राकेश से मिलने रेलवे ट्रैक पर पहुंची थी। जहां दोनों को अवैध संबंध बनाते हुए रोहित ने देख लिया। इसके बाद पत्नी-प्रेमी ने मिलकर रोहित को मौत के घाट उतार दिया। शव ट्रैक पर छोड़कर दोनों भाग गए। रोहित और महिला की शादी 5 साल पहले 2020 में हुई थी। दोनों को दो बच्चे हैं, बड़ा बेटा 4 साल का है। वहीं, छोटा बेटा 2 साल का है। शादी के 2 साल बाद रोहित काम के लिए गुजरात चला गया। इस दौरान वो अपने साथ पत्नी-बच्चे को लेकर भी गया। 2023 के लास्ट में रोहित ने राकेश की भी नौकरी अपने ही कंपनी में लगवा दी। रोहित (30) और आरोपी राकेश (27) एक ही गांव के रहने वाले थे। दोनों के घर की दूरी सिर्फ 200 मीटर बताई जा रही है। पिछले 3 सालों से दोनों गुजरात में एक ही कंस्ट्रक्शन कंपनी में नौकरी करते थे। इस वजह से दोनों का एक-दूसरे के घर पर आना जाना लगा रहता था। पहले से भी राकेश का रोहित के घर पर आता-जाता था, लेकिन गुजरात में साथ रहने के दौरान राकेश अक्सर रोहित के घर पर खाना खाने आता था। इसी दौरान राकेश और रोहित की पत्नी के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। 2 साल से दोनों के बीच अवैध संबंध चल रहा था। अक्सर रोहित के काम पर जाने के बाद पत्नी राकेश को घर पर बुला लेती थी। इसके बाद 3-4 घंटे समय बिताने के बाद उसे भेज देती थी। ये करीब 2 साल से लगातार चलता रहा, लेकिन रोहित को इसके बाद बिल्कुल भी भनक नहीं लगी। 1 दिसंबर को रोहित अपने पत्नी-बच्चे, और राकेश के साथ बहन की शादी में शामिल होने के लिए गांव पहुंचा। इस दौरान पत्नी अक्सर रात में घर से गायब हो जाती थी। इसी शक पर एक दिन रोहित ने अपनी पत्नी का पीछा किया। इस दौरान उसने देखा कि उसकी पत्नी राकेश से मिल रही है। इसके बाद 4 दिसंबर को रोहित को दोनों के अफेयर के बारे में पता चला। 5 दिसंबर को रोहित ने अपनी पत्नी को बहुत समझाया। राकेश से दूर रहने के लिए कहा। इस बात को लेकर रोहित और उसकी पत्नी के बीच बहुत लड़ाई हुई। इसके बावजूद आरोपी पत्नी नहीं मानी। मंगलवार (9 दिसंबर) को एक बार फिर महिला राकेश से मिलने के लिए जंगल की तरफ पहुंची। इस दौरान रोहित ने अपनी पत्नी का पीछा किया। रात करीब 12 बजे रोहित ने अपनी पत्नी और राकेश को घर से 50 मीटर की दूरी पर जंगल में अवैध संबंध बनाते देख लिया। इस दौरान राकेश के साथ एक और दोस्त वहीं पर मौजूद था। वो दोनों के रिलेशन के बारे में जानता था। इस वजह से राकेश के सपोर्ट में वो वहां पर मौजूद था। राकेश के दोस्त ने रोहित को घटनास्थल पर देख लिया। इसके बाद उसने रोहित को पकड़ लिया राकेश को आवाज लगाई। जब आरोपी पत्नी और राकेश वहां पहुंचे तो उन्होंने हत्या की प्लानिंग कर डाली। रोहित की पत्नी ने उसका हाथ पकड़ लिया। इसके बाद राकेश ने धारदार चाकू से रोहित की गला रेतकर हत्या कर दी।

## रंगदारी नहीं दी तो सिर-चेहरे पर मारी गोली



बेगूसराय। अपराधियों ने 3 लाख रुपए रंगदारी नहीं देने पर कपड़ा कारोबारी शहजाद की हत्या कर दी गई। व्यवसायी की 6 महीने पहले शादी हुई थी। पत्नी प्रेग्नेंट है। घटना वीरपुर थाना क्षेत्र के बहरबन्नी गांव के पास की है। इस घटना के बाद दैनिक भास्कर की टीम मौके पर पहुंची और मृतक के परिजनों और ग्रामीणों से बातचीत की। शहजाद के भाई कौशर ने बताया, 'वो घर से 500 मीटर दूर पहुंचा था, तभी अपराधियों ने सिर में गोली मारी। वो गिर गया तो चेहरे पर भी एक गोली मारी। 2 साल से अपराधी रंगदारी मांग रहा है। पहले 1 लाख रुपए की मांग करता था, अब 3 लाख रुपए की डिमांड कर रहा था। साल 2023 में आरोपी पंकज घर पर हथियार लेकर पहुंचा था और पिता की कनपट्टी पर पिस्टल सटाकर कहा था कि शहबाज से कह दो दुकान चलानी है तो रंगदारी देता रहेगा। तब हम 5 भाइयों ने मिलकर बदमाश को पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया था। 9 महीने जेल में रहने के बाद अपराधी जेल से बेल पर छूटा। उसके बाद पंकज ने 3 लाख रुपए की डिमांड कर दी। यह राशि नहीं दी तो शहजाद की गोली मारकर हत्या कर दी। शहजाद के भाई कौशर ने बताया, पंकज बार-बार रंगदारी के लिए परेशान कर रहा था। जिसके बाद साल 2023 में पंचायत बैठाई गई। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि और समाज के लोग शामिल हुए। तय हुआ कि किसी भी हाल में रंगदारी नहीं देनी है। अगर ऐसा हुआ तो अपराधियों को मन बढ़ जाएगा। गांव में पंचायत खत्म होने के 2 घंटे बाद अपराधी पंकज, शहजाद के घर पहुंचा। घर में सबसे पहले शहजाद के पिता अजीम मिले। पंकज ने गन पॉइंट पर अजीम को रखा और कहा रंगदारी नहीं दी तो मार देंगे।

# भोजपुर में गरीबों का राशन उठा रहे अमीर



## 2908 लोगों के पास पहुंचा नोटिस

कोईलवर (आरा)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अपात्र लोगों द्वारा गलत जानकारी देकर बनाए गए राशन कार्डों पर अब प्रशासन सख्त हो गया है। कोईलवर प्रखंड में ऐसे लाभार्थियों की पहचान की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जिनके पास पात्रता नहीं होने के बावजूद वे सरकारी अनाज का उठाव कर रहे थे। प्रखंड के 122 पीडीएस दुकानों में 35 हजार 6 सौ 38 कार्डधारी है। जिनमें 2908 राशन कार्डधारकों को अपात्र की श्रेणी में चिह्नित किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी भोजपुर द्वारा ऐसे कार्डधारकों को नोटिस भेजकर उनका राशन कार्ड विलोपित (रद) करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जारी लिस्ट में तीन पहिया, चार पहिया वाहन रखने वाले, परिवार के किसी सदस्य का दस हजार से ऊपर मासिक आय, टैक्स पेयर, पांच कमरे का पक्का मकान, केसीसी धारक, सरकारी सेवक, एक लाख बीस हजार से अधिक आय वाले कार्डधारक या सदस्य राशन लेने की श्रेणी में नहीं आते हैं, जो सही जानकारी को छिपा कर लंबे समय राशन का उठाव कर रहे थे।एमओ ने बताया कि जो 2908 कार्डधारक और उनके सदस्य इस श्रेणी में आते है, उन्हें अनुमंडलाधिकारी, आरा द्वारा नोटिस भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। नोटिस मिलने के बाद ऐसे कार्डधारकों को एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण देना होगा। जवाब नहीं देने पर उनका राशनकार्ड को निरस्त कर उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। जिसे लेकर प्रखण्ड आपूर्ति कार्यालय कोईलवर में एमओ द्वारा पीडीएस दुकानदारों को ऐसे कार्डधारकों नोटिस भरने का निर्देश दिया गया है। जिस नोटिस को दिसम्बर महीने के अंत तक भेजा जायेगा।

## नए बने विभागों के काम तय

पटना। सरकार ने नए बने विभागों के काम तय कर दिए हैं। इससे संबंधित अधिसूचना कैबिनेट विभाग ने गुरुवार को जारी कर दी है। अधिसूचना में उन पुराने विभागों के काम भी नए सिरे से तय किए गए हैं, जिनसे ये नए विभाग बने हैं। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविन्द कुमार चौधरी ने कहा कि नए विभागों में पदों का सृजन सामान्य प्रशासन विभाग करेगा। वित्त विभाग बजट का प्रावधान करेगा। भवन एवं कार्यालय की व्यवस्था भवन निर्माण विभाग करेगा। मुख्य रूप से युवा, रोजगार एवं कौशल विकास के लिए 19, उच्च शिक्षा विभाग के लिए 17 और सिविल विमानन विभाग के लिए 9 काम निर्धारित किए गए हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### बेतिया में दहेज के लिए विवाहिता की गला दबाकर हत्या



बेतिया। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लालू नगर में दहेज के लिए एक विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। यह घटना गुरुवार को शादी के आठ माह बाद हुई। मृतका की पहचान 25 वर्षीय जहांनारा खातून के रूप में हुई है, जो लालू नगर निवासी मोहम्मद असरफ की पत्नी थीं। घटना के बाद से ससुराल वाले फरार हैं। सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया। मामले की जांच के लिए एफएलएस (फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम ने भी घटनास्थल का मुआयना किया है। मृतका के पिता शेख करीम, जो बैरिया थाना के शेखटोली वार्ड नं. 11 के निवासी हैं, ने जीएमसीएच में बताया कि अप्रैल 2025 में उनकी दो बेटियों, जहांनारा खातून और हुस्नआरा खातून की शादी 12 दिनों के अंतराल पर हुई थी। शादी के बाद जहांनारा अपने ससुराल लालू नगर गई थीं। पिता के अनुसार, ससुराल पहुंचने के बाद से ही पति मोहम्मद अशरफ और परिवार के अन्य सदस्य जहांनारा को प्रताड़ित करने लगे थे। वे दहेज में एक बाइक और सोने की चेन की मांग कर रहे थे। परिजनों ने उन्हें आश्वासन दिया था कि पैसा आते ही उनकी मांग पूरी कर दी जाएगी। जहांनारा का पति मोहम्मद अशरफ गुजरात में फिटर का काम करता था। करीब 20 दिन पहले ससुराल वालों ने जहांनारा के भाई तमन्ना को फोन कर कहा कि उन्हें दिया गया पलंग खराब है। तमन्ना ने उन्हें नया पलंग देने का भरोसा दिया था। गुरुवार सुबह लगभग 10 बजे, जहांनारा के पति मोहम्मद अशरफ ने तमन्ना को फोन कर बताया कि उनकी बहन ने दरवाजा बंद कर लिया है। इसके बाद ग्रामीणों ने तमन्ना को सूचना दी कि जहांनारा की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही परिजन लालू नगर पहुंचे, जहां पुलिस टीम पहले से मौजूद थी और जहांनारा का शव बिस्तर पर पड़ा हुआ था।

### किशनगंज में बुलडोजर के सामने आकर लड़की बोली: कुचल दो



किशनगंज। बिहार में लगातार चल रहे बुलडोजर एक्शन को लेकर पूरे राज्य में हड़कंप मचा है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के खिलाफ कई जिलों में विरोध, तनाव, पथराव और हंगामे की स्थितियां सामने आई हैं। खगड़िया से लेकर पटना तक लोगों में गुस्सा दिखा, तो दूसरी ओर सांसद पप्पू यादव ने इस मुद्दे को संसद में उठाकर सरकार को घेरा। खगड़िया में जिला प्रशासन की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची, तो एक युवती ने जमकर हंगामा किया। वो बुलडोजर के सामने आकर बोली- हमको कुचल दो। इसके बाद घर तोड़ना। लड़की का आरोप था कि 'कार्रवाई सिर्फ गरीबों पर हो रही है, बड़े लोगों के घरों को नहीं छुआ जाता।' वहीं, किशनगंज में अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम पर गुस्साई भीड़ ने पथराव कर दिया। समस्तीपुर में प्रशासन ने 40 साल से बसे कई परिवारों की झोपड़ियां तोड़ दीं। लोगों ने इसका विरोध किया तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा। वहीं, बिहार में बढ़ते बुलडोजर एक्शन को लेकर सांसद पप्पू यादव ने संसद में सवाल उठाया, कहा- क्या सरकार सिर्फ गरीबों पर कार्रवाई कर रही है?

## गया में ग्रामीण डॉक्टर ने किया ऑपरेशन, महिला की हुई मौत



गया/डोभी। बहेरा थाना क्षेत्र में गोसाईडीह के पास चल रहा अवैध नर्सिंग होम में बुधवार को इलाज के दौरान हुई लापरवाही से 25 वर्षीय कविता देवी की मौत हो गई। मामला सामने आने पर क्षेत्र में हड़-कंप मच गया। मृतका के पति नकुल कुमार झारखंड के हंटरगंज थाना के, नावाडीह निवासी ने बहेरा थाना में गुरुवार को आवेदन देकर क्लीनिक संचालकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। नकुल कुमार के अनुसार वे अपनी पत्नी कविता को उपचार के लिए क्लीनिक में भर्ती कराए थे। यहां स्व घोषित चिकित्सक धीरज कुमार भारती और सुमित्रा यादव द्वारा बिना किसी जांच-पड़ताल और कागजी प्रक्रिया के बेहोशी का इंजेक्शन देकर बच्चेदानी का ऑपरेशन कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के बाद कविता को होश नहीं आया। बार-बार पूछने पर भी दोनों चिकित्सक केवल आश्वासन देते रहे, लेकिन स्थिति लगातार बिगड़ती गई। रात में हालत गंभीर होने पर दोनों चिकित्सक अपने वाहन स्कॉर्पियो से कविता को मगध मेडिकल कॉलेज लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।इसके बाद दोनों लोग मौके से फरार हो गए। परिजन जब एम्बुलेंस से वापस क्लीनिक पहुंचे तो क्लीनिक बंद मिला। सूचना पर बहेरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्लीनिक को सील कर दिया और फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच कराई। जांच में अवैध पैथोलॉजिकल और अल्ट्रासाउंड संचालन से जुड़े कागजात भी बरामद हुए। प्रभारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि फरार दोनों चिकित्सक और सहयोगियों की तलाश जारी है।

## ■ बेटियों की सुरक्षा के लिए अभया ब्रिगेड का गठन

# शेरनी दल का मिलेगा साथ



भागलपुर। स्कूलझकॉलेजों और कोचिंग संस्थानों के आसपास सक्रिय मनचलों की खैर नहीं। छात्राओं से छेड़छाड़ या फब्ती कसने वालों पर अब मौके पर ही कार्रवाई होगी और सीधे जेल की हवा खानी पड़ेगी। शोहदों पर लगाम कसने के लिए शेरनी दल को अब अभया ब्रिगेड का ताकतवर सहयोग मिल गया है। पुलिस मुख्यालय ने सभी थानों में यह नई यूनिट गठित कर दी है, जो छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। जिससे न केवल बेटियों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि उनसे आत्मरक्षा के गुण सीखकर बेटियां खुद भी सशक्त बनेंगी। अब तक शेरनी दल अकेले स्कूलझकॉलेजों की निगरानी और ऑन स्पाट कार्रवाई का जिम्मा निभा रहा था, लेकिन बढ़ती घटनाओं के बीच उस पर काम का बोझ अव्यावहारिक साबित हो रहा था। सैंडिस कंपाउंड और जेपी पार्क को छोड़ अधिकांश स्थानों पर टीम को सफलता नहीं मिल पा रही थी। इसी वजह से अब हर थाना क्षेत्र में अभया ब्रिगेड को तैनात कर दिया गया है, ताकि छात्राओं की सुरक्षा में कोई कमी न रहे।छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाएगी ब्रिगेडः अभया ब्रिगेड की महिला पुलिसकर्मी रोजाना स्कूलझकालेजों और कोचिंग सेंटरों का दौरा करेंगी। वे छात्राओं को छेड़छाड़ से बचाव के तरीके, आत्मरक्षा के मूलभूत कौशल और कानून की मदद लेने की प्रक्रिया समझाएंगी। लड़कियों में पुलिस से संपर्क करने की झिझक दूर करना भी इस टीम की जिम्मेदारी होगी। किसी भी शिकायत पर टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करेगी। सिटी एसपी शुभांक मिश्रा ने कहा कि महिलाओं-लड़कियों पर अभद्र टिप्पणी करने वालों को रोकने और मनचलों को सबक सिखाने के लिए अभया ब्रिगेड हॉट-स्पॉट वाले क्षेत्र में भ्रमणशील रहें। सुनसान रास्तों पर भी पैनी निगाह रखें। बालिकाओं का पीछा करने वालों की पहचान करें। अभया ब्रिगेड सभी स्कूल-कालेजों और कोचिंग संस्थानों में पहुंचकर छात्राओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए काम करेगी। मकसद यह है कि बेटियां किसी भी आपात स्थिति से खुद को बचाने में सक्षम हों और मनचलों को कानून का भय हर समय महसूस हो।

**रेंज के भागलपुर, नवगछिया और बांका के सभी थानों में अभया ब्रिगेड गठित करने की कवायद शुरू कर दी गई है। आने वाले समय में मुख्यालय का यह पहल प्रभावकारी साबित होगा। बेटियों का मनोबल बढ़ेगा, दंडात्मक कार्रवाई होने से मनचले नजर नहीं आएंगे।**

– विवेक कुमार, रेंज आईजी, भागलपुर

## पछुआ हवा ने बढ़ाई ठंड, पटना समेत कई जिलों में सुबह-शाम कोहरे की चादर



पटना। बिहार में अब दिन में भी कनकनी महसूस होने लगी है। धूप तो हर दिन निकलती है लेकिन ठंड कम नहीं हो रही है। लोगों को सुबह भी ठिठुरन महसूस हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि पछुआ हवा की गति बढ़ने से कनकनी महसूस हो रही है। अगले तीन दिनों तक ऐसी ही स्थिति रहेगी। इसके बाद न्यूनतम तापमान में और भी गिरावट आएगी। मौसम विभाग ने कहा कि लोग हर हाल में सावधानी बरतें। आने वाले दिनों में मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। अगले सात दिनों तक प्रदेश में बारिश की कोई उम्मीद नहीं है। हालांकि, कुछ इलाकों में अगले दो-तीन दिनों तक सुबह के समय हल्के से मध्यम कोहरे के छाने की संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में किशनगंज सबसे ठंडा जिला रहा, जहां न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पूरे राज्य में सबसे कम है। इसके अलावा कई जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे सुबह और देर रात ठिठुरन बढ़ गई है। पटना में दृश्यता 300 मीटर रही, जो राज्य में सबसे कम रही। वहीं, पूरे बिहार में कहीं भी बारिश नहीं हुई।मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी किए गए जिलों के तापमान के अनुसार, औरंगाबाद का 8.6 डिग्री सेल्सियस, अरवल का 10.9 डिग्री सेल्सियस, डेहरी का 10 डिग्री सेल्सियस, बक्सर का 10.2 डिग्री सेल्सियस, वैशाली का 10.4 डिग्री सेल्सियस, मुजफ्फरपुर का 12.6 डिग्री सेल्सियस, मोतिहारी का 13.4 डिग्री सेल्सियस, सुपौल का 13.1 डिग्री सेल्सियस, फॉरबिसगंज का 13.2 डिग्री सेल्सियस, पटना 13 डिग्री सेल्सियस, भागलपुर 11.2 डिग्री सेल्सियस, मुंगेर 11.7 डिग्री सेल्सियस और कथिहार 12.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं बेतिया (वाल्मीकिनगर) में 11 डिग्री सेल्सियस, मधुबनी में 11.8 डिग्री सेल्सियस, सहरसा 9.4 डिग्री सेल्सियस, शेखपुरा 9.6 डिग्री सेल्सियस, बेगूसराय 13.7डिग्री सेल्सियस, और नालंदा 10.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

# पटना में 25 जगह बनेंगे वेंडिंग जोन

## मंत्री नितिन नवीन बोले: राजधानी को स्मार्ट बनना प्राथमिकता



पटना। नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन ने सचिव एवं नगर निगम अधिकारियों को पटना में 25 जगहों को चिंहित कर वेंडिंग जोन बनाने की व्यवस्था पर तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही जल निकासी, जलापूर्ति एवं सीवरेज नेटवर्क की जीआईएस मैपिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समन्वय और जिम्मेदारी के साथ पटना को स्मार्ट, स्वच्छ और आधुनिक शहर बनाने के लक्ष्य को शीघ्र ही साकार किया जाएगा। मंत्री ने कचरा प्रबंधन एवं संग्रहण के लिए नये वाहनों के क्रय हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। विभाग के सचिव संदीप कुमार आर. पुडकलकट्टी, अपर सचिव विजय प्रकाश मीणा, पटना नगर निगम आयुक्त यशपाल मीणा, इवक्व्छड एमडी अनिमेष कुमार पराशर सहित निगम के सभी वरीय अधिकारियों ने विभिन्न परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की प्रस्तुति दी।मंत्री ने सबसे पहले सफाई व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नालों की सफाई, जलनिकासी व्यवस्था तथा स्वच्छता से जुड़े सूचकों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहर में बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए सफाई व्यवस्था को और अधिक वैज्ञानिक एवं समयबद्ध बनाया जाए, ताकि नागरिकों को साफ-सुथरा और स्वस्थ वातावरण मिल सके। बैठक में जलापूर्ति, सीवरेज नेटवर्क विस्तार और नल-जल योजनाओं की उपलब्धि की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी वार्ड में पेयजल आपूर्ति में बाधा नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और विभाग की सभी योजनाएँ उसी दिशा में केंद्रित हैं।मंत्री ने राम चक बैरिया स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (रहट) प्रोजेक्ट के कार्यों की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों ने मंत्री को वर्तमान प्रगति, निमार्णाधीन सुविधाओं, मशीनरी स्थापना, वेस्ट प्रोसेसिंग क्षमता और साइट मैनेजमेंट से संबंधित विस्तृत प्रस्तुति दी। राम चक बैरिया का यह प्रोजेक्ट राजधानी पटना में ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रसंस्करण और प्रबंधन का प्रमुख केंद्र है, जिसके माध्यम से प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले कचरे का पृथक्करण, प्रोसेसिंग और निस्तारण तकनीकी रूप से किया जाएगा। नितिन नवीन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजना के सभी चरण कलेक्शन, ट्रांसपोर्टेशन, प्रोसेसिंग और डिस्पोजल को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि कचरा प्रबंधन की आधुनिक पद्धतियां अपनाना शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और प्रदूषण-रहित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, डोर-टू-डोर कलेक्शन प्रणाली और कचरे के पृथक्करण पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि प्रोसेसिंग यूनिट पर भार कम हो और दक्षता बढ़े। मंत्री ने कहा कि राम चक बैरिया की यह यूनिट पटना नगर निगम क्षेत्र को ठोस कचरा प्रबंधन के मामले में आत्मनिर्भर बनाएगी और भविष्य में बढ़ती जनसंख्या के मद्देनजर शहर को एक आधुनिक एवं टिकाऊ समाधान प्रदान करेगी। इधर, स्वच्छता में पटना को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर स्थान प्राप्त होने पर मंत्री नितिन नवीन ने शहरवासियों, नगर निगम के सभी अधिकारियों, कर्मियों और सफाई योद्धाओं को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि टीम वर्क, समर्पण और शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। पटना ने स्वच्छता के नए मानक स्थापित किए हैं, और आने वाले समय में इसे और बेहतर बनाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

## मात्र 10 साल की उम्र में काम करना शुरू कर दिया था रति अग्निहोत्री ने



बॉलीवुड एक्ट्रेस रति अग्निहोत्री को एक समय खूबसूरती और संजीदा अभिनय की मिसाल माना जाता था। दर्शक उन्हें 'स्वर्ग से उतरी अप्सरा' तक कहकर पुकारते थे। रति अग्निहोत्री भी बॉलीवुड के कई प्रतिभाशाली कलाकारों में शामिल हैं। रति अग्निहोत्री का जन्म 10 दिसंबर 1960 को उत्तर प्रदेश के बरेली में एक पंजाबी परिवार में हुआ था। बचपन से ही उन्हें अभिनय और मॉडलिंग का शौक था और मात्र 10 साल की उम्र में उन्होंने काम करना शुरू कर दिया। उनकी प्रतिभा को देखते हुए, 16 साल की उम्र में उन्हें तमिल फिल्म 'पुदिया वरपुकल' में काम करने का अवसर मिला। यह उनकी पहली तमिल फिल्म थी, जो ब्लॉकबस्टर साबित हुई और उन्हें साउथ इंडस्ट्री में पहचान दिला गई। इसके बाद वह कमल हासन, रजनीकांत और चिरंजीवी जैसे सुपरस्टार्स के साथ कई तमिल, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में नजर आईं। हिंदी सिनेमा में उनकी एंट्री 1981 में रिलीज हुई फिल्म 'एक दूजे के लिए' से हुई, जिसमें उन्होंने कमल हासन के साथ काम किया। फिल्म बड़ी हिट रही और रति को रातों-रात स्टारडम मिल गया। इस फिल्म के लिए उन्हें फिल्मफेयर बेस्ट एक्ट्रेस का नॉमिनेशन भी मिला, जिससे बॉलीवुड में उनकी स्थिति और मजबूत हुई। 1980 के दशक में उन्होंने 'कुली', 'तवायफ', 'अय्याश', 'शौकीन', 'मुझे इंसाफ चाहिए', 'मैं आवारा हूं' और 'फर्ज और कानून' जैसी कई सफल फिल्मों में मजबूत भूमिकाएँ निभाईं। करियर के शिखर पर रहते हुए रति ने 1985 में आर्किटेक्ट अनिल विरवानी से शादी कर ली और फिल्मों से दूरी बना ली। हालांकि उन्हें आगे भी कई बड़े ऑफर मिले, लेकिन उन्होंने परिवार पर ध्यान देने के लिए केवल चुनिंदा साइड रोल स्वीकार किए। 2001 में उन्होंने 'कुछ खट्टी कुछ मीठी' के साथ फिल्मों में वापसी की। इसके बाद 'क्यों हो गया नाज', 'हम तुम', 'ये है जलवा', 'देव' और 'पहचान' जैसी फिल्मों में साइड रोल करके भी उन्होंने अपनी उपस्थिति को मजबूती से दर्ज कराया।

## धर्मेंद्र के जन्मदिन पर सुभाष घई ने लिख दिल छू लेने वाला संदेश

बॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता-निर्देशक सुभाष घई ने अभिनेता धर्मेंद्र की 90वीं जन्म जयंती पर उन्हें खास अंदाज में याद किया। सोशल मीडिया पर उनके साथ जुड़ी पुरानी यादों को साझा करते हुए भावुक श्रद्धांजलि दी। घई ने इंस्टाग्राम पर धर्मेंद्र की एक स्केच तस्वीर पोस्ट करते हुए एक दिल छू लेने वाला संदेश लिखा, जिसमें उन्होंने अभिनेता की शानदार फिल्मी यात्रा, उनके व्यक्तित्व और बहुमुखी अभिनय क्षमता की जमकर सराहना की। सुभाष घई ने अपने संदेश में लिखा, फ्60 साल से हमारे हीमैन स्क्रीन स्टार धर्मेंद्र को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं। उन्होंने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के लगभग हर बड़े निर्देशक के साथ काम किया है। सीधा-साधा नौजवान, एंग्री एक्शन हीरो, संवेदनशील प्रेमी, कवि, कमीडियन, ऐतिहासिक किरदार या फिर अध्यात्म से जुड़ा चरित्र हर रूप में दर्शकों ने उन्हें सराहा। यह सब उनके सादगी भरे साफ दिल और मेहनत की वजह से संभव हो पाया।' घई ने आगे लिखा कि उनकी नजर में धर्मेंद्र एक ऐसे सितारे थे, जिन्होंने अपने अभिनय के जरिए ना सिर्फ शुभचिंतकों का दिल जीता, बल्कि इंसानियत और सरलता की मिसाल भी कायम की। घई ने अपने संदेश में विशेष रूप से वर्ष 1981 में रिलीज हुई अपनी फिल्म 'क्रोधी' का उल्लेख किया। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने मुख्य किरदार निभाया था, जो एक पढ़ा-लिखा माफिया डॉन होता है और बाद में जीवन की घटनाओं से प्रभावित होकर अध्यात्म का मार्ग अपनाता है।



घई ने इसे अपने करियर की भी खास फिल्म बताया और कहा, 'उन्होंने मेरी फिल्म 'क्रोधी' में जो चुनौतीपूर्ण रोल किया, वह आज भी मेरी सबसे पसंदीदा फिल्मों में शामिल है। इस किरदार में गुस्से, बदले और आध्यात्मिक बदलाव का अनोखा संगम था, जिसे धर्मेंद्र ने बेहद खूबसूरती से निभाया। हैप्पी बर्थडे पाजी, आप हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे।' 'क्रोधी' एक दमदार एक्शन थ्रिलर थी, जिसमें धर्मेंद्र के साथ शशि कपूर, जीनत अमान, प्रेमनाथ, रंजीता, सचिन, प्राण और अमरीश पुरी जैसे कई नामी कलाकार नजर आए। फिल्म में विशेष भूमिकाओं में हेमा मालिनी और मौसमी चटर्जी भी शामिल थीं। दर्शकों ने फिल्म में धर्मेंद्र के द्वारा गुस्से और प्रतिशोध से भरे व्यक्ति से शांत और आध्यात्मिक व्यक्तित्व में हुए परिवर्तन को खूब सराहा था।

## दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया उर्वशी रौतेला के डांस मूव्स ने



बॉलीवुड की प्रतिभाशाली एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला के दमदार सेल्फ डांस चैलेंज ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। एक्ट्रेस द्वारा शेयर किए गए वीडियो में उनके एनर्जेटिक मूव्स, तकनीकी डांस स्किल्स और बेहतरीन स्टेज प्रेज़ेंस ने दर्शकों को पूरी तरह मंत्रमुग्ध कर दिया। कुछ ही घंटों में यह वीडियो कई प्लेटफॉर्म्स पर वायरल हो गया और फैंस लगातार इसे शेयर और रीक्रिएट कर रहे हैं। वीडियो में उर्वशी का आत्मविश्वास, ग्रेस और कच्चा टैलेंट साफ झलकता है। उनकी हर मूवमेंट में एक अलग ही चमक दिखाई देती है, जिसने लोगों को उनकी तुलना बेयॉन्स और जेनिफर लोपेज जैसी ग्लोबल सुपरस्टार्स से करने पर मजबूर कर दिया है। सोशल मीडिया पर लोग कमेंट्स की बाढ़ ला रहे हैं और उन्हें 'इंडिया की डांस क्वीन' तक कह रहे हैं। कई फैंस ने उनके सिग्नेचर स्टेप्स को कॉपी कर अपने संस्करण भी बनाए हैं, जिससे यह चैलेंज और ज्यादा ट्रेंड में आ गया है। इस चैलेंज की खासियत यह है कि यह उर्वशी की एक अलग ही झलक पेश करता है—फिल्मों और स्टेज शो से अलग, ज्यादा व्यक्तिगत और जुड़ाव भरा अंदाज। उनका यह सेल्फ-डांस चैलेंज दर्शाता है कि वह सिर्फ कैमरे पर ही नहीं, बल्कि अपने वास्तविक अंदाज में भी कितनी सहज और प्रतिभाशाली हैं। यह सिर्फ एक वीडियो नहीं बल्कि उनके टैलेंट, कॉन्फिडेंस और स्टारडम का उत्सव है। फैंस की प्रतिक्रियाएं भी बेहद उत्साहजनक रही हैं। किसी ने लिखा, 'उर्वशी इज़ गोल्स! उनकी एनर्जी का कोई जवाब नहीं', तो वहीं एक अन्य ने कहा, 'इसीलिए वो इंडिया की बेयॉन्स हैं।' इन प्रतिक्रियाओं से साफ है कि उर्वशी ने अपनी कला से दर्शकों के दिलों में खास जगह बना ली है। इस वायरल चैलेंज ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उर्वशी रौतेला सिर्फ सुंदरता और ग्लैमर की वजह से नहीं, बल्कि अपनी अथक मेहनत और बहुमुखी प्रतिभा के चलते इंडस्ट्री की शीर्ष परफॉर्मर्स में शामिल हैं। उनके इस वीडियो ने न केवल यादगार पल बनाए हैं बल्कि कई युवा कलाकारों को भी प्रेरित किया है। उर्वशी रौतेला लगातार यह साबित कर रही हैं कि वह हर बार कुछ नया और ऊर्जावान लेकर आती हैं—और यही उनकी सबसे बड़ी पहचान है।

## गुमनामी की जिंदगी जी रही एक्ट्रेस प्रिया गिल

अपने बेहतरीन अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाली अभिनेत्री प्रिया गिल आज अपना जन्मदिन मना रही हैं। 1999 में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म 'सिर्फ तुम' में अभिनय के बाद अभिनेत्री प्रिया गिल अचानक रातोंरात स्टार बन गई थीं, लेकिन समय के साथ वह फिल्मी दुनिया से दूर होती चली गईं। एक्ट्रेस आज पूरी तरह गुमनामी की जिंदगी जी रही हैं। बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने वाली प्रिया गिल ने इंडस्ट्री के सबसे बड़े सितारों शाहरुख खान और सलमान खान के साथ भी काम किया, लेकिन मायूसी और संघर्ष ने उन्हें कैमरे की चमक से बहुत दूर कर दिया। प्रिया गिल ने 1995 में मिस इंडिया प्रतियोगिता में फाइनलिस्ट बनकर मनोरंजन जगत में कदम रखा। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत अभिनेता चंद्रचूड़ सिंह के साथ 1996 में रिलीज हुई फिल्म 'तेरे मेरे सपने' से की। फिल्म में उनकी एक्टिंग की सराहना हुई, लेकिन उन्हें उस फिल्म की तलाश थी जो उनके करियर को नई ऊंचाई दे। यह मौका उन्हें मिला 1999 में आई फिल्म 'सिर्फ तुम' से, जिसमें उन्होंने संजय कपूर के साथ काम किया। फिल्म रिलीज होते ही प्रिया गिल की मीठी मुस्कान, नैचुरल एक्टिंग और सादगी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और वह रातोंरात स्टार बन गईं। सफलता के इस दौर में प्रिया गिल ने बड़े सितारों के साथ भी बेहतरीन भूमिकाएँ निभाईं। वह 2000 में आई फिल्म 'जोश' में शाहरुख खान के साथ मुख्य भूमिका में नजर आईं। इस फिल्म में ऐश्वर्या राय भी थीं, जो शाहरुख की बहन बनी थीं, लेकिन प्रिया गिल ने बतौर हीरोइन अपनी अलग पहचान छोड़ी। इसके अलावा उन्होंने सलमान खान के साथ 'बड़े दिलवाला' और नागार्जुन जैसे साउथ के सुपरस्टार के साथ फिल्में कीं। हालांकि, 1999 में रिलीज हुई फिल्म 'बड़े दिलवाला' उनके करियर के लिए निर्णायक मोड़ साबित हुई। फिल्म असफल रही और इसके बाद उन्हें फिल्मों में मुख्य भूमिकाएं मिलना बंद हो गया।



## अभिनेत्री दीया मिर्जा का प्रेरणादायक है सफर

महज 20 साल की उम्र में बतौर मॉडल करियर की शुरुआत करने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा आज फिल्म इंडस्ट्री की सफल और सम्मानित अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। हाल ही में दीया मिर्जा अपना जन्मदिन मनाया। उनका सफर सिर्फ ग्लैमर की दुनिया तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय सरोकारों से भी गहराई से जुड़ा है। दीया को उनकी पहली पहचान 2001 में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' की 'रीना मल्होत्रा' के किरदार से मिली, जिसने दर्शकों के दिलों में उन्हें हमेशा के लिए बसा दिया। दीया मिर्जा का जन्म 9 दिसंबर 1981 को हैदराबाद में हुआ। उनके पिता फ्रैंक हैंडरिच जर्मन ग्राफिक और आर्किटेक्चर डिजाइनर थे, जबकि मां दीपा मिर्जा बंगाली इंटीरियर डिजाइनर और लैंडस्केप आर्टिस्ट हैं। जब दीया सिर्फ साढ़े चार साल की थीं, तभी उनके माता-पिता अलग हो गए। बचपन की चुनौतियों के बावजूद दीया ने पढ़ाई और करियर दोनों में सफलता हासिल की। उन्होंने अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी से बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री पूरी की और कॉलेज के दौरान ही एक मीडिया फर्म में मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की नौकरी शुरू कर दी। इसी दौरान वह प्रिंट और टीवी विज्ञापनों में मॉडलिंग करने लगीं और कई बड़े ब्रांड्स का चेहरा बनीं। साल 2000 में दीया ने फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और रनर-अप रहीं। इसके बाद उन्होंने मिस एशिया पैसिफिक का खिताब अपने नाम किया और सिर्फ 18 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में उनकी सादगी, आत्मविश्वास और गरिमा की खूब चर्चा हुई। इसी के बाद बॉलीवुड के दरवाजे उनके लिए खुले और 2001 में आई फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' ने उन्हें स्टारडम दिलाया। फिल्म में आर। माधवन और सैफ अली खान के साथ दीया की केमिस्ट्री और उनकी मासूमियत को दर्शकों ने भरपूर पसंद किया। फिल्मी करियर में दीया ने 'संजू', 'थप्पड़', 'शूटआउट एट लोखंडवाला', 'एसिड फैक्ट्री', और 'सलाम मुंबई' जैसी फिल्मों में अपनी अलग पहचान बनाई। मगर वह कभी सिर्फ अभिनय तक सीमित नहीं रहीं। दीया पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और बच्चों की शिक्षा जैसे मुद्दों पर लगातार सक्रिय रही हैं। वह संयुक्त राष्ट्र की गुडविल एंबेसडर हैं और पर्यावरण संरक्षण के लिए कई अभियानों का नेतृत्व करती रही हैं। साल 2019 में उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी 'वन इंडिया स्टोरी' की शुरुआत की, जिसके जरिए वह समाज से जुड़े सार्थक कंटेंट बनाने का काम कर रही हैं।





## जींस और ब्लैक जैकेट पहनकर शोभिता धुलिपाला ने दिखाया स्वैग

आमतौर पर साड़ी और लहंगे में नजर आने वाली साउथ की मशहूर एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में जींस और ब्लैक जैकेट पहनकर ऐसा स्वैग दिखाया कि फैंस उनकी तुलना अंतर्राष्ट्रीय एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा तक से करने लगे।
उनका यह मॉडर्न अवतार देखते ही देखते वायरल हो गया और लोग उनके नए स्टाइल की जमकर तारीफ कर रहे हैं। नागार्जुन की बहू बनने के बाद से शोभिता का हर लुक लाइमलाइट में रहता है, लेकिन इस बार उनका बदला हुआ स्टाइल सबसे ज्यादा चर्चा में है। उन्होंने ब्लैक लेदर जैकेट, हाई-वेस्ट डेनिम जींस और अंदर ब्लैक टैंक टॉप पहनकर एकदम ग्लैमरस और कॉन्फिडेंट लुक क्रिएट किया। आउटफिट बेहद सिंपल था, लेकिन इसे जिस अंदाज में उन्होंने कैरी किया, वह उनके पूरे व्यक्तित्व को अलग ही स्तर पर ले गया। उनका पोज़, एक्सप्रेशन और बॉडी लैंग्वेज हर फोटो में कूल और स्टाइलिश वाइब दे रहे थे। ब्लैक लेदर जैकेट इस पूरे लुक का सबसे आकर्षक हिस्सा बन गया। इसकी फिटिंग, सिल्वर ज़िप्स और स्टाइलिश कट्स ने उनके बोल्ड अंदाज को और निखारा।
वहीं, ब्लैक टैंक टॉप ने उनके लुक में परफेक्ट बोल्डनेस जोड़ दी। प्लेन होने के बावजूद इसका फिट और स्टाइल आउटफिट को खास बना रहा था। हाई-वेस्ट जींस का चुनाव भी बेहतरीन रहा, जिसने उनके मॉडर्न और कंफर्टेबल स्टाइल को पूरा किया। गोल सिल्वर बटन और डीप पॉकेट्स ने जींस को और आकर्षक बनाया, जबकि पॉकेट में हाथ डालकर दिए गए उनके पोज़ तस्वीरों को और भी क्लासी बना रहे थे। शोभिता ने इस पूरे लुक को एक्सेसरीज के साथ ओवरडन नहीं किया। उन्होंने केवल एक चंकी सिल्वर नेकलेस पहना और बाकी ज्वेलरी को पूरी तरह इग्नोर किया। उनकी आंखों पर लगा ब्लैक सनग्लास उनके कूल अंदाज का सबसे बड़ा हाइलाइट बना। साधारण वेस्टर्न आउटफिट को उन्होंने जिस आत्मविश्वास के साथ पेश किया, उसने उन्हें और भी गॉर्जियस बना दिया। फैंस उनके इस अवतार पर लगातार प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। किसी ने उन्हें 'साउथ की प्रियंका चोपड़ा' कहा तो किसी ने 'लेडी सिंघम'। कई लोगों का कहना है कि शोभिता बिना किसी विशेष मेहनत के ही स्टाइलिश और ग्लैमरस दिखने की क्षमता रखती हैं। उनकी तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं और फैंस उनके इस मॉडर्न, bold और कॉन्फिडेंट लुक पर फिदा हो गए हैं। बता दें कि साउथ स्टार नागार्जुन की बड़ी बहू और एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला अक्सर अपने एथनिक और एलीगेंट लुक्स के लिए मशहूर रही हैं, लेकिन इस बार उन्होंने ऐसा वेस्टर्न अंदाज अपनाया कि सोशल मीडिया पर हलचल मच गई।

## काम पर लौटीं कियारा आडवाणी

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी मां बनने की खुशी के बाद अब दोबारा काम पर लौट आई हैं। कियारा और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने 15 जुलाई को अपनी बेटी सारायाह का स्वागत किया था। माता-पिता बनने के बाद यह पहली बार है जब कियारा मीडिया कैमरों के सामने दिखाई दीं। लगभग पांच महीनों के बाद काम पर वापसी करते हुए कियारा को मुंबई में स्पॉट किया गया, जहां उन्हें देखकर फैंस बेहद उत्साहित हो गए। मदरहुड के बाद कियारा की यह पहली झलक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। फैंस लंबे समय से उनकी स्क्रीन पर वापसी का इंतजार कर रहे थे। मां बनने के बाद कियारा ने काफी समय परिवार को दिया और अब दोबारा अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों को निभाने की शुरुआत की है।



कियारा पिछले कुछ वर्षों में बॉलीवुड की टॉप लीग की अभिनेत्रियों में शुमार हो चुकी हैं और उनकी फिल्मों ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। यही कारण है कि ब्रांड्स और फिल्ममेकर्स भी उनकी वापसी का इंतजार कर रहे थे। हालांकि उन्होंने अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि वह किस प्रोजेक्ट की शूटिंग के लिए सेट पर लौटी हैं, लेकिन अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह जल्द ही किसी बड़े प्रोजेक्ट की घोषणा कर सकती हैं।

## डिजिटल स्पेस बदला है, खत्म नहीं हुआ: प्राजक्ता कोली

मशहूर यूट्यूबर और एक्ट्रेस प्राजक्ता कोली कहा कि डिजिटल कंटेंट क्रिएशन का दौर न तो खत्म हुआ है और न ही धीमा पड़ा है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में यह पहले से कहीं ज्यादा व्यापक, तेज और अनिश्चित हो गया है।
एक्ट्रेस प्राजक्ता ने बताया कि डिजिटल स्पेस बदला है, खत्म नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि दस-ग्यारह साल पहले जब उन्होंने शुरुआत की थी तब केवल लॉन्ग-फॉर्म वीडियो ही चलते थे, लेकिन आज दर्शकों का ध्यान कई प्लेटफॉर्म्स में बंट चुका है। नए-नए फॉर्मेट्स और ट्रेंड्स लगातार सामने आ रहे हैं, जिससे क्रिएटर्स को भी खुद को लगातार अपडेट रखना पड़ता है। उन्होंने 2017 के डिजिटल बूम को इंडस्ट्री का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट बताया और कहा कि इसी बूम की वजह से आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल इकॉनमी बन चुका है, जहां हर बड़ा ब्रांड भारतीय कंटेंट क्रिएटर्स के साथ काम करना चाहता है। अपनी जर्नी को वह पूरी तरह अनप्रेडिक्टेबल बताती हैं। उनके मुताबिक डिजिटल इंडस्ट्री में कोई तय रोडमैप, पैटर्न या रिदम नहीं होता। कभी कुछ वीडियो अच्छा चल जाते हैं और लगता है कि सब सेट हो गया, लेकिन अगला वीडियो आते-आते हालात पूरी तरह बदल सकते हैं।
उन्होंने कहा कि इस फील्ड का यही रोमांच है—यह एक रोलरकोस्टर राइड की तरह है जिसमें हर मोड़ पर नई चुनौती और नया मौका होता है। बीते दस साल में उनकी सबसे बड़ी सीख यही रही है कि बदलाव को पहचानना और तुरंत अपनाना जरूरी है। प्राजक्ता ने कहा कि उनके लिए हमेशा यह समझना महत्वपूर्ण रहा कि किस समय क्या चल रहा है, क्या अब काम नहीं कर रहा और फिर बिना रुके नई दिशा की तरफ बढ़ जाना चाहिए। उनकी मान्यता है कि यही एप्रोच उन्हें इंडस्ट्री में लगातार प्रासंगिक बनाए रखती है। डिजिटल स्पेस को वह चुनौतीपूर्ण के साथ-साथ बेहद रोमांचक भी मानती हैं।



# अंडर 19 एशिया कप में रविवार को होगा भारत-पाकिस्तान मुकाबला

## वैभव पर रहेंगी नजरें, हाथ नहीं मिलने को लेकर जारी गतिरोध टूटेगा !



**दुबई (एजेंसी)।** अंडर 19 एशिया कप क्रिकेट में रविवार को होने वाली भारत और पाकिस्तान मैच को लेकर प्रशंसकों में उत्साह चरम पर है। इस मैच में सभी की नजरें वैभव सूर्यवंशी पर रहेंगी। वैभव ने जिस प्रकार यूएई के खिलाफ मुकाबले में आक्रामक बल्लेबाजी की है। उससे तय है कि वह पाक के खिलाफ भी उसी अंदाज में उतरेंगे। विश्वकप में ये देखना होगा कि भारतीय टीम के खिलाड़ी पाक खिलाड़ियों से हाथ मिलाते हैं या नहीं।

माना जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) टीम का इस मैच में हाथ मिलाने से नहीं रोकेगी। इसका कारण है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि अंडर-19 स्तर पर खेलभावना को मजबूत करने पर उसका ध्यान रहेगा।

वहीं आईसीसी ने कहा है कि अगर भारतीय खिलाड़ी हाथ नहीं मिलाते, तो इसकी जानकारी पहले से मैच रेफरी को देनी होगी। आईसीसी का प्रयास है कि जूनियर क्रिकेट में सही संदेश जाए और किसी प्रकार का विवाद खड़ा ना हो। इस टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की टीमें, ग्रुप एक से सेमीफाइनल में पहुंच सकती हैं क्योंकि अन्य टीमें मलेशिया और काफी कमजोर हैं। भारतीय टीम के लिए राहत की बात ये है कि वैभव सूर्यवंशी अच्छी फॉर्म में हैं। वहीं कप्तान आयुष म्हात्रे ने हाल में घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया था। म्हात्रे ने दो शतक और एक अर्धशतक लगाया था। वहीं वैभव ने सबसे कम उम्र में शतक लगाया था। इस प्रकार के इनके प्रदर्शन को देखते हुए माना जा रहा है कि भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है।

### अंडर-19 एशिया कप की टीमें

ग्रुप एः भारत, पाकिस्तान, मलेशिया, यूएई

ग्रुप बीः बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान, नेपाल

भारतीय टीमः आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा (उप-कप्तान), वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलान ए. पटेल, नमन पुष्पक, डी. दीपेश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह (फिटनेस के अधीन), उधव मोहन और एरॉन जॉज.'

स्टैंडबाय खिलाड़ीः राहुल कुमार, जे हेमचूडेशन, बीके किशोर और आदित्य रावत।

# मुश्ताक अली ट्रॉफी : नीतीश की हैट्रिक बेकार गयी, मध्य प्रदेश ने आंध्र को हराया



**पुणे (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सुपर लीग स्टेज के अपने पहले मैच में आंध्र प्रदेश को चार विकेट से हरा दिया। इस मैच में आंध्र के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने हैट्रिक लगायी पर इसके बाद भी वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाये। मध्य प्रदेश ने इस मैच में खराब शुरुआत से उबरकर 113 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। रेड्डी ने तीसरे ओवर में हर्ष गवली, हरप्रीत भाटिया और रजत पाटीदार के विकेट लिए।

वेंकटेश अय्यर के आउट होने के तुरंत बाद मध्य प्रदेश का स्कोर चार विकेट पर 37 रन हो गया। ऐसे में आंध्र की जीत की उम्मीदें बनीं पर ऋषभ चौहान और राहुल बाथम ने पांचवें विकेट के लिए 73 रन की शानदार साझेदारी कर टीम को संभाल लिया। चौहान ने 43 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 47 रन बनाए जबकि बाथम 32 गेंदों पर 35 रन बनाकर नाबाद रहे, जिससे मध्य प्रदेश ने 15 गेंद बाकी रहते जीत हासिल करने के साथ ही चार जरूरी अंक प्राप्त किये।

वहीं इससे पहले रेड्डी ने विकेटकीपर-बल्लेबाज केएस भरत के साथ तीसरे विकेट के लिए 50 रन बनाये। भरत ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाए जिससे आंध्र की टीम 19.1 ओवर में 112 रन तक पहुंची। मध्य प्रदेश की ओर से शिवम शुक्ला ने 4 जबकि त्रिपुरेश सिंह ने 3 विकेट लिए। वहीं बाथम ने 2 खिलाड़ियों को आउट किया।

# सूर्यकुमार ने हार की जिम्मेदारी ली, अक्षर को पहले भेजे जाने के फैसला का भी बचाव किया



**मुल्लांपुर।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 क्रिकेट मुकाबले में हार पर निराशा जताते हुए इसकी जिम्मेदारी ली है। सूर्यकुमार ने कहा कि उन्हें इस मैच में जिम्मेदारी लेनी थी पर वह उसमें सफल नहीं हो पाये। इस मैच में भारतीय टीम 214 रनों के लक्ष्य को हासिल नहीं कर पायी थी। इस मैच में ऑलराउंडर अक्षर पटेल को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजने के फैसले का भी सूर्या ने बचाव करते हुए कहा कि पिछले कुछ समय में उसने शुरआत में उतारने पर बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है जिसको देखते हुए उसे इस बार अवसर दिया गया। अक्षर को पहले भेजने के कारण मुख्य कोच गौतम गंभीर के फैसलों पर भी सवाल उठे थे। सूर्यकुमार ने कहा कि अक्षर ने एकदिवसीय और टेस्ट क्रिकेट में अच्छी बल्लेबाजी की है हालांकि वह इस मैच में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये। कप्तान ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए आगामी मैचों में अच्छी बल्लेबाजी की बात कही।

सूर्यकुमार ने कहा, हमने पहले गेंदबाजी करके भी गलती की जबकि हमें बल्लेबाजी करनी चाहिये थी पर कहा कि टीम को इससे सीखने का अवसर मिला।

उन्होंने कहा कि हमें दूसरी योजना भी लेकर चलनी चाहिये थी पर हमने ऐसा नहीं किया। हमने दूसरी पारी में विरोधी टीम की गेंदबाजी देखकर सबक लिया है। अब हम अगले मैच में उसी के अनुसार गेंदबाजी करना चाहेंगे।

सूर्यकुमार ने कहा, हम हर मैच में अभिषेक शर्मा पर आधारित नहीं रह सकते। मुझे और शुभमन गिल को अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिये थी पर हम ऐसा नहीं कर पाये। शुभमन पहली ही गेंद पर आउट हो गए थे। इसके बाद मुझे लंबी पारी खेलते हुए मैच आगे ले जाना चाहिये था पर मैं ऐसा नहीं कर पाया।

# डिकॉक का अर्धशतक, भारत को 51 रन से हराकर दक्षिण अफ्रीका ने श्रृंखला 1-1 से बराबर की

**मुल्लांपुर (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका ने विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (90 रन) की धमाकेदार अर्धशतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर बृहस्पतिवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत को 51 रन से हराकर पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। अब तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 14 दिसंबर को धर्मशाला में खेला जाएगा।



पहले मैच में महज 74 रन पर आउट होने वाली दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 213 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया जिसमें डिकॉक की 46 गेंद की पारी में सात छक्के और पांच चौके जड़े थे। डिकॉक ने कप्तान एडन मारक्रम (29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 83 रन की भागीदारी निभाई।

डोनोवन फरेरा ने नाबाद 30 रन और डेविड मिलर ने नाबाद 20 रन का योगदान दिया। भारत ने पारी में 16 वाइड गेंद डाली और 22 अंतिरिक्त रन दिए जबकि दक्षिण अफ्रीका ने केवल पांच अतिरिक्त रन दिए। इस तरह भारत ने अंतिम 10 ओवर में 123 रन लुटाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरूआत काफी खराब रही जिससे टीम उबर नहीं सकी और तिलक वर्मा (62 रन) के अर्धशतक के बावजूद 19.1 ओवर में 162 रन पर आउट हो गई।

विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने 27 रन, अक्षर पटेल ने 21 रन और हार्दिक पंड्या ने 20 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए आटेनील बार्टमैन सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने चार ओवर में 24 रन देकर चार विकेट झटके जबकि लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन और लुथे सिपमाला को दो दो विकेट मिले।

भारतीय टीम ने पहले ही ओवर में शुभमन गिल का विकेट गंवा दिया जो खाता भी नहीं खोल सके। इस तरह खेल के इस प्रारूप में उनकी फॉर्म पर चिंता बरकरार है। एनगिडी की गेंद को डिफेंड करने की कोशिश में वह पहली स्लिप में खड़े हेंड्रिक्स को कैच दे बैठे।

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने दो छक्के से आठ गेंद में 17 रन बनाकर तेज शुरूआत की लेकिन यानसन की गेंद पर आउट हो गए। गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर सीधे विकेटकीपर डिकॉक के हाथों में समा गई।

चौथे ओवर में कप्तान सूर्यकुमार यादव के आउट होने से स्कोर तीन विकेट पर 32 रन हो गया। दिलचस्प है कि यानसन की गेंद सूर्यकुमार के बल्ले को छूकर विकेटकीपर के हाथों में गई लेकिन अंपायर ने आउट नहीं दिया। मारक्रम ने क्षेत्ररक्षकों से पूछने के बाद रिव्यू लेने का फैसला जबकि दो सेकेंड ही बचे थे। और अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा और निराश सूर्यकुमार के पवेलियन लौटते हुए मैदान पर खामोशी छा गई। तिलक वर्मा ने पांचवें ओवर में सिपमाला पर एक चौका और एक छक्का जमाया। इससे पावरप्ले में भारत का स्कोर तीन विकेट पर 51 रन था। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतारे गए अक्षर पटेल (21 गेंद में 21 रन) ने जैसे ही तेज खेलना शुरू किया, वह बार्टमैन की गेंद पर हेंड्रिक्स के हाथों कैच आउट हो गए। तिलक और पंड्या ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 41 गेंद में 51 रन जोड़े लेकिन तब तक जरूरी रन रेट काफी बढ़ चुका था।

# राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के कायक्रम में हुआ बदलाव , 31 दिसंबर की जगह 4 जनवरी से शुरु होंगे मुकाबले

नई दिल्ली । ग्रेटर नोएडा इस माह के अंत में शुरु होने वाले एलीट पुरुष और महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। सरकार द्वारा लागू प्रदूषण नियंत्रण उपायों को देखते हुए अब ये चैम्पियनशिप 31 दिसंबर की जगह पर 4 जनवरी से शुरु होगी। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने कहा, ''सरकार द्वारा अनिवार्य प्रदूषण नियंत्रण उपायों के 31 दिसंबर 2025 तक प्रभावी होने के कारण अब ये चैंपियनशिप पर चार से 10 जनवरी 2026 तक खेली जाएगी।'' इससे पहले दिल्ली सरकार ने निर्देश जारी किए कि एनसीआर राज्य सरकारें और दिल्ली प्रशासन क्षेत्र में उच्च स्तर के वायु प्रदूषण को देखते हुए ऐसे आयोजनों को टालने के लिए तत्काल कदम उठाएं। राष्ट्रीय महासंघों और केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और खेल संघों से भी इस आदेश का पालन करने को कहा गया था। माना जा रहा है कि उसी को देखते हुए मुक्केबाजी चैम्पियनशिप आगे बढ़ायी गयी है।



# लॉस एंजिल्स ओलंपिक में स्वर्ण जीतना है पहलवान रवि दहिया का लक्ष्य

नई दिल्ली । ओलंपिक पदक विजेता पहलवान रवि कुमार दहिया ने कहा है कि उनका लक्ष्य लॉस एंजिल्स ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतता है और इसके लिए वह तैयारी भी कर रहे हैं। टोक्यों ओलंपिक के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक विजेता रवि इसके बाद साल 2024 में पेरिस ओलंपिक में वह जगह नहीं बना पाये और इसी कारण अब वह अपना भार वर्ग बदलकर लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारी कर रहे हैं। रवि 57 किग्रा की जगह अब 65 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा ले सकते हैं। उनसे देश को अगले ओलंपिक में स्वर्ण पदक की उम्मीद है। इस खिलाड़ी का कहना है कि वह रजत तक ही सीमित नहीं रह सकते हैं। उनका लक्ष्य स्वर्ण जीतना है। रवि को पहचान 2018 में अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में मिली। तब 57 किलोग्राम भार वर्ग में उन्होंने रजत पदक जीता था। वहीं साल 2019 में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में अपनी जगह पक्की की थी। रवि एशियाई चैंपियनशिप में भी विजेता हैं। 2018, 2020, और 2021 में उन्होंने इसमे स्वर्ण पदक जीते थे ।टोक्यो ओलंपिक के बाद उन्होंने साल 2022 में राष्ट्रमण्डल खेलों में भी दहिया ने स्वर्ण पदक जीता था ।उनके पिता राकेश दहिया तो किसान हैं, लेकिन उनके चाचा मुकेश दहिया कुश्ती से जुड़े रहे हैं। इस वजह से रवि को कुश्ती विरासत में मिली है, जिसे उन्होंने अपने प्रयासों से सफल बनाया है। रवि ने केवल 10 साल की उम्र में दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में कुश्ती प्रशिक्षण के लिए दाखिला लिया।



# विनेश ने संन्यास का फैसला वापस लिया, लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलना है लक्ष्य

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** ओलंपियन महिला पहलवान विनेश फोगाट ने अचानक ही संन्यास से वापसी की घोषणा कर सबको हैंरान कर दिया है। विनेश ने पेरिस ओलंपिक फाइनल के ठीक पहले अधिक वजन होने के कारण अयोग्य घोषित किये जाने के बाद हताशा में खेल से संन्यास की घोषणा कर दी थी। अब विनेश ने अपने संन्यास के फैसले को वापस लेने की घोषणा करते हुए कहा कि वह 2028 लॉस एंजिस ओलंपिक में उतरना चाहती है। इसी साल अगस्त में विनेश ने कुश्ती से संन्यास लेकर राजनीति में प्रवेश किया था। वहीं अब वह एक बार फिर से मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं। संन्यास से वापसी की जानकारी विनेश ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये दी है।



विनेश ने अपनी एक भावुक पोस्ट में लिखा, 'लोग आम तौर पर मुझसे पूछते रहते हैं कि क्या पेरिस मेरा आखिरी सफर था? मेरे पास लंबे समय से इस सवाल का जवाब नहीं था। इस दौरान कई साल के बाद मैंने चैन की सांस ली। अपने कार्यभार को समझने के लिए मैंने थोड़ा समय लिया। जीवन का उतार-चढ़ाव, देखा। मुझे अब भी खेल पसंद है। अब भी मैं प्रतिस्पर्धा करना चाहती हूं।' विनेश ने पोस्ट में आगे लिखा, 'शांत माहौल में मुझे कुछ ऐसा मिला जिसे मैं भूल गई थी 'आग कभी नहीं बुझती है।' ये केवल थकावट और शोर के नीचे दबी हुई थी। अनुशासन, दिनचर्या, लड़ाई ये मेरे सिस्टम में है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं कितनी दूर चली गई, मेरा एक हिस्सा मैट पर ही रहा है। तो मैं यहां हूं, एक ऐसे दिल के साथ जो निडर है और एक ऐसी भावना के साथ जो झुकने से इंकार करता है, अब ओलंपिक की ओर वापस कदम रख रही हूं। और इस बार, मैं अकेली नहीं हूं। मेरा बेटा मेरी टीम में शामिल हो रहा है, मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा, 2028 ओलंपिक की इस राह पर मेरा छोटा चीयरलीडर होगा।'

तीन बार की ओलंपियन रही विनेश ने एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीते हैं। 2024 पेरिस ओलंपिक में फाइनल से ठीक एक रात पहले विनेश को अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था। तब विनेश ने इसे अपने खिलाफ बड़ी साजिश बताया था। इसके बाद प्रशंसकों और करीब लोगों के समझाने के बाद भी विनेश नहीं मानी और संन्यास की घोषणा कर दी थी। इसके बाद विनेश ने हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ा था और जुलाना सीट से 6,000 वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी।

# अंडर-19 एशिया कप में वैभव ने यूएई के खिलाफ लगाया तूफानी शतक

दुबई । यहां यूएई के खिलाफ हुए अंडर-19 एशिया कप में भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया। वैभव ने इस मैच में शतकीय पारी खेलते हुए यूएई के गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। वैभव ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। इस मैच में भारतीय टीम के कप्तान आयुश महात्रे शुरुआत में ही आउट हो गये। आयुश तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर ही केवल 4 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। इसके बाद वैभव ने पारी संभाली और जमकर चौके, छक्के लगाये ।वैभव ने अपने पचास रन छक्के के साथ बनाये। इसके बाद पारी के 16वें ओवर में वैभव ने लगातार तीन छक्के लगा दिए। इस ओवर ने मैच का पूरा रुख ही बदल दिया। इसके बाद । 21वें ओवर की दूसरी गेंद पर वैभव ने एक रन लेकर अपना शानदार शतक पूरा किया। वैभव ने 56 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया, जिसमें 9 छक्के और 5 चौके शामिल रहे। वैभव ने 84 गेंदों पर 150 रन पूरे किए। आखिरकार वह 95 गेंदों में 171 रन बनाकर लौटे वैभव की पारी में 14 छक्के और 9 चौके शामिल रहे ।वैभव का ये 10 दिनों के अंदर दूसरा शतकहै। वैभव ने 2 दिसंबर को महाराष्ट्र के खिलाफ बिहार की ओर से 108 रन बनाए थे।

# भारत-दक्षिण अफीका दूसरे टी20 में बुमराह और तिलक ने बनाये रिकार्ड

मुल्लांपुर (ईएमएस) । भारतीय क्रिकेट टीम को दक्षिण अफीका के खिलाफ दूसरे टी20 में हार का सामना करना पड़ा है। इसी के साथ ही ये सीरीज 1-1 से बराबरी पर गयी। इस मैदान में ये पहला अंतरराष्ट्रीय मैच था। जिसमें भारतीय टीम को 51 रनों से हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में कई रिकार्ड भी बने है। भारतीय टीम को अपनी धरती पर सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी। वहीं टी20 में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के एक ही ओवर में पहली बार 4 छक्के लगे। वहीं अर्शदीप ने के एक ओवर में 7 वाइड गेंदें फेंकीं। सकारात्मक बात ये रही कि बल्लेबाज तिलक वर्मा ने इस मैच में पांच छक्के लगाये। अब वह दक्षिण अफीका के खिलाफ टी-20 में कुल मिलाकर सबसे अधिक 27 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गये हैं। इसमें दक्षिण अफीका ने भारत को 51 रनों से हरा दिया। भारत की पूरी टीम 162 रनों पर सिमट गई ।भारत की ओर से तिलक वर्मा ने 34 गेंद में सर्वाधिक 62 रन बनाए। इसमें 2 चौके और 5 छक्के शामिल हैं। इसके अलावा जितेश शर्मा ने 27, हार्दिक पांड्या ने 20, अक्षर पटेल ने 21 और अभिषेक शर्मा ने 17 रन बनाए। पारी में शुभमन गिल समेत 3 बल्लेबाज 0 पर आउट हुए। अभिषे और शुभमन के घरेलू मैदान पर असफल होने से उनके प्रशंसक निराश हुए। मैच शुरू होने से पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने युवराज और विश्वकप विजेता महिला टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर के नाम पर स्टेडियम में दो स्टैंड्स का उद्घाटन किया।



# मेस्सी भारत दौरे में धूम मचाने के लिए तैयार, लेकिन 2011 की तरह नहीं दिखेगा फुटबॉल जादू

**कोलकाता (एजेंसी)।** अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी की 2011 के बाद शनिवार से शुरू होने वाली पहली भारतीय यात्रा चकाचौंध से भरपूर होगी लेकिन इसमें फुटबॉल का खास जादू देखने को नहीं मिलेगा। मेस्सी का यह दौरा यह 2011 की तुलना में पूरी तरह से अलग होगा जब यहां साल्ट लेक स्टेडियम में दर्शकों ने सुपरस्टार के पांवों का जादू देखा था। तब फीफा मैत्री मैच में अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 1-0 से हराया था और 85,000 से अधिक प्रशंसक स्टेडियम में जमा हुए थे। कुछ दर्शक तो स्टैंड के किनारों पर भी बैठे थे।

आठ बार बैलोन डीओर जीतने वाले मेस्सी इस बार 'जीओएटी इंडिया टूर 2025' में फुटबॉल खेलने वाले नहीं हैं। यह पूरी तरह से प्रचार और व्यावसायिक रूप से आयोजित कार्यक्रम है, जो शनिवार को यहां शुरू होगा और सोमवार को नई दिल्ली में समाप्त होगा। फिर भी एक ऐसे शहर के लिए यह बेहद खास है, जिसने कभी माराडोना तो कभी पेले को सिर आंखों पर बिठाया तो कभी अपने फुटबॉल प्रेम से डुंगा को चकाचौंध किया और रोनाल्डिन्हो को गले लगाया। इसे देखते हुए फुटबॉल नहीं खेलने के बावजूद यह शहर मेस्सी को अपने सिर आंखों पर बिठाने के लिए तैयार है।

### सॉल्ट लेक स्टेडियम में कार्यक्रम, 7,000 की टिकट

आयोजकों ने सॉल्ट लेक स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम के लिए 78,000 सीटें सुरक्षित रखी हैं। यहां मेस्सी शनिवार को 45 मिनट तक चलने वाले एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके लिए टिकटों की कीमत 7,000 रुपए तक है। यह देखना हालांकि बाकी है कि फुटबॉल प्रेमी इस कार्यक्रम के प्रति कितना उत्साह दिखाते हैं। मेस्सी भारत में 72 घंटे से भी कम समय बिताएंगे, लेकिन इस दौरान वह चार महानगरों कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली का दौरा करेंगे।

### कई दिग्गजों से मिलेंगे मेस्सी

अपनी इस संक्षिप्त दौरे के दौरान उनके कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, कॉर्पोरेट जगत के दिग्गज, बॉलीवुड हस्तियां और यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ निर्धारित बैठक भी शामिल है। मेस्सी के प्रशंसकों में से एक भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल का भी 14 दिसंबर को धर्मशाला में होने वाले टी20 मैच के बाद उनसे मिलने की उम्मीद है। मेस्सी का पिछला भारत दौरा फुटबॉल प्रेमियों की स्मृतियों में आज भी जीवंत बना हुआ है, जब उन्होंने तीन सितंबर, 2011 को अपने पांवों का जादू दिखाकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया था। भले ही वह उस मैच में गोल नहीं कर पाए थे लेकिन उन्हें अपने सामने खेलते हुए देखना भी बहुत बड़ा रोमांच था।

### मेस्सी के दौरे का मुख्य आकर्षण

मेस्सी के वर्तमान दौरे का मुख्य आकर्षण रविवार को मुंबई में होने वाला 45 मिनट का फैशन शो होगा जिसमें यह दिग्गज फुटबॉलर लंबे समय तक अपने साथी रहे लुई सुआरेज और अर्जेंटीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल के साथ भाग लेगा। मेस्सी के इस दौरे के प्रमोटर सताद्रु दत्ता ने कहा, 'इसमें मशहूर मॉडल, क्रिकेटर, बॉलीवुड हस्तियां, बिजनेसमैन शामिल होंगे। टाइगर और जैकी श्रॉफ, जॉन अब्राहम और अन्य लोग भी इसमें शिरकत करेंगे।% सुआरेज एक स्पेनिश संगीत कार्यक्रम में भी प्रस्तुति देंगे। आयोजकों ने मेस्सी से 2022 के विश्व कप विजेता अभियान से जुड़ी कुछ यादगार वस्तुएं लाने का अनुरोध किया है, जिनकी मुंबई में नीलामी की जाएगी।

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले इस कार्यक्रम से पहले क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) में पैडल कप का आयोजन किया जाएगा। मेस्सी कोलकाता में ईएम बाईपास पर स्थित एक पांच सितारा होटल में ठहरेंगे और सुबह प्रायोजकों के साथ विशेष मुलाकात और अभिवादन कार्यक्रम में भाग लेंगे। कोलकाता में अब VIP रोड पर श्रीभूमि क्लॉक टॉवर (बिग बेन की प्रतिकृति) के पास एक नया 'मेस्सी लैंडमार्क' भी होगा, जिसमें अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान की ट्रॉफी को ऊपर उठाए हुए 70 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा लगाई गई है।

सुरक्षा कारणों से इसका अनावरण मेस्सी के होटल स्थित कमरे से ही वर्चुअल तरीके से किया जाएगा। मेस्सी के 25 गुणा 20 फीट के एक भित्ति चित्र का भी अनावरण किया जाएगा। बाद में इसे साल्ट लेक स्टेडियम में मेस्सी को भेंट किया जाएगा। इस कार्यक्रम के बाद मेस्सी दोपहर दो बजे हैदराबाद के लिए रवाना होंगे। कोच्चि में होने वाला मेस्सी का प्रस्तावित मैत्री मैच रद्द होने के बाद हैदराबाद को उनके कार्यक्रम में जोड़ा गया था। हैदराबाद पहुंचने के बाद मेस्सी जीओएटी कप में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी शामिल होंगे जिसमें सात सात खिलाड़ियों के बीच प्रदर्शनी मैच, पेनल्टी शूटआउट, युवा प्रतिभाओं के लिए एक मास्टरक्लास और संगीतमय प्रस्तुति भी शामिल है।

### पीएम मोदी से मुलाकात और दौरे का समापन

मेस्सी अपने दौरे का समापन दिल्ली में करेंगे, जहां वह प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे। इस साल की शुरुआत में गोथिया कप, डाना कप और नॉर्वे कप में शानदार जीत हासिल करने वाले मिनर्वा अकादमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मेस्सी की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही एक प्रदर्शनी मैच भी आयोजित किया जाएगा जिसमें 9-9 खिलाड़ी भाग लेंगे। मेस्सी के इस दौरे को लेकर हर कोई उत्साहित है और यही वजह है कि कुछ पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी आमंत्रित न किए जाने पर 'दुखी और अपमानित' महसूस कर रहे हैं।



पेले के खिलाफ 1977 में प्रदर्शनी मैच खेलने वाले भारत और मोहन बागान के पूर्व मिडफील्डर गौतम सरकार ने अपनी बात कहने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा, 'यह सब केवल दिखावा है। मेस्सी तो सिर्फ हाथ मिलाने आ रहे हैं। जब पेले यहां आए थे तो हमारे साथ खेले भी थे।' सरकार ने कहा, 'मेस्सी को बुलाने के बजाय हमारा ध्यान देश में फुटबॉल को बेहतर बनाने पर होना चाहिए। हमें भारतीय फुटबॉल को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए और अतीत के गौरव को वापस लाना चाहिए।% भारत के पूर्व डिफेंडर सुब्रत भट्टाचार्य ने भी कहा कि वह अपमानित महसूस कर रहे हैं।

## मथुरा के गांवों से चल रहा था डिजिटल अरेस्ट का धंधा, 300 जवानों ने की घेराबंदी, 42 को दबोचा

मथुरा (एजेंसी)। मथुरा के आसपास लगे गांवों से साइबर ठगों की गैंग सक्रिय थी। लंबे समय से डिजिटल अरेस्ट जैसे कई साइबर क्राइम के सूचनाएं मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की और 42 आरोपियों को दबोच लिया। दरअसल, मथुरा के कुछ गांव जामताड़ा बनते जा रहे थे, जहां से साइबर ठगी का काला धंधा ऑपरेट होता था। झारखंड का जामताड़ा जिला साइबर अपराधों के लिए कुख्यात है। ऐसे में मथुरा पुलिस ने इस पनपते नेटवर्क को क्रैकडाउन करने के लिए कई थानों की फोर्स लगाई और करीब चार गांवों में ताबड़तोड़ छापेमारी की। एसपी देहात सुरेश चन्द रावत ने इस कार्रवाई की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि 4 सीओ और भारी पुलिस बल के साथ चार गांवों में सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान काफी मात्रा में आपत्तिजनक सामान, आधार कार्ड, और मोबाइल सहित कुल 42 लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि सभी से गहन पूछताछ की जा रही है और दोषी पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना गोवर्धन इलाके के गांव देवसेरस में साइबर अपराधियों की धरपकड़ के लिए बीते दिन एक सर्च अभियान चलाया गया। भारी संख्या में पुलिस बल और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस की टीमें गांव में पहुंचीं। पुलिस ने चार सीओ और भारी पुलिस बल के साथ चार गांवों में यह अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने आधार कार्ड, मोबाइल सहित काफी मात्रा में आपत्तिजनक/संदिग्ध सामान जब्त किया। साइबर क्राइम के क्षेत्र में यह गांव काफी मशहूर है, इसलिए यह कार्रवाई हुई। जैसे ही पुलिस की टीमें भारी संख्या में गांव देवसेरस में पहुंचीं, चारों ओर हड़कंप मच गया। पुलिस के आने की भनक लगते ही कई अपराधी इधर-उधर भागने लगे। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता था कि किस प्रकार भारी पुलिस बल ने गांव में पहुंचकर अपराधियों की धरपकड़ के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया। बताया जाता है कि इस सर्च ऑपरेशन में एक दर्जन से अधिक समेत कुल 42 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## तेंदुए की वेशभूषा पहन विधानसभा पहुंचे सोनावणे, तेंदुए की आवाज निकाल किया रोमांचित

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर जुन्नर के विधायक शरद सोनावणे तेंदुए की वेशभूषा पहनकर सदन पहुंचे। सिर से पांव तक तेंदुए की त्वचा के पैटर्न से सजी उनकी पोशाक ने सभी का ध्यान खींचा। विधानसभा परिसर में प्रवेश करते ही उनकी अनोखी वेशभूषा चर्चा का विषय बन गई। सोनावणे ने तेंदुए की आवाज़ें निकालकर माहौल को और भी मनोरंजक बना दिया। उनके इस अंदाज़ को देखने वाले लोग हैरान होने के साथ मुस्कराए बिना नहीं रहे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह पूरा प्रदर्शन वन्यजीव संरक्षण और क्षेत्र में बढ़ती तेंदुआ समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना था। विधायक का कहना है कि स्थानीय लोगों को तेंदुओं से सुरक्षा और उचित मुआवजे की जरूरत है, जिसे लेकर वे लगातार सरकार से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। विधानसभा के बाहर उनका यह अनूठा विरोध दिनभर चर्चा का विषय बना रहा और सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हुआ।

## कर्नाटक सीएम ने अपनी हवाई यात्रा का दिया ब्यौरा, सरकार ने 47 करोड़ से ज्यादा किए खर्च

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के सीएम सिद्धरमैया की मई 2023 से नवंबर 2025 के बीच विशेष उड़ानों, विमानों और हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल करके की गई हवाई यात्रा पर राज्य सरकार ने 47 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए। वित्त मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे सिद्धरमैया ने विधान परिषद में बीजेपी के विधान परिषद सदस्य एन रवि कुमार के प्रश्न का लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने साफ किया कि विशेष उड़ानें, विमान और हेलीकॉप्टर केवल आधिकारिक दौरों के लिए ही इस्तेमाल किए जाते हैं। सीएम के मुताबिक कर्नाटक सार्वजनिक खरीद पारदर्शिता अधिनियम के तहत दी गई छूट राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य न्यायाधीश की आधिकारिक यात्रा के लिए विशेष विमानों और हेलीकॉप्टर के इस्तेमाल की अनुमति देती है। पिछले ढाई सालों में सिद्धरमैया ने मैसूरु की 22 बार हवाई यात्रा की है, जिसके लिए उन्होंने बेंगलुरु-मैसूरु मार्ग पर पांच करोड़ रुपए से ज्यादा का यात्रा व्यय किया। बेंगलुरु-मैसूरु सड़क मार्ग से यात्रा करने में करीब ढाई घंटे लगते हैं। उनकी अन्य यात्राओं में नई दिल्ली, हैदराबाद और चेन्नई का सफर शामिल थे।

## कफ सिरप मामला : ईडी ने आरोपी शुभम के यूपी, गुजरात, झारखंड के ठिकानों पर मारे छापे



लखनऊ (एजेंसी)। अवैध कफ सिरप मामले में ईडी की लखनऊ यूनिट टीम ने शुक्रवार सुबह गोरखधंधे के मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल से जुड़े यूपी, गुजरात और झारखंड के ठिकानों पर छापे मारे। अवैध कफ सिरप के व्यापार को लेकर पिछले दो महीनों में 30 से ज्यादा एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं, जिसके आधार पर ईडी ने कार्रवाई शुरू की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईडी की टीम ने यूपी के लखनऊ, सहारनपुर, वाराणसी और जौनपुर, झारखंड के रांची और गुजरात के अहमदाबाद में बनाए गए ठिकानों पर छापे मारे। अंदेशा है कि इन्हीं ठिकानों पर अवैध कफ सिरप का भंडारण किया गया और बिक्री के लिए आसपास के शहरों और कस्बों में सप्लाई की गई। बता दें कफ सिरप के सेवन से कई बच्चों की मौत होने की खबरों से मामला सुर्खियों में बना हुआ है। इस गोरखधंधे में शुभम जायसवाल मुख्य आरोपी है, जिसके सहयोगी आलोक सिंह और अमित सिंह रहे हैं। मामले में आलोक सिंह को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। बता दें पिछले दो महीनों में लखनऊ, वाराणसी, सोनभद्र, सहारनपुर और गाजियाबाद समेत कई जिलों में कोडीन फॉर्मूले से बनी कफ सीरप का अवैध भंडारण और खरीद-बिक्री की गई, जिससे हजारों करोड़ रुपए का अवैध व्यापार हुआ। वहीं, मामला उजागर होने पर मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल दुबई में जाकर छिप गया। हालांकि, उसके पिता भोला प्रसाद समेत 32 लोग मामले में गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इसके अलावा इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन भी किया गया है।

# 14 दिसंबर को मिलेगा यूपी बीजेपी को अपना नया अध्यक्ष, केशव प्रसाद मौर्य रेस में सबसे आगे



लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अपना नया प्रदेश अध्यक्ष 14 दिसंबर को मिलने वाला है। संगठन चुनाव प्रभारी डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम घोषित होने के बाद राजनीतिक हलकों में कयासों का दौर तेज हो चुका है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े भी लखनऊ पहुंचने वाले हैं, इसके बाद नामांकन और चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। पार्टी की नजर 2027 के विधानसभा चुनाव और 2029 के लोकसभा चुनाव पर है, इसके लिए देश के सबसे बड़े सूब यूपी का नया अध्यक्ष रणनीतिक चेहरा साबित हो सकता है।

2024 लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी से मिली हार के बाद भाजपा नेतृत्व संगठनात्मक बदलाव को लेकर बहुत ही गंभीर है। बताया जा रहा हैं कि बीजेपी इस बार ऐसा चेहरा सामने लाने वाली है, जो प्रदेश में जातीय समीकरणों को मजबूत कर सके। भाजपा के कई शीर्ष नेता स्पष्ट संकेत दे चुके हैं कि अध्यक्ष पद पर किसी गैर-ठाकुर और ओबीसी नेता को मौका मिल सकता है। जिससे सपा के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले को काउंटर कर सके। अध्यक्ष पद की रेस में कई बड़े नाम शामिल हैं। इसमें सबसे बड़ा नाम उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, जो ओबीसी कोइरी समुदाय के बड़े नेता हैं। 2017 में यूपी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के दौरान वे प्रदेश अध्यक्ष थे और उनके संगठनात्मक अनुभव को देखकर उनका नाम सबसे आगे है। इसके अलावा मोदी सरकार में राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी प्रमुख दावेदार हैं। कुर्मी समुदाय के प्रभावशाली नेता होने के साथ उनकी साफ छवि और केंद्रीय नेतृत्व से निकटता उनके पक्ष में जाती है।

इसके अलावा योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी दौड़ में मजबूत चेहरा हैं, जिन्होंने पहले भी सफलतापूर्वक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाई है। वहीं लोधी समुदाय को साधने के लिए केंद्र सरकार में मंत्री बीएल वर्मा और यूपी कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह के नाम पर भी मजबूत चर्चा है। दोनों नेताओं का प्रभाव पश्चिमी और मध्य यूपी में अच्छा माना जाता है।

इस बीच केंद्र सरकार में राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति भी संभावित नामों में शामिल हैं। निषाद समुदाय की नेता होने के साथ वे महिला और ओबीसी–दोनों श्रेणियों में भाजपा के लिए महत्वपूर्ण संदेश दे सकती हैं। यदि पार्टी अपना अध्यक्ष ओबीसी समुदाय से न चुनने का फैसला करती है, तब ब्राह्मण नेताओं बृजेश पाठक और दिनेश शर्मा के विकल्प भी खुले हैं, हालांकि राजनीतिक विश्लेषक इस बात की संभावना कम मनाते हैं। अब सभी की निगाहें 14 दिसंबर पर टिकी हैं, जब भाजपा यह घोषणा करेगी कि उत्तर प्रदेश में उसे अगला अध्यक्ष कौन मिलेगा, और आने वाले चुनावों के लिए भाजपा किस दिशा में आगे बढ़ेगी।

## इसरो का बाहुबली रॉकेट अमेरिका के कमर्शियल सैटेलाइट को अंतरिक्ष में ले जाएगा

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने अपने दशकों के इतिहास में कई ऐसी लॉन्चिंग की हैं, जिनकी मिसाल पूरी दुनिया में दी जाती है। अब इसरो एक और बड़ा काम करने जा रहा है। इसरो का बाहुबली रॉकेट अमेरिकी मोबाइल कंपनी की 6500 किलो वजनी कमर्शियल सैटेलाइट को अंतरिक्ष तक ले जाएगा। जिसका काउंटडाउन शुरू हो चुका है। भारत और अमेरिका के बीच स्पेस सहयोग को नई मजबूती मिलने जा रही है। इसरो 15 दिसंबर को अपना सबसे ताकतवर रॉकेट एलवीएम 3 (जिसे 'बाहुबली' भी कहा जाता है) के जरिए अमेरिका का 6.5 टन वजनी कम्युनिकेशन सैटलाइट ब्लूबर्ड-6 अंतरिक्ष में भेजेगा। यह लांच श्रीहरिकोटा से होगा। एलवीएम 3 की क्षमता काफी ज्यादा पेलोड ले जाने की है। एलवीएम3 एक तीन-स्टेज भारी रॉकेट है। यह 8,000 किलो तक का पेलोड लो-अर्थ ऑर्बिट में और 4,000 किलो तक का पेलोड जीटीओ में ले जा सकता है। यह वही रॉकेट है जिसने 2 नवंबर को भारत के सबसे भारी 4.4 टन वजनी सीएमएस-3 सैटलाइट को सफलतापूर्वक लांच किया। टेक्सास की कंपनी एटीएस स्पेसमोबाइल का सैटलाइट ब्लूबर्ड-6 अमेरिकी कंपनी एटीएस स्पेसमोबाइल का अगली पीढ़ी का सैटलाइट है। कंपनी का कहना है कि यह उनका पहला नेक्स्ट-जेन ब्लूबर्ड सैटलाइट होगा, जिसमें लगभग 2,400 स्क्वायर फुट का बड़ा ऐंटिना लगा है। यह ब्लूबर्ड-1 से 5 की तुलना में 3.5 गुना बड़ा है और 10 गुना ज्यादा डेटा क्षमता रखता है। इस सैटेलाइट को लांच करने का उद्देश ?य दूर-दराज़ इलाकों में सीधे फोन पर इंटरनेट मुहैया कराना है। ब्लूबर्ड-6 'ब्लॉक-2' सीरीज का हिस्सा है। कंपनी 2026 तक कई और सैटलाइट भेजकर ऐसी सेवा शुरू करना चाहती है, जिससे नेटवर्क न होने वाले दूरस्थ इलाकों में भी सीधे मोबाइल फोन पर हाई-स्पीड इंटरनेट मिल सके। हर ब्लूबर्ड सैटलाइट 10,000 एमएचजेड तक बैंडविड्थ देने में सक्षम है और मोबाइल नेटवर्क कंपनियों के साथ मिलकर उनके लाइसेंस्ड स्पेक्ट्रम का उपयोग करते हुए सेवा उपलब्ध कराता है।

## लूथरा बंधुओं को भारत पहुंचते ही पीट-पीटकर मार डालने का डर... जमानत याचिका में लगाई गुहार



पणजी (एजेंसी)। गोवा में रोमियो लेन चेन क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत। इस मामले में क्लब के मालिक गौरव लूथरा (44) और सौरभ लूथरा को आरोपी बनाया गया है। इसके बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे। वहां रहते हुए उन्होंने जमानत याचिका दायर की। याचिका में दोनों भाइयों को डर है कि भारत लाए जाने पर गोवा में उन्हें पीट-पीटकर मार डाला जाएगा (लिंचिंग)। उन्होंने अपनी जमानत याचिका में यह डर ज़ाहिर किया। दोनों भाई को उनका पासपोर्ट रद्द किए जाने के बाद उन्हें थाइलैंड में हिरासत में ले लिया गया है और उन्हें भारत लाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। दोनों भाइयों ने भारत लाए जाने से पहले दिल्ली के रोहिणी कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। अडिशनल सेशंस जज वंदना ने याचिका खारिज कर दी, यह कहते हुए कि प्राथमिक दृष्ट्या अपराध की प्रकृति गंभीर है।

वकीलों की दलीलः उन्होंने चार सप्ताह की ट्रांजिट अग्रिम जमानत मांगी। दलील दी कि उनकी सुरक्षा को खतरा है और गोवा में उनकी लिंचिंग हो सकती है। उन्होंने अपनी अन्य प्रॉपर्टीज पर हुए बुलडोजर एक्शन का भी जिक्र किया। कहा कि वे जांच में शामिल होंगे और उन्हें सताया नहीं जाना चाहिए।

कोर्ट की टिप्पणी: जज ने पाया कि लूथरा भाइयों ने तथ्य को छिपाया। उन्होंने कहा था कि वे आग लगने से पहले ही थाइलैंड गए थे, लेकिन दस्तावेजों से पता चला कि उन्होंने आग लगने की जानकारी मिलने के बाद ही टिकट बुक की और देश से बाहर निकल गए। अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि लाइसेंस अग्रीमेंट, ट्रेड लाइसेंस और लीज डीड पहले ही एक्सपायर हो चुकी थी।

# सीएम शर्मा ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड... संकल्प-पत्र के 70 प्रतिशत काम 2 साल में पूरे किए



जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान में भजनलाल शर्मा सरकार के दो साल पूरे होने के मौके पर सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम लोगों ने केवल कहा नहीं, बल्कि करके दिखाया है, यह आंकड़ें इस बात का जीता जगाता सबूत है। हमारी सरकार ने संकल्प-पत्र में कुल 392 संकल्प लिए गए थे, जिसमें से 274 संकल्प या पूरे कर दिए गए हैं या प्रगति पर है। हमारी सरकार ने जो काम 5 साल में पूरे करने का वादा किया था। उसमें से 70 प्रतिशत काम 2 साल में पूरे कर दिए गए है।

सीएम शर्मा ने कहा कि पिछली कांग्रेस की गहलोत सरकार ने पाइपलाइन से लेकर टेंडर तक के स्तर पर भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी होती थी। मैंने सत्ता में आते ही कहा था कि मछलियां ही नहीं, बड़े मगरमच्छ भी पकड़े जाएंगे। पकड़े भी गए हैं, जेल भी गए। आगे भी किसी को छोड़ने वाले नहीं है।

ओटीएस परिसर के नेहरू भवन में सीएम शर्मा ने सरकार की उपलब्धियां की बुक का विमोचन किया। इस मौके पर डिप्टी सीएम दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, सीएस वी श्रीनिवास और डीजीपी राजीव शर्मा भी रहे मौजूद हैं।

सीएम शर्मा ने कहा कि आज मुझे विधायक दल का नेता चुनने के दो साल पूरे हो चुके है। आज नवाचार दिवस भी हैं। सभी में नवाचार की गुंजाइश रहती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हर साल जनता को अपने काम पर लेकर जोखा देना चाहिए। एक साल पूरा होने पर भी मेरी सरकार ने जनता के सामने अपने काम का लेखा-जोखा रखा था। आज भी 2 साल के रूप में जो काम किया है, उन्हें जनता के बीच में लेकर जा रहे है। मीडिया के माध्यम से भी हम राजस्थान की जनता को उन कार्यों के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

सीएम शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के शासनकाल के समय में क़ानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ गई थी । यह किसी से छुपा नहीं है। महिलाओं के साथ बर्बरता हुई। इन्हीं के एक मंत्री ने विधानसभा में कहा कि राजस्थान मर्दों का प्रदेश है इन्हें शर्म नहीं आई, इन्हें बहन बेटियों का दर्द नहीं दिखा। हमारी सरकार ने 2 साल में कानून का राज स्थापित किया है। महिलाओं का सम्मान लौटाया। अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है और कांग्रेस काल में जो अराजकता का दौर फैला उस दौर को हमारी सरकार ने ख़त्म किया है।

## बंगाल में चुनाव की तैयारियों को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी की महत्वपूर्ण बैंठक

कोलकाता (एजेंसी)। निर्वाचन आयोग ने कोलकाता में मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय में राज्य और केंद्र की 25 एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठक की, ताकि चुनाव पूर्व तैयारियों का आकलन हो सके और आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले जमीनी स्थिति की समीक्षा की जा सके। बैठक को लेकर एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बैठक में राज्य और केंद्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जिसमें पुलिस महानिदेशक, कोलकाता पुलिस आयुक्त और बीएसएफ, एसएसबी, सीआईएसएफ और आरपीएफ के शीर्ष अधिकारी शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय के कोलकाता जोन के विशेष निदेशक भी बैठक में उपस्थित थे। उन्होंने कहा, बैठक मुख्य रूप से चुनाव पूर्व तैयारियों का आकलन करने के लिए बुलाई गई थी।

## सीएम ममता बनर्जी ने नहीं भरा एसआईआर फॉर्म, बोलीं- इससे बेहतर है जमीन पर नाक रगड़ना



कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। चुनावों से पहले मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर बंगाल की राजनीति अपने चरम पर है। इसी बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ा बयान देते हुए खुलासा किया कि उन्होंने अब तक एसआईआर फॉर्म नहीं भरा है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी नागरिकता साबित करने की जरूरत नहीं है और ऐसा करना अपमानजनक है। बनर्जी ने कहा, मैंने अभी तक फॉर्म फिलअप नहीं किया है। क्यों करूं? मैं तीन बार की केंद्रीय मंत्री रही हूं, सात बार सांसद रही हूं और आपके आशीर्वाद से तीन बार मुख्यमंत्री बनी हूं। अब मुझे प्रमाणित करना होगा कि मैं नागरिक हूं या नहीं। इससे तो जमीन पर नाक रगड़ना बेहतर है।

इससे पहले नादिया जिले के कृष्णनगर में रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने तीखे शब्दों में आरोप लगाया कि भाजपा और केंद्र सरकार बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, अमित शाह सीधे तौर पर मतदाताओं की सूची से 1.5 करोड़ नाम हटाने की कोशिशों को गाइड कर रहे हैं। अगर एसआईआर प्रक्रिया के दौरान एक भी योग्य मतदाता को बाहर किया गया तो वह अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने उन रिपोर्टों का हवाला दिया कि जिन लोगों ने अपने दस्तावेज़ों के हिस्से के रूप में दादा-दादी के नाम जमा किए थे, उन्हें सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा और उनके नाम रोल से हटाए जाने का खतरा होगा। उन्होंने कहा, अब हम सुनते हैं कि जिन्होंने अपने दादा-दादी के नाम दिए हैं, उन्हें बुलाया जाएगा और योजना है कि इन सुनवाइयों से सीधे नाम हटा दिए जाएं। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री सहित संवैधानिक पदाधिकारियों को 'मार्क्ड इलेक्टर' श्रेणी में रखा जाता है, इसलिए उन्हें सामान्य नागरिकों की तरह फॉर्म भरने की बाध्यता नहीं है। इस श्रेणी में प्रधानमंत्री, सभी मुख्यमंत्री और अन्य संवैधानिक पद धारक शामिल हैं और कानूनी तौर पर उन्हें जनगणना फॉर्म जमा करने की आवश्यकता नहीं है। बंगाल में एसआईआर का पहला चरण आज गुरुवार को खत्म हो रहा है, जिसमें ड्राफ्ट रोल 16 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे और सुनवाई और सत्यापन दिसंबर और जनवरी के मध्य तक जारी रहेंगे। अंतिम मतदाता सूची फरवरी के मध्य में प्रकाशित होने वाली है।

## अनुराग ठाकुर की सियासी टिप्पणी से, राजनैतिक चर्चा तेज... अगला रात्रिभोज पीएम मोदी कब देने वाले



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने आधिकारिक आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर आयोजित विशेष रात्रिभोज ने सियासी गलियारों में नई चर्चा को जन्म दिया है। इस डिनर में भाजपा और एनडीए के सभी सांसद शामिल हुए। भाजपा नेता गुरु प्रकाश पासवान ने बताया कि रात्रिभोज का उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ संवाद था। उनका कहना था कि प्रधानमंत्री मोदी संवाद-प्रधान नेतृत्व में विश्वास करते हैं और इसी भावना को मजबूत करने के लिए सांसदों को एक साथ बुलाया गया।

लेकिन डिनर में शामिल वरिष्ठ भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने एक संकेतात्मक टिप्पणी की, जिससे राजनीतिक हलचल और बढ़ गई। ठाकुर ने कहा, ÷बिहार में बंपर जीत के बाद हमें पीएम मोदी ने डिनर पर बुलाया था। अब अगला भोज बंगाल जीत के बाद दिया जाएगा। उनकी यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल में आगामी चुनावी तैयारी और भाजपा की रणनीति से जुड़ी मानी जा रही है।

बात दें कि रात्रिभोज के दौरान प्रधानमंत्री मोदी स्वयं अधिकांश टेबलों तक जाकर सांसदों से भोजन का आग्रह करते दिखाई दिए। मेहमाननवाजी का यह अंदाज सभी सांसदों को प्रभावित कर गया। कुल 50 से अधिक टेबलें लगाई गई थीं, जिन पर 7-8 सांसद बैठे। खास बात यह रही कि हर टेबल पर भाजपा सांसदों के साथ किसी न किसी सहयोगी दल का सांसद जरूर मौजूद रहा, ताकि एनडीए में बेहतर समन्वय और संवाद स्थापित हो सके।

सूत्रों के अनुसार जिस टेबल पर प्रधानमंत्री मोदी बैठे थे, वहां पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा भी मौजूद थे। दो घंटे तक चले डिनर में सांसदों ने विभिन्न राष्ट्रीय और राजनीतिक मुद्दों पर अनौपचारिक बातचीत की। उल्लेखनीय है कि पूरे कार्यक्रम में कोई औपचारिक भाषण नहीं हुआ–प्रधानमंत्री ने केवल संवाद और समन्वय पर जोर दिया। इससे संदेश गया कि एनडीए गठबंधन आगे और मजबूत होकर काम करेगा।

वहीं डिनर में पूरे भारत के स्वाद का समावेश था। खाने के मेन्यू में कश्मीर का कहवा, बंगाल का रसगुल्ला, पंजाब की मिस्सी रोटी, गोंगुरा पनीर, खुबानी मलाई कोफ्ता, कोथिंबीर वड़ी, सब्ज बादाम शोरबा, काकुम-मटर-अखरोट की शम्मी जैसी विशेष डिशेज शामिल थीं। विभिन्न राज्यों के व्यंजनों के सम्मिलन ने कार्यक्रम को सांस्कृतिक रूप से भी खास बना दिया।

# पर्यटन से पैसा कमाने का मौका दे रही केंद्र सरकार... होमस्टे के लिए बिना किसी गारंटी के मुद्रा ऋण

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत सरकार ने 2025-26 के बजट घोषणापत्र में होमस्टे के लिए मुद्रा ऋण के रूप में बिना किसी गारंटी के संस्थागत ऋण देने का ऐलान किया है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे देश में होमस्टे की स्थापना में सहायता और प्रोत्साहन हो सके। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राज्यसभा में लिखित प्रश्न के उत्तर में इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पर्यटन मंत्रालय ने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान (पीएमजेयूजीए) के अंतर्गत 'आदिवासी क्षेत्रों में होमस्टे का विकास' (स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना) के लिए दिशानिर्देश तैयार किए हैं। केंद्र सरकार की इस योजना का उद्देश्य आदिवासी क्षेत्रों में होमस्टे तैयार करना है, ताकि जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके, आदिवासी समुदायों के लिए आजीविका के मौके बढ़ाए जा सकें और हितधारकों को आदिवासी गांवों में टिकाऊ पर्यटन प्रणालियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

इस योजना के तहत ग्राम समुदाय की आवश्यकताओं के लिए 5 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता, प्रत्येक परिवार के लिए दो नए कमरों के निर्माण में मदद हेतु 5 लाख तक की सहायता और प्रत्येक परिवार के मौजूदा कमरों के नवीनीकरण के लिए 3 लाख रुपये तक की सहायता दी जाती है।

बता दें, पर्यटन मंत्रालय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन सहित देश के विविध पर्यटन उत्पादों को समग्र रूप से बढ़ावा देता है। यह प्रचार यात्रा कार्यक्रमों और प्रदर्शनियों के आयोजन और उनमें भागीदारी के माध्यम से, राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश सरकारों को मेलों और उत्सवों के आयोजन में सहायता प्रदान करके, आतिथ्य कार्यक्रम के तहत प्रभावशाली व्यक्तियों, पर्यटन संचालकों, पत्रकारों और विचारकों को देश का दौरा करने के लिए आमंत्रित करके, राज्य सरकारों और विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों के सहयोग से वेबसाइट और सोशल मीडिया प्रचार के माध्यम से प्रचार के विभिन्न क्रियाकलापों द्वारा किया जाता है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**